राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र गाजियाबाद, दिल्ली, गौतमबुद्धनगर, बुलन्दशहर, अलीगढ़, मेरठ, शामली, मुजफ्फरनगर, हापुड़, अमरोहा, मुरादाबाद, सम्भल, रामपुर, बरेली व लखनऊ आदि जनपदों में प्रसारित

केन्द्र सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त

दैनिक हिन्दी समाचार पत्र

# बुलन्द संदेश

R.N.I No.UPHIN /2013/57267

आपकी आवाज को करें बुलन्द...



11 शरवरी बोलीं, हर एक्टर का सपना ...



टी20 वर्ल्ड कप हार के... 12

गाजियाबाद, बुधवार 01 जुलाई 2026 | Email: BulandSandesh@gmail.Com | वर्षः 13 अंकः 114, मूल्यः 2 रुपये, पृष्ठ -12

# जनरल धीरज सेठ बने भारतीय सेना के नए सेना प्रमुख

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** जनरल धीरज सेठ भारतीय सेना के नए सेना प्रमुख बन गए हैं। इससे पहले वह सेना के उप प्रमुख के रूप में कार्यरत थे। उन्होंने 30 जून, 2026 को सेना प्रमुख का कार्यभार संभाला है। उन्होंने सेना में रेगिस्तानी क्षेत्र से लेकर जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद-विरोधी अभियानों में महत्वपूर्ण भूमिकाएं निभाई हैं।

जनरल धीरज सेठ के सेनाध्यक्ष बनने के साथ ही निवर्तमान सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी, पीवीएसएम, एवीएसएम आज ही सेवा से सेवानिवृत्त हो गए हैं। इस अवसर पर मंगलवार को उन्हें नई दिल्ली स्थित साउथ ब्लॉक लॉन्स में सेना द्वारा औपचारिक गार्ड ऑफ ऑनर प्रदान किया गया। इससे पहले सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने नेशनल वॉर मेमोरियल पर पुष्पांजलि अर्पित की।

जनरल धीरज सेठ राष्ट्रीय रक्षा अकादमी, खड़कवासला के पूर्व छात्र हैं। दिसंबर 1986 में उन्होंने भारतीय सेना की बख्तरबंद कोर में कमीशन प्राप्त किया था। अपने चार दशकों के शानदार सैन्य करियर के दौरान, उन्होंने ऑपरेशनल, रणनीतिक, क्षमता विकास और संस्थागत क्षेत्रों में व्यापक अनुभव प्राप्त किया है। उनके इस अनुभव ने भारतीय सेना की युद्ध क्षमता और दीर्घकालिक परिवर्तन में महत्वपूर्ण योगदान



दिया है। इसके अलावा जनरल सेठ कई महत्वपूर्ण सैन्य अभियानों में विभिन्न स्तर पर कमान संभाल चुके हैं। उनके कमांड असाइनमेंट में रेगिस्तानी क्षेत्र में एक बख्तरबंद रेजिमेंट, पश्चिमी मोर्चे पर एक बख्तरबंद ब्रिगेड और जम्मू-कश्मीर में एक आतंकवाद-विरोधी बल शामिल हैं।

जनरल धीरज सेठ ने लेफ्टिनेंट जनरल के रहते हुए सुदर्शन चक्र कोर की कमान संभाली। गौरतलब है कि सुदर्शन चक्र कोर, भारतीय सेना की एक प्रमुख स्ट्राइक फॉर्मेशन है। उन्होंने दिल्ली क्षेत्र के जनरल ऑफिसर कमांडिंग के रूप में कार्य किया है। यहां तैनाती के दौरान उन्होंने महत्वपूर्ण राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय सैन्य अभियानों और औपचारिक जिम्मेदारियों की देखरेख की। जनरल धीरज सेठ ने सेना कमांडर के पद पर पदोन्नत होने पर, दक्षिण पश्चिमी कमान और सेना की दक्षिणी कमान की जिम्मेदारी संभाली।

> **जनरल धीरज सेठ के सेनाध्यक्ष बनने के साथ ही निवर्तमान सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी, पीवीएसएम, एवीएसएम आज ही सेवा से सेवानिवृत्त हो गए हैं**

जनरल सेठ को दो परिचालन सैन्य कमानों की कमान संभालने और ढाई वर्षों से अधिक समय तक महत्वपूर्ण मोर्चों पर रणनीतिक पर्यवेक्षण प्रदान करने का दुर्लभ गौरव प्राप्त है। उन्होंने कई महत्वपूर्ण स्टाफ और रणनीतिक पदों पर भी कार्य किया है। उनकी इन नियुक्तियों काम परिचालन योजना, बल प्रबंधन और क्षमता विकास पर महत्वपूर्ण सकारात्मक प्रभाव पड़ा। सेना के आधुनिकीकरण में भी उनका योगदान महत्वपूर्ण रहा है।

जनरल सेठ सेना मुख्यालय के रणनीतिक योजना और क्षमता विकास विभागों में महत्वपूर्ण पदों पर कार्य किया है। इससे सेना को आधुनिकीकरण की दिशा को मजबूती मिली। वहीं क्षमता रोडमैप और दीर्घकालिक सैन्य संरचना संबंधी पहलों को आकार देने में भी उनकी अहम भूमिका रही। जनरल सेठ ने युद्ध क्षेत्र की उभरती टेक्नोलॉजी और भविष्य के युद्धक्षेत्र की अनिवार्यताओं के साथ ऑपरेशनल आवश्यकताओं को संरेखित करने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है।

रक्षा मंत्रालय का कहना है कि जनरल धीरज सेठ एक कुशल सैन्य पेशेवर हैं। उन्होंने पेशेवर सैन्य शिक्षा में निरंतर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। वह प्रशिक्षण पाठ्यक्रमों में भी शीर्ष स्थान प्राप्त करते रहे हैं। जनरल धीरज सेठ उच्च कमान पाठ्यक्रम और राष्ट्रीय रक्षा महाविद्यालय के स्नातक हैं। इसके अलावा उन्होंने पेरिस में आयोजित प्रतिष्ठित कमांड एंड स्टाफ कोर्स में भी भाग लिया हैं। उनकी यह भागीदारी समकालीन सैन्य मामलों के प्रति उनके व्यापक रणनीतिक दृष्टिकोण और समझ को दशार्ती है।

## न्यूज डायरी

### पुलिस को बड़ी सफलता, 20 करोड़ रुपये की हेरोइन के साथ अंतर-जिला ड्रग तस्कर गिरफ्तार

**अनंतनाग (आरएनएस)।** जम्मू-कश्मीर में अनंतनाग पुलिस ने एक अंतर-जिला ड्रग तस्कर को गिरफ्तार करते हुए उसके कब्जे से कुल 2.613 किलोग्राम हेरोइन (ब्राउन शुगर) बरामद की है। बरामद मादक पदार्थ की अंतरराष्ट्रीय बाजार में अनुमानित कीमत लगभग 20 करोड़ रुपये बताई जा रही है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर विस्तृत जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार, यह कार्रवाई हल्मुल्ला क्षेत्र में नियमित नाका चेकिंग के दौरान की गई। जांच के दौरान पुलिस टीम ने संदिग्ध गतिविधि के आधार पर जेके 09 बी 2808 नंबर की एक इग्निस कार



को रोका। वाहन की तलाशी लेने पर उसमें छिपाकर रखे गए हेरोइन (ब्राउन शुगर) के चार पैकेट बरामद हुए। इसके बाद मौके पर ही चालक को हिरासत में ले लिया गया। गिरफ्तार आरोपी की पहचान इश्तियाक अहमद मोगल के रूप में हुई है, जो प्राडा, तंगदार का निवासी है। वह अब्दुल रशीद मोगल का पुत्र बताया गया है। प्रारंभिक बरामदगी के बाद पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत एफआईआर दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू की।

जांच के दौरान पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट की धारा 50 के तहत आरोपी को नोटिस देकर निर्धारित कानूनी प्रक्रिया का पालन किया। इसके बाद ली गई उसकी व्यक्तिगत तलाशी में हेरोइन (ब्राउन शुगर) का एक और पैकेट बरामद हुआ। इस अतिरिक्त बरामदगी के बाद जब्त हेरोइन की कुल मात्रा 2.613 किलोग्राम हो गई। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि आरोपी से पूछताछ की जा रही है और इस तस्करी नेटवर्क से जुड़े सभी लोगों की पहचान करने का प्रयास किया जा रहा है। जांच का मुख्य उद्देश्य नशीले पदार्थ की सप्लाई चेन, इसके स्त्रोत, वित्तीय लेन-देन और इसे किस स्थान तक पहुंचाया जाना था, इसका पता लगाना है। पुलिस इस मामले में पीछे और आगे दोनों तरह के नेटवर्क की कड़ियों को खंगाल रही है। अनंतनाग पुलिस ने स्पष्ट किया है कि जिले में मादक पदार्थों की तस्करी और अवैध कारोबार में शामिल लोगों के खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई जारी रहेगी। पुलिस ने आम नागरिकों से भी अपील की है कि यदि उन्हें नशीले पदार्थों की खरीद-फरोख्त या तस्करी से संबंधित कोई विश्वसनीय जानकारी मिले तो तत्काल पुलिस को सूचित करें, ताकि समाज को नशे के खतरे से सुरक्षित रखने के अभियान को और अधिक प्रभावी बनाया जा सके।

### हल्दिया रिफाइनरी में बड़ा हादसा : नैफ्था पाइपलाइन में लगी भीषण आग, 15 कर्मचारी झुलसे

**कोलकाता (आरएनएस)।** पश्चिम बंगाल के हल्दिया स्थित रिफाइनरी में मंगलवार तड़के एक बड़ा हादसा हो गया। सुबह करीब 4:00 से 4:30 बजे के बीच नैफ्था ले जाने वाली पाइपलाइन में अचानक आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया, जिससे रिफाइनरी परिसर में अफरा-तफरी मच गई। घटना की सूचना मिलते ही रिफाइनरी प्रबंधन, स्थानीय प्रशासन और



दमकल विभाग की टीमें मौके पर पहुंच गईं। राहत एवं बचाव कार्य शुरू करते हुए घायलों को तत्काल हल्दिया सब-डिविजनल अस्पताल पहुंचाया गया। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, इस हादसे में कम से कम 15 कर्मचारी झुलस गए हैं, जिनमें कुछ की हालत गंभीर बताई जा रही है। दमकल की कई गाड़ियां आग पर काबू पाने में जुटी हैं। फिलहाल आग लगने के कारणों का पता नहीं चल सका है। अधिकारियों ने मामले की जांच शुरू कर दी है और विस्तृत जानकारी का इंतजार किया जा रहा है।

**क्या होता है नैफ्था?**

नैफ्था कच्चे तेल के शोधन (रिफाइनिंग) के दौरान प्राप्त होने वाला अत्यधिक वाष्पशील और ज्वलनशील हाइड्रोकार्बन तरल है। कच्चे तेल को गर्म करने पर पेट्रोल से पहले नैफ्था अलग होता है।

# जेल की सलाखों के पीछे ही रहेगा आसाराम, सुप्रीम कोर्ट ने अंतरिम जमानत देने से किया साफ इनकार

> **अदालत ने यह स्पष्ट कर दिया है कि जेल में आसाराम का मेडिकल इलाज लगातार चलता रहेगा**

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** नाबालिग से रेप मामले में उम्रकैद की सजा काट रहे आसाराम को सुप्रीम कोर्ट से बहुत बड़ा झटका लगा है। राजस्थान हाईकोर्ट के फैसले के खिलाफ शीर्ष अदालत पहुंचे आसाराम को फिलहाल मेडिकल ग्राउंड पर भी अंतरिम जमानत देने से साफ इनकार कर दिया गया है। सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट किया है कि वह इस मामले में अभी कोई अंतरिम जमानत नहीं देंगे, जिससे आसाराम की जेल से बाहर आने की उम्मीदों पर फिलहाल पानी फिर गया है।

**सरकार को नोटिस, प्रभावशाली हैसियत पर कोर्ट की सख्त टिप्पणी**

सुप्रीम कोर्ट ने आसाराम की याचिका पर राजस्थान सरकार को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। सुनवाई के दौरान शीर्ष अदालत ने सख्त रुख अपनाते हुए कहा कि आसाराम एक बेहद प्रभावशाली हैसियत रखते हैं, इसलिए जमानत पर



विचार करने से पहले राज्य सरकार का पक्ष सुनना जरूरी है। कोर्ट ने कहा कि जब जीवन खतरे में हो, तभी हम राज्य को सुनने के बाद जमानत पर विचार करेंगे। सुनवाई के दौरान आसाराम के वकील ने दलील दी कि उनके मुवक्किल 90 साल के हो चुके हैं और कोर्ट से ज्यादा सोशल मीडिया ने उन्हें दोषी बना दिया है। इस दलील पर सुप्रीम कोर्ट ने पलटवार करते हुए उनके रसूख और प्रभाव की याद दिलाई।

**इलाज जारी रहेगा, छुट्टियों के बाद होगी मामले की अगली सुनवाई**

अदालत ने यह स्पष्ट कर दिया है कि जेल में आसाराम का मेडिकल इलाज लगातार चलता रहेगा। अब शीर्ष अदालत अपनी छुट्टियों के बाद ही इस मामले की अगली सुनवाई करेगी। हालांकि, सुप्रीम कोर्ट ने यह भी कहा है कि अगर इस बीच आसाराम की मेडिकल कंडीशन ज्यादा खराब होती है, तो उनके वकीलों की तरफ से अंतरिम जमानत की अर्जी पर जल्द सुनवाई की मांग की जा सकती है। फिलहाल, कोर्ट उम्रकैद की सजा के खिलाफ दायर आसाराम की मुख्य याचिका पर भी आगे सुनवाई करेगा।

**क्या है पूरा मामला और हाईकोर्ट का फैसला?**

आपको बता दें कि साल 2013 में दो नाबालिगों के साथ रेप के हाई-प्रोफाइल मामले में आसाराम को दोषी ठहराया गया था। इसी साल मई के महीने में राजस्थान हाईकोर्ट ने अपना फैसला सुनाते हुए सह-आरोपियों को बरी कर दिया था।





रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, केंद्रीय मंत्री राजीव रंजन सिंह और गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल के साथ वडोदरा, गुजरात में सेंट्रल गुजरात के लिए चौथे वाइब्रेंट गुजरात रीजनल कॉन्फ्रेंस के समापन सत्र के दौरान।

# राम मंदिर चढ़ावा चोरी मामले का राजनीतिकरण करना ठीक नहीं : मायावती

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** बहुजन समाज पार्टी की प्रमुख मायावती ने भी राम मंदिर में हुए चंदा चोरी पर जिंता जताई है। इसके साथ ही इस मामले पर राजनीति नहीं करने की भी अपील की है। मायावती ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, "अयोध्या में श्रीराम मन्दिर से चढ़ावे की हुई चोरी, गबन व हेराफेरी आदि करने की मीडिया में आए दिन किस्म-किस्म की आ रही खबरें अति-गम्भीर व चिंतनीय हैं। ऐसे लोगों को कतई बक्शा नहीं जाना चाहिए, लेकिन इस मामले का राजनीतिकरण करना भी ठीक नहीं है।

साथ ही, अब यहां मंदिर में चढ़ावे को लेकर आगे कोई भी शिकायत न आये, इसके लिए देश के दूसरे विख्यात व प्रसिद्ध मंदिरों में चढ़ावे के हिसाब-किताब के लिए जो व्यवस्था है, उनका यहां अयोध्या में भी अनुसरण करके इस मामले को



जल्द ही सुलझाना चाहिए।" बसपा प्रमुख मायावती ने कहा, "इतना ही नहीं देश में राजनीति का अपराधीकरण व अपराध का राजनीतिकरण तथा धर्म का राजनीतिकरण एवं राजनीति का अंध धर्मीकरण ना किया जाये तो यह सही व संवैधानिक होगा। बसपा की राजनीतिक पार्टियों को देश व जनहित में यही सलाह है और देशवासियों से भी अपील है कि इस मामले के राजनीतिकरण पर ध्यान न दें।"

# केतन हत्याकांड में नया मोड़ : सिया के वकील ने भाई साहिल को भेजा 10 करोड़ का नोटिस

**पुणे/नई दिल्ली (आरएनएस)।** पुणे के कारोबारी केतन अग्रवाल हत्याकांड में आरोपी सिया गोयल और चेतन चौधरी को अदालत ने दूसरी बार 3 जुलाई तक पुलिस हिरासत में भेज दिया है। सुनवाई के दौरान वडगांव मावल कोर्ट में सिया गोयल के वकील को

**आखिर क्या है पूरा विवाद?**

लेकर नया विवाद सामने आया। अदालत में सिया गोयल ने कहा कि उनके वकील एडवोकेट आशुतोष श्रीवास्तव नहीं, बल्कि एडवोकेट विपुल दुशिंग हैं। इससे एक दिन पहले साहिल गोयल ने मीडिया से बातचीत में दावा किया था कि उन्होंने एडवोकेट आशुतोष श्रीवास्तव को कभी नियुक्त नहीं किया। साहिल के मुताबिक, आशुतोष श्रीवास्तव ने इस मामले में उनसे कभी बातचीत नहीं की। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि जब उन्होंने इस बारे में आपत्ति जताई तो उन्हें जान से मारने की धमकी दी गई। साहिल ने कहा कि उन्होंने एडवोकेट विपुल दुशिंग को अपना वकील नियुक्त किया है और इस संबंध में अदालत में हलफनामा भी दाखिल किया गया है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि सिया गोयल से लॉकअप में हस्ताक्षर कराए गए। इन आरोपों के बाद एडवोकेट आशुतोष श्रीवास्तव ने साहिल गोयल को



10 करोड़ रुपये का मानहानि का कानूनी नोटिस भेजा है। नोटिस में कहा गया है कि साहिल गोयल ने उनके खिलाफ झूठे, बेबुनियाद और मानहानिकारक आरोप लगाए हैं, जिससे उनकी पेशेवर प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचा है। नोटिस में आरोप वापस लेने, सार्वजनिक रूप से माफी मांगने और भविष्य में ऐसे आरोप दोबारा न लगाने का लिखित आश्वासन देने की मांग की गई है। हालांकि, नोटिस में लगाए गए आरोप एडवोकेट आशुतोष श्रीवास्तव के दावे हैं। इस कानूनी नोटिस पर साहिल गोयल की ओर से फिलहाल कोई सार्वजनिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है।

वहीं, एडवोकेट आशुतोष श्रीवास्तव ने कहा, "हमारी टीम सिया गोयल से मिली थी। उन्हें कानूनी सहायता की आवश्यकता थी, इसलिए उन्होंने हमारे पक्ष में वकालतनामे पर हस्ताक्षर किए। सिया गोयल बालिग हैं और अपने फैसले स्वयं लेने में सक्षम हैं। साहिल गोयल का यह कहना गलत है कि हमने उनसे बात नहीं की। हमने सीधे सिया गोयल से बातचीत की थी। उन्होंने मुंबई हाई कोर्ट तक हमारे पक्ष में वकालतनामा दिया है, जिस पर उनके हस्ताक्षर मौजूद हैं।" अब इस पूरे विवाद में साहिल गोयल की ओर से कानूनी नोटिस का क्या जवाब दिया जाता है, इस पर सभी की नजरें टिकी हैं।

**पूछताछ** | रिपोर्ट्स के अनुसार, पुलिस चंपत राय, गोपाल राव और अनिल मिश्रा समेत ट्रस्ट के कई सदस्यों की वित्तीय जानकारी जुटा रही है

# राम मंदिर चढ़ावा चोरी मामले में चंपत राय से 3 घंटे पूछताछ, पुलिस के कई सवालों का नहीं दे पाए जवाब

**अयोध्या (आरएनएस)।** राम मंदिर चढ़ावा चोरी मामले की जांच तेज हो गई है। इसी क्रम में पुलिस ने राम मंदिर ट्रस्ट के महासचिव रहे चंपत राय से करीब तीन घंटे तक पूछताछ कर उनका बयान दर्ज किया। सूत्रों के मुताबिक, पूछताछ के दौरान पुलिस ने प्रशासनिक फैसलों, चढ़ावे की व्यवस्था, कर्मचारियों की जिम्मेदारियों और शिकायतों के निपटारे से जुड़े कई अहम सवाल पूछे। बताया जा रहा है कि कुछ सवालों पर स्पष्ट जवाब नहीं मिलने के कारण जरूरत पड़ने पर उनसे दोबारा पूछताछ की जा सकती है।

सूत्रों के अनुसार, पुलिस अब चंपत राय के बयान का मिलान अन्य गवाहों के बयान, दस्तावेजों और जांच में सामने आए तथ्यों से करेगी। प्रारंभिक रिपोर्ट के बाद पुलिस ने जांच को आगे बढ़ाया है। जानकारी के मुताबिक, स्ढ्ढञ्ज जुलाई के पहले सप्ताह में अयोध्या पहुंचकर जांच पूरी करने के बाद अपनी अंतिम रिपोर्ट शासन को सौंप सकती है।

पूछताछ के दौरान चंपत राय ने पुलिस से कहा कि चढ़ावा चोरी मामले में उनकी कोई भूमिका नहीं है। उनका कहना था कि जैसे ही उन्हें मामले की जानकारी मिली, उन्होंने तत्काल कार्रवाई शुरू कराई, संदिग्धों को पकड़वाया और पुलिस में एफआईआर दर्ज कराई। उन्होंने कहा, "मैंने ही शिकायत दी थी, जिसके आधार पर केस दर्ज हुआ। हालांकि, यह मेरी गलती रही कि शिकायत दर्ज कराने में देरी हुई और हम पहले आंतरिक जांच करते रहे।

चंपत राय ने यह भी स्वीकार किया कि चढ़ावे की व्यवस्था में किसी प्रकार की गड़बड़ी न हो, इसकी जिम्मेदारी उनकी थी। टिन्नू यादव से जुड़े सवाल पर उन्होंने कहा कि वह लंबे समय से मंदिर व्यवस्था से जुड़ा था और उससे इस तरह की हरकत की उम्मीद नहीं थी। पुलिस ने नियुक्तियों को लेकर भी सवाल किए। रिश्तेदारों या परिचितों



को काम दिए जाने के संबंध में चंपत राय ने कहा कि जरूरतमंद और गरीब लोगों को रोजगार देने के उद्देश्य से नियुक्तियां की गई थीं। उन्होंने स्पष्ट किया कि नियुक्तियों का फैसला केवल उनका नहीं, बल्कि ट्रस्ट के अन्य सदस्यों की सहमति से होता था। सूत्रों के मुताबिक, पूछताछ में चंपत राय ने अनिल मिश्रा और गोपाल राव का भी उल्लेख किया। उन्होंने बताया कि इनकी ओर से भी लोगों की सिफारिशें आती थीं और अधिकांश नियुक्तियां जरूरतमंदों की मदद के उद्देश्य से की गई थीं। हालांकि, किसी के इस तरह की कथित गड़बड़ी में शामिल होने की उम्मीद नहीं थी। रिपोर्ट्स के अनुसार, पुलिस चंपत राय, गोपाल राव और अनिल मिश्रा समेत ट्रस्ट के कई सदस्यों की वित्तीय जानकारी जुटा रही है। उनके बैंक खातों और संपत्तियों की भी जांच की जा रही है। हालांकि, जांचकताओं के बारे में यह दावा कि चंपत राय "अच्छे प्रशासक नहीं हैं" और उनकी ओर से लापरवाही हुई, आधिकारिक रूप से पुष्टि नहीं हुई है।

सूत्रों के मुताबिक, अयोध्या पुलिस ने जेल में बंद आरोपियों से पूछताछ की अनुमति के लिए अदालत में अर्जी दी है, लेकिन अभी मंजूरी नहीं मिली है। अनुमति मिलने के बाद पुलिस टिन्नू यादव, अविनाश शुक्ला, लवकुश समेत सभी आठ आरोपियों से जेल में पूछताछ कर सकती है।

Email Id : Bulandsandesh@gmail.com
दैनिक बुलन्द संदेश

# जिला जज, डीएम और एसएसपी ने जिला कारागार का किया औचक निरीक्षण, व्यवस्थाओं का लिया जायजा

बुलन्द संदेश ब्यूरो




**बुलंदशहर।** जिला जज संजय सिंह, जिलाधिकारी कुमार हर्ष एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह ने मंगलवार को संयुक्त रूप से जिला कारागार का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने जेल प्रशासन द्वारा बंदियों के लिए की गई व्यवस्थाओं का बारीकी से जायजा लिया।
निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने विभिन्न बैरकों में जाकर बंदियों से बातचीत की और उनकी समस्याओं के बारे में जानकारी ली। बंदियों ने किसी भी प्रकार की समस्या या शिकायत नहीं बताई। इसके बाद अधिकारियों ने जेल की पाकशाला का निरीक्षण कर बंदियों के लिए तैयार किए गए भोजन की गुणवत्ता की भी जांच की तथा साफ-सफाई एवं अन्य व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। इस अवसर पर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट श्री जुलकरनैन आलम, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बुलंदशहर के सचिव श्री विकास चौधरी, जेल अधीक्षक श्रीमती कोमल मंगलानी, जेलर तथा अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# ओमवीर सिंह ठेनुआं बने अमर सिंह महाविद्यालय लखावटी के प्राचार्य

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**औरंगाबाद/बुलंदशहर** । अमर सिंह महाविद्यालय लखावटी में मंगलवार को निवर्तमान प्राचार्य प्रो राजेन्द्र कुमार के सेवा निवृत्त होने के चलते प्रोफेसर ओमवीर

## निवर्तमान प्राचार्य प्रो राजेन्द्र कुमार ने किया अवकाश ग्रहण हुआ विदाई समारोह

सिंह ठेनुआं ने महाविद्यालय के 45 वें प्राचार्य के रूप में कार्यभार ग्रहण कर लिया। कालेज प्रशासक एवं जिलाधिकारी की स्वीकृति के पश्चात प्रोफेसर ठेनुआं ने पदभार ग्रहण किया।
मंगलवार को कालेज परिसर में आयोजित विदाई समारोह में निवर्तमान प्राचार्य प्रो राजेन्द्र कुमार को शिक्षकों एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारियों ने पुष्प गुच्छ,शाल, एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मान पूर्वक भावभीनी विदाई दी और उनके कार्यकाल की प्रशंसा करते हुए उनके



उज्जवल भविष्य की कामना की। प्रोफेसर राजेंद्र कुमार के मृदुभाषी स्वभाव और सभी के साथ मधुर व्यवहार की सभी ने मुक्तकंठ से सराहना की।
निवर्तमान प्राचार्य प्रोफेसर राजेंद्र कुमार ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए सभी से मिले सहयोग के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया। सभी शिक्षकों और कर्मचारियों ने पदभार ग्रहण करने वाले प्राचार्य प्रो ओमवीर सिंह ठेनुआं का माल्यार्पण कर पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत सत्कार किया। प्रोफेसर ठेनुआं ने कालेज के भविष्य को सफल और सार्थक बनाने में अपनी योजनाओं को मूर्त रूप देकर अपना सर्वस्व योगदान देने का प्रण लिया और सभी शिक्षकों और शिक्षणेत्तर कर्मचारियों से उनका भरपूर सहयोग मांगा। प्रोफेसर ठेनुआं ने प्राचार्य पद संभालने के पश्चात कालेज संस्थापक रायबहादुर स्वर्गीय चौधरी अमर सिंह जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनके आशीर्वाद की याचना की।
इस अवसर पर प्रोफेसर के डी वर्मा, प्रो ए के शर्मा,आर के सिंह एस के वैरागी ओमप्रकाश प्रो भीष्म सिंह रामचंद्र डा राजपाल सिंह अरुण कुमार मनीष मिश्रा डॉ रामजी द्विवेदी डॉ अर्चना वर्मा अंजना खोलिया अभय कुमार श्रीवास्तव पुष्पेन्द्र कुमार लोचन अग्रवाल वेदपाल सिंह आदि तमाम शिक्षक शिक्षिकाओं एवं स्टाफ ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।

# विधायक लक्ष्मीराज सिंह ने 65.03 लाख की लागत से तैयार अगराई संपर्क मार्ग क्षेत्रवासियों को किया समर्पित

बुलन्द संदेश ब्यूरो



**सिकंदराबाद।** सिकंदराबाद विधानसभा अंतर्गत ग्राम अगराई में 65.03 लाख की लागत से सिकंदराबाद-खुर्जा मार्ग से अगराई संपर्क मार्ग के विशेष मरम्मत कार्य पूर्ण होने पर विधायक लक्ष्मीराज सिंह ने मार्ग का लोकार्पण कर क्षेत्रवासियों को समर्पित किया। इस अवसर पर विधायक ने कहा कि यह मार्ग लंबे समय से जर्जर होने के कारण क्षेत्रवासियों को आवागमन में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था। उनके निरंतर प्रयासों एवं प्रदेश सरकार के सहयोग से विशेष मरम्मत कार्य समयबद्ध रूप से पूर्ण हुआ, जिससे अब ग्रामीणों को सुरक्षित, सुगम एवं बेहतर आवागमन की सुविधा मिलेगी। उन्होंने कहा कि माननीय मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी के नेतृत्व में प्रदेश में सड़क एवं आधारभूत सुविधाओं का लगातार विस्तार हो रहा है और सिकंदराबाद विधानसभा में भी विकास कार्य प्राथमिकता के आधार पर कराए जा रहे हैं।इस दौरान स्थानीय जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक एवं बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

# एंजल मॉल के दो क्लबों में चल रहा था अवैध हुक्का बार, पुलिस ने मारा छापा

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)** । कौशांबी थाना पुलिस ने मंगलवार को एंजल मॉल स्थित दो क्लबों में छापेमारी कर अवैध हुक्का बार का भंडाफोड़ किया। कार्रवाई के दौरान पुलिस ने 10

## 10 कर्मचारी गिरफ्तार, 9 हुक्के व फ्लेवर तंबाकू बरामद, दोनों संचालक फरार

कर्मचारियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से नौ हुक्के, नौ पाइप, नौ चिलम और फ्लेवर तंबाकू के चार डिब्बे बरामद किए। दोनों क्लबों के संचालक पुलिस को चकमा देकर मौके से फरार हो गए।पुलिस के अनुसार मुखबिर से सूचना मिली थी कि एंजल मॉल स्थित द पब्लिक हाउस और द ब्लू क्लब में बिना किसी वैध लाइसेंस के ग्राहकों को फ्लेवरयुक्त हुक्का परोसा जा रहा है।



सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने दोनों क्लबों में एक साथ छापा मारा और वहां मौजूद 10 कर्मचारियों को पकड़ लिया।पूछताछ में गिरफ्तार कर्मचारियों ने बताया कि वे क्लब संचालकों के निर्देश पर ग्राहकों को हुक्का उपलब्ध कराते थे। उन्होंने स्वीकार किया कि हुक्का बार संचालन के लिए किसी प्रकार का लाइसेंस नहीं था। पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ सिगरेट एवं अन्य तंबाकू उत्पाद अधिनियम (कोटपा) की संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है।पुलिस का कहना है कि फरार क्लब संचालकों की तलाश में दबिश दी जा रही है। साथ ही गिरफ्तार आरोपियों के आपराधिक इतिहास की भी जांच की जा रही है। शहर में अवैध हुक्का बार के खिलाफ आगे भी अभियान जारी रहेगा।

# पश्चिम उत्तर प्रदेश भाजपा क्षेत्रीय अध्यक्ष बनने पर नवाब सिंह नागर का भव्य स्वागत, 2027 मिशन को मजबूत करने का लिया संकल्प

बुलन्द संदेश ब्यूरो





**गाजियाबाद।** भारतीय जनता पार्टी के पश्चिम उत्तर प्रदेश क्षेत्रीय अध्यक्ष नियुक्त किए जाने पर वरिष्ठ भाजपा नेता एवं पूर्व मंत्री, पूर्व विधायक दादरी आदरणीय श्री नवाब सिंह नागर को उनके सेक्टर-33 स्थित आवास पर पहुंचकर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी गईं।
इस अवसर पर नवाब सिंह नागर ने सभी कार्यकताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनका एकमात्र लक्ष्य वर्ष 2027 के विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी के संगठन को और अधिक मजबूत करना है। उन्होंने कहा कि संगठन में प्रत्येक कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी का सम्मान सर्वोपरि रहेगा तथा सभी को साथ लेकर संगठन को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने का कार्य किया जाएगा। मुलाकात के दौरान अध्यक्ष से मिले स्नेह, प्यार और आशीर्वाद के लिए सभी कार्यकताओं ने उनका हार्दिक आभार व्यक्त किया और संगठन को मजबूत बनाने के संकल्प को दोहराया।
इस अवसर पर राजे कसाना (पूर्व प्रदेश प्रवक्ता, भाजपा उत्तर प्रदेश), कमल मलिक (पूर्व विधायक, गढ़मुक्तेश्वर), बिजेंद्र नागर मुखिया (पूर्व राष्ट्रीय कबड्डी खिलाड़ी एवं पूर्व विधानसभा प्रभारी गाजियाबाद) अमित गुर्जर (जिला उपाध्यक्ष, भाजपा किसान मोर्चा, गाजियाबाद)तथा कर्मवीर गुर्जर (मंडल अध्यक्ष, डासना) सहित अनेक भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# छह दिवसीय आचार्य प्रशिक्षण वर्ग का हुआ समापन

बुलन्द संदेश ब्यूरो



**शिकारपुर** । सूरजभान सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज शिकारपुर में 24 जून से 30 जून 2026 तक चल रहे छह दिवसीय आचार्य प्रशिक्षण वर्ग का मंगलवार को समापन हुआ।
वर्ग के समापन अवसर पर
प्रथम सत्र में ---विद्यालय के जीव विज्ञान वरिष्ठ आचार्य केशव कुमार ने नई शिक्षा नीति द्वारा विद्यार्थी के शिक्षण कार्य को कैसे सफल बनाकर उनका सर्वांगीण विकास किया जा सके । तथा उन्होंने बताया शिक्षक शिक्षार्थी के जीवन में सभी विषय मूल्यवान होते हैं। लेकिन किस विषय को शिक्षार्थी जिज्ञासा के साथ ग्रहण करता है। और उसमें रुचि प्रदान करता है। ऐसे विषयों को अन्य और विषयों से जोड़कर उसके शिक्षण कौशल में परिवर्तन किया जा सके। ऐसी शिक्षा शिक्षक को अपने शिक्षार्थियों में प्रवाहित करनी चाहिए। तथा उन्होंने बताया -जिस प्रकार विज्ञान की परिभाषा को परिभाषित करते हैं ।किसी वस्तु के क्रमबद्ध ज्ञान को ही विज्ञान कहा जाता है। उसी प्रकार हर विषय का ज्ञान विद्यार्थी के जीवन का विज्ञान बन जाता है। उन्होंने विशेष प्रयोगात्मक परीक्षण के माध्यम से सभी को अवगत कराया । विद्यार्थियों में प्रयोगात्मक के द्वारा विषय को रोचक बनाया जा सकता है । ऐसी गतिविधियां सभी के समक्ष प्रस्तुत की।
द्वितीय सत्र में -----विद्या भारती मेरठ प्रांत से आये संगठन मंत्री प्रदीप कुमार गुप्ता का सर्वप्रथम विद्यालय के प्रधानाचार्य धर्मवीर सिंह ने परिचय कराया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य योगेश चंद्र गुप्ता, मुकेश चंद शर्मा, हरकेश कुमार मीणा, यादराम सिंह ,अनुज कुमार शर्मा, भुवनेश्वर दयाल, धर्मेंद्र कुमार, प्रवीण कुमार, ललित पाठक, लोकेश कुमार शर्मा, हरिओम शर्मा, कनिका गुप्ता, अखिलेश मीना, कीर्ति गोयल सोनाली राजपूत आदि उपस्थित रहे।

# 49वीं यूपी स्टेट शूटिंग चैंपियनशिप में गाजियाबाद शूटिंग क्लब का शानदार प्रदर्शन, खिलाड़ियों ने जीते 44 पदक

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** डॉ. करणी सिंह शूटिंग रेंज, तुगलकाबाद में आयोजित 49वीं यूपी स्टेट शूटिंग चैंपियनशिप में गाजियाबाद शूटिंग क्लब के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए क्लब का नाम रोशन किया। प्रतियोगिता में क्लब के खिलाड़ियों ने कुल 44 पदक जीतकर अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। इस प्रतियोगिता में गाजियाबाद शूटिंग क्लब के 55 खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया, जिसमें से 50 खिलाड़ियों ने नॉर्थ जोन चैंपियनशिप के लिए क्वालीफाई किया।






**पदक विजेता खिलाड़ी:**
रुद्र कर्दम - 3 स्वर्ण, 1 रजत
आहाना -3 स्वर्ण
अर्जुन त्यागी -2 स्वर्ण
विज्यांश चौधरी- 1 स्वर्ण, 1 कांस्य
भव्या यादव -1 स्वर्ण, 2 कांस्य
अवन्या वाधवा - 1 स्वर्ण, 1 रजत
गायत्री - 2 स्वर्ण, 1 कांस्य
हर्षित कर्दम - 1 स्वर्ण, 1 रजत
राधिका - 1 स्वर्ण
नैना त्यागी - 1 स्वर्ण, 1 कांस्य
आर्णा, श्वेता चौधरी, श्वेता पाल, श्वेता शर्मा, अर्पिता, काव्या - 1-1 स्वर्ण
रिशभ त्यागी - 2 कांस्य
रितांशु यादव - 1 कांस्य
कुशाग्र - 2 कांस्य
दिव्यांश तोमर - 2 कांस्य
गीतिकी श्रीवास्तव -1 कांस्य
राजत यादव - 1 कांस्य
देवांश - 1 कांस्य
अरविंद चौधरी - 1 कांस्य
यशवर्धन - 1 कांस्य
Co अभिषेक यादव - 2 स्वर्ण पदक

क्लब के खिलाड़ियों की इस शानदार उपलब्धि पर कोच शिवम त्यागी ने सभी पदक विजेता खिलाड़ियों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि खिलाड़ियों की मेहनत, अनुशासन और नियमित अभ्यास का परिणाम है कि गाजियाबाद शूटिंग क्लब लगातार सफलता के नए आयाम स्थापित कर रहा है।अजय प्रमुख ने सभी खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए आगामी प्रतियोगिताओं के लिए शुभकामनाएं दीं।
गाजियाबाद शूटिंग क्लब निशानेबाजी के क्षेत्र में नई प्रतिभाओं को तैयार करने और देश का नाम रोशन करने के लिए निरंतर प्रयासरत है।

# ओंकारेश्वर धाम में युवाओं ने किया जलाभिषेक, नगर की सुख-समृद्धि की कामना

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**जहांगीराबाद।** नगर के युवाओं ने मध्य प्रदेश स्थित ओंकारेश्वर महादेव मंदिर पहुंचकर भगवान भोलेनाथ का विधि-विधान से जलाभिषेक किया तथा नगर जहांगीराबाद तथा देश की खुशहाली सुख-समृद्धि, खुशहाली और अमन-चैन के लिए विशेष प्रार्थना की। युवाओं ने भगवान से कामना की कि नगर में आपसी प्रेम, भाईचारा और सौहार्द बना रहे।




## बारिश से... क्षेत्र के कई संपर्क मार्गों पर सड़क किनारे सूख रही फसल, फिसलन से हादसे की आशंका बढ़ी

# बारिश से बढ़ी किसानों की परेशानी, फसल बचाने को सड़कों पर फैला रहे मक्का

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**जहांगीराबाद।** क्षेत्र में मौसम के लगातार बदलते मिजाज ने किसानों की चिंता बढ़ा दी है। बीच-बीच में हो रही बारिश और तेज धूप के कारण मक्के की फसल में नमी बनी हुई है। फसल को खराब होने से बचाने के लिए किसान अब खेतों से मक्का निकालकर क्षेत्र की कई सड़कों और संपर्क मार्गों के किनारे सुखाने को मजबूर हैं। इससे एक ओर किसानों को फसल बचाने की उम्मीद है तो दूसरी ओर सड़कों पर आवागमन करने वाले लोगों के लिए दुर्घटना का खतरा भी बढ़ गया है।
जहांगीराबाद क्षेत्र के ग्रामीण संपर्क मार्गों पर इन दिनों सड़क किनारे मक्के की फसल फैली दिखाई दे रही है। कई स्थानों पर किसानों ने सड़क की पटरी के साथ-साथ सड़क के हिस्से तक मक्का फैला रखा है। धूप निकलते ही किसान फसल को पलटते नजर आते हैं, जबकि शाम होने पर उसे समेट लेते हैं।
किसानों का कहना है कि इस बार बारिश के कारण मक्के की फसल में अधिक नमी आ गई है। यदि समय पर इसे नहीं सुखाया गया तो दानों में फफूंद लगने, रंग खराब होने और बाजार में कम कीमत मिलने का खतरा है। मजबूरी में उन्हें खुले स्थान के अभाव में सड़क किनारे ही फसल सुखानी पड़ रही है।
वहीं, सड़कों पर फैले मक्के के कारण दोपहिया वाहन चालकों को सबसे अधिक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। दानों पर वाहन फिसलने की आशंका बनी रहती है। स्थानीय लोगों का कहना है कि कई बार वाहन चालक अचानक ब्रेक लगाने पर संतुलन खो बैठते हैं। यदि समय रहते इस समस्या का समाधान नहीं किया गया तो कोई बड़ा हादसा हो सकता है।



कृषि विशेषज्ञों का कहना है कि मौसम में लगातार हो रहे उतार-चढ़ाव का असर खरीफ फसलों पर साफ दिखाई दे रहा है। यदि आगामी दिनों में फिर बारिश होती है तो मक्का समेत अन्य फसलों को भी नुकसान पहुंच सकता है। किसानों को मौसम के पूर्वानुमान के अनुसार फसल का भंडारण और सुखाने की व्यवस्था करने की सलाह दी गई है।

**बदलते मौसम से बढ़ रहे मौसमी रोग**

तेज धूप, उमस और रुक-रुककर हो रही बारिश का असर लोगों के स्वास्थ्य पर भी पड़ रहा है।
सरकारी और निजी अस्पतालों में बुखार, वायरल संक्रमण, सर्दी-जुकाम और पेट संबंधी बीमारियों के मरीजों की संख्या बढ़ने लगी है। चिकित्सकों ने लोगों को साफ पानी पीने, बासी भोजन से परहेज करने और मौसम के अनुरूप सावधानी बरतने की सलाह दी है।

# बिजली कटौती से बिगड़ रही लोगों की दिनचर्या, नींद पूरी न होने से बढ़ रहा सर दर्द

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**शिकारपुर** । क्षेत्र में भीषण गर्मी के बीच हो रही लगातार बिजली कटौती लोगों की परेशानी का सबक बन गई




है। रात में बार-बार बिजली जाने से लोगों की नींद प्रभावित हो रही है। जिससे सिर दर्द थकान और चिड़चिड़ापन जैसी समस्या बढ़ रही हैं। लोगों ने विभाग से निर्वाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने की मांग की है। नगर में लगातार हो रही बिजली कटौती से आमजन की दिनचर्या प्रभावित हो रही है। भीषण गर्मी के बीच रात में बार-बार बिजली आपूर्ति बाधित होने से लोगों की नींद पूरी नहीं हो पा रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि लगातार कटौती के कारण बच्चों बुजुर्गों और कामकाजी लोगों को सबसे अधिक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। लोगों ने बिजली व्यवस्था में सुधार की मांग की गई है। एसडीओ रामाशीष यादव ने बताया कि गर्मी के मौसम में बिजली की मांग बढ़ने की वजह से ट्रांसफार्मर और केवल पर अत्यधिक लोड पड़ रहा है। ट्रांसफार्मर केवल चलने की शिकायत मिलने पर मरम्मत और प्रतिस्थापन कार्य के दौरान कुछ समय के लिए बिजली आपूर्ति बंद करने पड़ती है बिजली व्यवस्था को सुधार बनाए रखने के लिए लगातार प्रयास कर रहा है।

# प्रशासन की सख्ती: वृद्ध की पुत्री के प्लॉट से हटाया गया अवैध कब्जा, पुलिस बल की मौजूदगी में दिलाया

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** लोनी तहसील प्रशासन ने अवैध कब्जाधारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए एक वृद्ध व्यक्ति की शिकायत पर उसकी पुत्री के प्लॉट को कब्जामुक्त कराकर उसे विधिवत कब्जा दिलाया। प्रशासन की इस त्वरित कार्रवाई से पीड़ित परिवार को बड़ी राहत मिली।जानकारी के अनुसार, वृद्ध माता प्रसाद ने उपजिलाधिकारी लोनी के समक्ष शिकायत दर्ज कराई थी कि उनकी पुत्री के डीएलएफ अंकुर विहार स्थित प्रेम विहार कॉलोनी में मौजूद प्लॉट पर कुछ दबंग प्रवृत्ति के लोगों ने अवैध कब्जा कर लिया है। आरोप था कि कब्जाधारी उन्हें प्लॉट पर जाने से रोक रहे थे और लगातार धमकी भी दे रहे थे।शिकायत को गंभीरता से लेते हुए उपजिलाधिकारी ने तत्काल मामले की जांच कराई। जांच में आरोप सही पाए जाने पर प्रशासन ने पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचकर अवैध कब्जा हटवाया और शिकायतकर्ता की पुत्री को उसके प्लॉट का कब्जा दिलाया।ज्वाइंट मजिस्ट्रेट एवं उपजिलाधिकारी लोनी दीपक सिंहनवाल ने स्पष्ट कहा कि तहसील लोनी क्षेत्र में किसी भी व्यक्ति को अवैध कब्जा करने की अनुमति नहीं दी जाएगी। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि भविष्य में भी सरकारी अथवा निजी भूमि पर अवैध कब्जा करने वालों के विरुद्ध कानून के अनुसार कड़ी कार्रवाई की जाएगी।



# आरटीई के अंतर्गत प्रत्येक बच्चे का दाखिला सुनिश्चित करे सरकार : सीमा त्यागी

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)** । इंडियन पेरेंट्स एसोसिएशन की राष्ट्रीय अध्यक्ष सीमा त्यागी ने शिक्षा का अधिकार (आरटीई ) अधिनियम के प्रभावी क्रियान्वयन पर गंभीर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि आर्थिक रूप से कमजोर एवं वंचित वर्ग के हजारों बच्चों का चयन होने के बावजूद उन्हें निजी विद्यालयों में प्रवेश नहीं मिल रहा है। यह स्थिति न केवल आरटीई अधिनियम की मूल भावना के विरुद्ध है, बल्कि बच्चों के संवैधानिक अधिकारों का भी खुला उल्लंघन है। उन्होंने कहा कि पिछले पाँच वर्षों (2022-23 से 2026-27) के आँकड़े बेहद चिंताजनक हैं। इस अवधि में लगभग 29,230 बच्चों को RTE के तहत निजी विद्यालयों में सीटें आवंटित की गईं, लेकिन केवल 16,974 बच्चों को ही प्रवेश मिल सका। यानी हजारों चयनित बच्चे आज भी शिक्षा के अपने अधिकार से वंचित हैं। सीमा त्यागी ने कहा कि यदि सरकार और शिक्षा विभाग द्वारा चयनित बच्चों को भी निजी विद्यालय प्रवेश देने से इनकार कर रहे हैं, तो यह कानून के शासन और प्रशासनिक व्यवस्था दोनों पर गंभीर प्रश्न खड़े करता है। उन्होंने प्रदेश सरकार, जिला प्रशासन एवं शिक्षा विभाग से मांग की कि प्रत्येक चयनित बच्चे का समयबद्ध प्रवेश सुनिश्चित किया जाए तथा अभिभावकों की सभी शिकायतों का तत्काल निस्तारण किया जाए।

**आरटीई के अंतर्गत चयनित बच्चों को प्रवेश न देने वाले स्कूलों की मान्यता रद्द करे सरकार**




उन्होंने यह भी मांग की कि जो निजी विद्यालय फ्ळए के तहत प्रवेश देने से इंकार कर रहे हैं या शासन एवं शिक्षा अधिकारियों के आदेशों की अवहेलना कर रहे हैं, उनके विरुद्ध फ्ळए अधिनियम, उत्तर प्रदेश फ्ळए नियमावली एवं अन्य लागू प्रावधानों के तहत कठोर वैधानिक कार्रवाई की जाए तथा आवश्यकता पड़ने पर उनकी मान्यता निरस्त करने की प्रक्रिया भी शुरू की जाए। सीमा त्यागी ने कहा, "RTE का उद्देश्य केवल चयन सूची जारी करना नहीं, बल्कि प्रत्येक चयनित बच्चे को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दिलाना है। जब तक हर पात्र बच्चे का विद्यालय में प्रवेश सुनिश्चित नहीं होगा, तब तक शिक्षा का अधिकार अधूरा रहेगा। सरकार को यह सुनिश्चित करना होगा कि कोई भी चयनित बच्चा शिक्षा से वंचित न रहे।"

# श्री उत्सव एक कदम महिला स्वावलंबन की ओर, महिला उद्यमिता और आत्मनिर्भरता से ही देश सशक्तः बांसुरी स्वराज

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल के निर्देशन में तेरापंथ महिला मंडल, दिल्ली पश्चिम द्वारा आयोजित श्री उत्सव एक कदम स्वावलंबन की ओर का भव्य आयोजन जे.पी. सिद्धार्थ होटल, राजेंद्र नगर, नई दिल्ली में अत्यंत गरिमामय, सुव्यवस्थित एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। यह आयोजन महिला सशक्तीकरण, स्वावलंबन और उद्यमिता को समर्पित एक प्रेरणादायी पहल के रूप में उभरकर सामने आया। कार्यक्रम का शुभारंभ अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल की राष्ट्रीय अध्यक्षा श्रीमती सुमन नाहटा द्वारा रिबन काटकर किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में श्री कन्हैयालाल पटावरी (चेयरमैन, केएलजे ग्रुप ऑफ इंडस्ट्रीज) तथा विशिष्ट अतिथियों के रूप में सुश्री बांसुरी स्वराज (सांसद, लोकसभा), श्री हरीश खुराना (सदस्य, दिल्ली विधानसभा), श्री विरेंद्र बब्बर (डायरेक्टर एवं प्रेसिडेंट, करोल बाग), श्री राम अवतार किला (संस्थापक अध्यक्ष, राजस्थान फाउंडेशन, दिल्ली) तथा सुखी परिवार फाउंडेशन के अध्यक्ष श्री ललित गर्ग की गरिमामयी उपस्थिति रही।

अपने संबोधन में सांसद सुश्री बांसुरी स्वराज ने कहा- ॣमहिलाओं को अवसर देना मात्र सामाजिक दायित्व नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण की आधारशिला है। ह्यश्री उत्सव जैसे आयोजन महिलाओं के आत्मविश्वास, प्रतिभा और आर्थिक स्वावलंबन को नई दिशा देते हैं। जब महिलाएं आत्मनिर्भर बनती हैं, तब परिवार सशक्त होता है, समाज प्रगतिशील बनता है और राष्ट्र नई ऊंचाइयों को प्राप्त करता है। यह मंच महिलाओं की क्षमता को पहचान दिलाने और उनके सपनों को उड़ान देने का स्वर्णिम अवसर है। तेरापंथ महिला मंडल, दिल्ली पश्चिम की अध्यक्षा श्रीमती चंदा डूंगरवाल एवं मंत्री श्रीमती मनीषा जैन ने तिलक लगाकर सभी मुख्य एवं विशिष्ट अतिथियों का आत्मीय स्वागत किया। इस अवसर पर अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल की संरक्षिकाएं श्रीमती सायर बैंगाणी, श्रीमती पुष्पा बैंगाणी, सहमंत्री श्रीमती अर्चना भंडारी, दिल्ली-यू.पी. प्रभारी श्रीमती सुनीता जैन, कार्यकारिणी सदस्याएं श्रीमती प्रीति घोषल, श्रीमती सुनीता डूंगरवाल, श्रीमती राजुल मनोत, श्रीमती मंजू भुतोड़िया, श्रीमती समता भुतोड़िया, श्रीमती संस्कृति भंडारी एवं श्रीमती चंदना बराड़िया सहित अनेक गणमान्यजन उपस्थित रहे। जैन श्वेताम्बर तेरापंथी सभा, दिल्ली के अध्यक्ष श्री विमल बैंगाणी अपनी टीम के साथ कार्यक्रम में शामिल हुए। दिल्ली के चारों महिला मंडलों की अध्यक्षा एवं मंत्रीगण तथा विभिन्न क्षेत्रीय सभाओं के पदाधिकारियों की उपस्थिति ने आयोजन की गरिमा को और बढ़ाया।






राष्ट्रीय अध्यक्षा श्रीमती सुमन नाहटा ने अपने उद्बोधन में आयोजन की मुक्त कंठ से सराहना करते हुए कहा कि ऐसे उपक्रम महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में मील का पत्थर सिद्ध होंगे। उन्होंने अपनी टीम के साथ संपूर्ण प्रदर्शनी का अवलोकन किया। श्री उत्सव का प्रमुख उद्देश्य महिलाओं को स्वावलंबन की दिशा में प्रेरित करना, उनके हुनर को पहचान दिलाना तथा महिला उद्यमियों को अपने व्यवसाय के विस्तार हेतु एक सशक्त मंच उपलब्ध कराना था। प्रदर्शनी में महिला उद्यमियों द्वारा लगाए गए 33 आकर्षक स्टॉलों पर हस्तनिर्मित वस्तुएं, परिधान, गृह सज्जा सामग्री, खाद्य उत्पाद एवं अन्य उपयोगी वस्तुओं का आकर्षक प्रदर्शन किया गया।

इस अवसर पर तेरापंथ महिला मंडल द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं एवं सेवा-परियोजनाओं की जानकारी अध्यक्षा चंदा डूंगरवाल एवं मंत्री मनीषा जैन ने विस्तारपूर्वक दी। सभी अतिथियों ने महिला मंडल के सेवा, संगठन और स्वावलंबन के प्रयासों की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए भविष्य में हरसंभव सहयोग एवं मार्गदर्शन देने का आश्वासन दिया। प्रदर्शनी में लगाए गए विभिन्न स्टॉलों में से श्रीमती समता जी, श्रीमती ममता कोठारी एवं श्रीमती सुमन बेगवानी के स्टॉल को सर्वश्रेष्ठ स्टॉल के रूप में विशेष सराहना प्राप्त हुई।

# गुलमोहर एनक्लेव सोसायटी में टावर एम-1 के नीचे 3 पिलर लगने से मचा बवाल, निवासियों ने बताया सुरक्षा के लिए खतरा

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**गाजियाबाद।** राकेश मार्ग स्थित गुलमोहर एनक्लेव सोसायटी में मंगलवार सुबह टावर एम-1 के समीप बैडमिंटन कोर्ट के पास तीन लोहे के पिलर (बोलार्ड) लगाए जाने को लेकर विवाद खड़ा हो गया। आरोप है कि सोसायटी के एक निवासी के कहने पर आरडब्ल्यूए के एक पदाधिकारी द्वारा यह पिलर लगवाए गए, जिससे पहले से संकरा रास्ता और संकरा हो गया। इस कार्रवाई की जानकारी मिलते ही आसपास के दर्जनों निवासी मौके पर पहुंच गए और उन्होंने इसका कड़ा विरोध जताया।

**निवासियों ने जिलाधिकारी, जीडीए उपाध्यक्ष एवं मुख्य अग्निशमन अधिकारी से की शिकायत, कार्रवाई की उठाई मांग**

निवासियों का कहना है कि जिस स्थान पर तीन पिलर लगाए गए हैं, वहां पहले से ही वाहनों के निकलने के लिए बहुत कम जगह है। यदि आसपास के किसी फ्लैट में आग लग जाती है तो फायर ब्रिगेड का वाहन घटनास्थल तक नहीं पहुंच पाएगा। उनका कहना है कि यह कार्य सुरक्षा मानकों की अनदेखी करते हुए किया गया है और इससे किसी भी आपात स्थिति में बड़ा हादसा हो सकता है।

निवासियों ने यह भी बताया कि अभी कुछ दिन पहले ही एसपी-2 टावर के एक फ्लैट में आग लगने की घटना हुई थी। उस दौरान फायर ब्रिगेड के वाहन को सोसायटी के भीतर पहुंचने में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ा था।





उनका कहना है कि यदि इस प्रकार रास्तों पर अतिक्रमण कर पिलर लगाए जाते रहे, तो भविष्य में किसी भी आपातकालीन स्थिति में राहत एवं बचाव कार्य गंभीर रूप से प्रभावित हो सकता है और इससे बड़ी जनहानि होने की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता।सोसायटी निवासी दिनेश सिंह ने बताया कि उन्होंने मॉर्निंग वॉक कर रहे आरडब्ल्यूए सचिव ए.के. दोहरे एवं पूर्व अध्यक्ष बिजेंद्र गिरी को रोककर मौके पर बुलाया और पिलर लगाने की जानकारी दी।

दोनों ने इस कार्य से अनभिज्ञता जताते हुए कहा कि यह उनके निर्देश पर नहीं कराया गया है।दिनेश सिंह के अनुसार, जब उन्होंने मौके पर कार्य कर रहे कर्मचारियों से पूछा कि यह पिलर किसके कहने पर लगाए जा रहे हैं, तो कर्मचारियों ने बताया कि उन्हें यह कार्य आरडब्ल्यूए मैनेजर राहुल त्यागी के निर्देश पर कराया जा रहा है।

वहीं, कार्यकारिणी सदस्य रश्मि चौधरी एवं एडवोकेट राज किशोर शर्मा से संपर्क करने पर उन्होंने कहा कि उन्हें इस पूरे मामले की कोई जानकारी नहीं है। उन्होंने कहा कि यदि बिना कार्यकारिणी की जानकारी के यह कार्य कराया गया है तो यह पूरी तरह गलत है। उन्होंने आश्वासन दिया कि इस संबंध में जानकारी लेकर जिम्मेदार व्यक्ति से जवाब मांगा जाएगा।

उधर, सोसायटी निवासी गौरव बंसल ने जब आरडब्ल्यूए मैनेजर राहुल त्यागी से फोन पर बात की तो उन्होंने कथित रूप से बताया कि यह कार्य कोषाध्यक्ष किंशुक बंसल के कहने पर कराया गया है। घटना के बाद सोसायटी में इस मुद्दे को लेकर रोष व्याप्त है। निवासियों का कहना है कि सुरक्षा से जुड़े मामले में बिना आम सहमति और तकनीकी परीक्षण के इस प्रकार रास्ते में तीन पिलर लगाना उचित नहीं है।

मामले की गंभीरता को देखते हुए निवासियों ने जिलाधिकारी गाजियाबाद, गाजियाबाद विकास प्राधिकरण (जीडीए) के उपाध्यक्ष तथा मुख्य अग्निशमन अधिकारी (फायर ऑफिसर) को लिखित शिकायत देकर पूरे मामले की जांच कराने, कथित अतिक्रमण हटाने तथा जिम्मेदार लोगों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है।

निवासियों का कहना है कि यदि भविष्य में इस मार्ग के अवरुद्ध होने के कारण किसी भी प्रकार की जन-धन की हानि होती है, तो उसकी समस्त जिम्मेदारी आरडब्ल्यूए तथा कथित रूप से अतिक्रमण करवाने वाले संबंधित निवासी की होगी।

# सहकारिता में डिजिटल बदलाव एवं संतुलित उर्वरक उपयोग पर सामूहिक परिचर्चा आयोजित

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**गाजियाबाद।** विकास भवन सभागार में सहकारिता क्षेत्र में डिजिटल परिवर्तन, उर्वरक प्रबंधन तथा सहकारी संस्थाओं के सशक्तिकरण विषय पर "सामूहिक परिचर्चा कार्यक्रम" का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला कृषि अधिकारी अमित कुमार सिंह ने की।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला कृषि अधिकारी अमित कुमार सिंह ने उर्वरकों के संतुलित एवं वैज्ञानिक उपयोग, उर्वरक लाइसेंस की प्रक्रिया तथा कृषि क्षेत्र में आधुनिक व्यवस्थाओं के महत्व पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि डिजिटल तकनीक के माध्यम से सहकारी संस्थाओं की कार्यप्रणाली अधिक पारदर्शी, प्रभावी एवं किसान हितैषी बनाई जा सकती है।अपर जिला सहकारी अधिकारी जे.पी.एस. गौतम ने सहकारी समितियों की भूमिका, उनके संचालन एवं किसानों को मिलने वाले लाभों पर विस्तृत प्रकाश डाला।




कृभको के उप प्रबंधक सत्यवीर सिंह ने कृभको की विभिन्न किसान हितैषी योजनाओं, सहकारी सशक्तिकरण, डिजिटल पहल तथा संतुलित उर्वरक उपयोग के महत्व पर विस्तार से जानकारी देते हुए किसानों की आय वृद्धि एवं टिकाऊ कृषि के लिए संतुलित पोषण को आवश्यक बताया। कार्यक्रम में उपर जिला कृषि अधिकारी श्रीमती शताक्षी मिश्रा ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए कृषि एवं सहकारिता विभागों के समन्वित प्रयासों पर बल दिया। इस अवसर पर हीबा ख्वाजा (अपर जिला सहकारी अधिकारी, सदर), सुनीता आनंद (अपर जिला सहकारी अधिकारी), रीता सिंह (सहायक विकास अधिकारी, मुख्यालय), आनंद बन्धु (सहायक विकास अधिकारी, एफ.एस.), विपिन कुमार (सहायक विकास अधिकारी) तथा शिवमूर्ति सिंह (अपर जिला सहकारी अधिकारी) सहित सहायक आयुक्त एवं सहायक निबंधक, सहकारिता तथा जिला कृषि अधिकारी कार्यालय के लगभग 30 अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने सहभागिता की।कार्यक्रम के समापन पर कृभको के उप प्रबंधक सत्यवीर सिंह ने उपस्थित अधिकारियों को पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया तथा सभी प्रतिभागियों का कार्यक्रम में सहभागिता एवं सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया।

# यातायात व्यवस्था की चुनौतियों से निपटने का दिया मंत्र, 200 प्रशिक्षु आरक्षियों से एडीसीपी ट्रैफिक का संवाद

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**गाजियाबाद।** 47वीं बटालियन पीएसी परिसर में यातायात पुलिस का प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे 200 प्रशिक्षु आरक्षियों के साथ मंगलवार को विशेष संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान अपर पुलिस उपायुक्त यातायात वरूण कुमार सिंह ने प्रशिक्षुओं को यातायात पुलिस की कार्यप्रणाली, नियमों और अनुशासन की बारीकियों से अवगत कराते हुए उन्हें प्रभावी ट्रैफिक प्रबंधन के गुर सिखाए।संवाद के दौरान एडीसीपी ट्रैफिक ने कमिश्नरेट गाजियाबाद की यातायात व्यवस्था से जुड़ी प्रमुख चुनौतियों का विस्तार से उल्लेख किया। उन्होंने बताया कि बढ़ते यातायात दबाव, सड़क सुरक्षा और नागरिकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए पुलिसकर्मियों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने प्रशिक्षु आरक्षियों को कानून का निष्पक्ष पालन कराने, आमजन के साथ सौहार्दपूर्ण व्यवहार रखने तथा ड्यूटी के दौरान अनुशासन, सतर्कता और जिम्मेदारी के साथ कार्य करने का संदेश दिया।कार्यक्रम के दौरान प्रशिक्षुओं ने भी यातायात प्रबंधन से जुड़े विभिन्न विषयों पर अपनी जिज्ञासाएं रखीं, जिनका एडीसीपी ने विस्तारपूर्वक समाधान किया। संवादात्मक प्रशिक्षण सत्र से प्रशिक्षु आरक्षियों को व्यवहारिक अनुभव और प्रभावी ट्रैफिक प्रबंधन की महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त हुई।



गोष्ठी

## वैचारिक कर्म विषय पर गोष्ठी सम्पन्न

# विचारों की पवित्रता आवश्यक है : अतुल सहगल

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**गाजियाबाद।** केन्द्रीय आर्य युवक परिषद के तत्वावधान में वैचारिक कर्म विषय पर ऑनलाइन गोष्ठी का आयोजन किया गया।यह कोरोना काल से 791 वाँ वेबीनार था। वैदिक प्रवक्ता अतुल सहगल ने मानव उन्नति के परिपेक्ष्य में इस विषय की महत्ता को सामने रखा।उन्होंने सबसे पहले भारतीय संस्कृति और इतिहास का वह उदाहरण प्रस्तुत किया जिसमे महाभारत के युद्ध में भीष्म पितामह बाणों की शैय्या पर प्रबल मानसिक प्रण व वैचारिक कर्म शक्ति के आधार पर तब तक मृत्यु को टालते रहे जब तक सूर्यदेव दक्षिणायन से उत्तरायण में प्रवेश नहीं कर जाते।तत्पश्चात वक्ता ने यह सन्देश दिया कि वैदिक दर्शन में विचारों को ही सब कर्मों,व्यवहारों और मानव जीवन की गति का मूल माना गया है।यह कहते हुए उन्होंने वैचारिक कर्म (मानसिक क्रिया ) को दिशा देने वाले चार प्रमुख वेद मन्त्र प्रस्तुत किये।साथ ही आम दैनिक जीवन का उदाहरण देते हुए कहा कि मन में यदि हम किसी व्यक्ति को गाली दें या कोसें तो वह विचार रूपी कर्म नकारात्मक तरँगें छोड़ता है जो उस व्यक्ति के अन्तःकरण तक पहुंचती हैं।हम काम / क्रोध / चिंता /घृणा / भ्रम के तर्कहीन व त्रुटिपूर्ण विचार मन में आने दें तो वे आगे के सब कर्म बिगाड़ते हैं।हमारी क्षति व हानि करते हैं।हमें शिक्षा दी जाती है -- बुरा मत सुनो, बुरा मत देखो, बुरा मत कहो।इस वाक्य में ' बुरा मत सोचो ' जोड़ना अत्यंत आवश्यक है।व्यापार / व्यवसाय में हम तर्कपूर्ण और युक्तिपूर्ण विचार से काम लें तो हानि से सर्वदा बचे रहेंगे।हमारे विचार सकारात्मक हों।द्वेष, प्रतिशोध और अभिमान से प्रेरित न हों।स्मरण रहे कि अविवेक, क्रोध, मोह, मद मन के नहीं, आत्मा (स्वयं ) के कूलक्षण हैं ' मन तो जड़ है ; बुरे विचारों के जनक - इन कूलक्षणों के लिए मन को दोषी न ठहराएं। योगाभ्यास से मन को वश में करना सीखें।गायत्री मन्त्र का प्रातःकाल और शिवसंकल्पमस्तु मन्त्रों का सांयकाल के समय जाप करें। इससे मन और बुद्धि दोनों सात्विक गुण ग्रहण करेंगे और हमारे विचार भी शुभ बनेंगे। शुभ विचार ही शुभ संस्कार व शुभ फलों के बीज हैं।शुभ विचार का आधार विद्या / सत्यज्ञान है।वेद और विद्वानों के माध्यम से इसे ग्रहण करें। मुख्य अतिथि हापुड़ आर्य समाज के पूर्व प्रधान आनंद प्रकाश आर्य ने कहा कि विचारपुर्ण कर्म से ही हम उन्नति या अवनीति को प्राप्त होते है।विचार शुद्ध होने से मन शुद्ध होता है जिससे हम शुद्ध कर्म करते हैं।अशुद्ध होने पर सब कार्य भी अशुद्ध हो होंगे।शुद्ध वैचारिक कर्म के लिए हमे आर्य समाज के तीसरे नियम को आत्मसात करना चाहिए।वेद ज्ञान से वैचारिक शुद्धता प्राप्त होती है।अतः हमें शुद्ध वैचारिक क्रांति के लिए सत्य सनातन वैदिक धर्म को अपनाना होगा। अध्यक्ष सतीश नागपाल ने कहा कि आज विचारों की पवित्रता की अत्यंत आवश्यकता है।परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल आर्य ने कार्यक्रम का कुशल संचालन किया व प्रदेश अध्यक्ष प्रवीण आर्य ने धन्यवाद ज्ञापन किया। गायिका कौशल्या अरोड़ा,कुसुम भण्डारी,जनक अरोड़ा, कमला हंस,उषा सूद आदि के मधुर भजन हुए।



# भीषण गर्मी में आगजनी का बढ़ा खतरा, कारखानों को फायर सेफ्टी के कड़े निर्देश

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**गाजियाबाद।** जिले में पड़ रही भीषण गर्मी के बीच औद्योगिक इकाइयों में आगजनी की संभावित घटनाओं को देखते हुए श्रम विभाग ने सभी कारखाना संचालकों को विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश जारी किए हैं। सहायक निदेशक ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि गाजियाबाद और हापुड़ जनपद की सीमा में संचालित सभी कारखानों में अग्नि सुरक्षा के मानकों का शत-प्रतिशत पालन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि कारखानों में उपयोग होने वाले ज्वलनशील पदार्थों की प्रकृति के अनुसार पर्याप्त संख्या में फायर फाइटिंग सिलेंडर लगाए जाएं तथा उनका नियमित रखरखाव किया जाए। साथ ही पर्याप्त जल भंडारण की व्यवस्था हर समय उपलब्ध रहे। जिन कारखानों में तरल ज्वलनशील रसायनों का उपयोग होता है, वहां फोम आधारित फायर फाइटिंग एक्सटिंग्यूशर सिस्टम अनिवार्य रूप से स्थापित किया जाए। प्रेस विज्ञप्ति में यह भी कहा गया कि सभी कर्मचारियों को अग्निशमन उपकरणों के संचालन का प्रशिक्षण दिया जाए तथा प्रत्येक तीन माह में फायर मॉक ड्रिल आयोजित कर आपातकालीन स्थिति से निपटने का अभ्यास कराया जाए। कारखानों में आपातकालीन निकास मार्ग का स्पष्ट नक्शा तैयार कर मुख्य प्रवेश और निकास स्थानों पर प्रदर्शित किया जाए, ताकि किसी दुर्घटना की स्थिति में कर्मचारियों को सुरक्षित बाहर निकाला जा सके।

# पानी की किल्लत से जनता ने किया पार्षद का घेराव

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**अलीगढ़।** वार्ड नं. 18 के कृष्ण विहार क्षेत्र में पानी की सप्लाई कई दिनों से ठप होने के कारण लोगों का गुस्सा फूट पड़ा। आक्रोशित क्षेत्रवासियों ने वार्ड पार्षद अगन लाल सेठी का घेराव कर विरोध जताया और सड़क पर जाम लगा दिया।,स्थानीय लोगों का कहना है कि भीषण गर्मी में पिछले कई दिनों से नलों में पानी नहीं आ रहा है। नगर निगम और जलकल विभाग से शिकायत के बावजूद कोई सुनवाई नहीं हुई। मजबूरन सुबह सैकड़ों महिला-पुरुष सड़क पर उतर आए और खाली बाल्टी-बर्तन लेकर प्रदर्शन किया। करीब एक घंटे तक रोड जाम रहने से आवागमन प्रभावित हुआ।सूचना पर पहुंचे पार्षद अगन लाल सेठी को लोगों के भारी विरोध का सामना करना पड़ा। पार्षद ने जल्द पाइपलाइन ठीक कराकर आपूर्ति बहाल कराने और टैंकर से पानी भिजवाने का आश्वासन दिया, जिसके बाद जाम खोला गया। क्षेत्रवासियों ने चेतावनी दी कि यदि 24 घंटे में पानी की समस्या का समाधान नहीं हुआ तो बड़ा आंदोलन किया जाएगा।



# महंगाई के खिलाफ कांग्रेस का प्रदर्शन

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**अलीगढ़।** किसानों की समस्याओं, खाद की कमी और बढ़ती महंगाई को लेकर मंगलवार को कांग्रेस कार्यकताओं ने कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन किया। पूर्व विधायक विवेक बंसल के नेतृत्व में कार्यकताओं ने प्रदेश सरकार के खिलाफ नारेबाजी की और राज्यपाल के नाम संबोधित ज्ञापन एसीएम द्वितीय दिग्विजय सिंह को सौंपा।

कांग्रेस नेताओं ने पूर्व विधायक विवेक बंसल के नेतृत्व में एसीएम द्वितीय दिग्विजय सिंह को राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन सौंपा। विवेक बंसल ने कहा कि किसानों की आय दोगुनी करने का वादा किया गया था, लेकिन आज किसान और मजदूर आर्थिक परेशानियों से जूझ रहे हैं। उनका कहना था कि बढ़ती महंगाई और खाद की कमी ने किसानों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि किसानों को जरूरत के मुताबिक खाद नहीं मिल रही है। कई किसानों को घंटों लाइन में लगने के बाद भी पर्याप्त खाद नहीं मिल पा रही है। इसके साथ ही बिजली कटौती से भी खेती का काम प्रभावित हो रहा है।

कांग्रेस नेताओं ने ज्ञापन में मांग की कि सहकारी समितियों और बाजारों में खाद एवं प्रमाणित बीज की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। साथ ही खाद-बीज की कालाबाजारी और जमाखोरी पर सख्त कार्रवाई करने और किसानों को निर्बाध बिजली आपूर्ति देने और सरकारी स्कूलों में खाली पदों पर जल्द नियुक्ति कर शिक्षा व्यवस्था मजबूत करने की मांग भी उठाई गई। भाजपा प्रवक्ता के कांग्रेस में गुटबाजी संबंधी बयान पर विवेक बंसल ने कहा कि पार्टी में कोई गुटबाजी नहीं है। उन्होंने कहा कि कार्यकताओं के बीच मतभेद हो सकते हैं, लेकिन उन्हें आपसी बातचीत से सुलझा लिया जाता है। साथ ही उन्होंने भाजपा पर भी अंदरूनी मतभेदों का आरोप लगाया। प्रदर्शन में पूर्व विधायक विवेक बंसल, जिलाध्यक्ष ठाकुर सोमवीर सिंह, महानगर अध्यक्ष नवेद खान सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी, किसान और कार्यकर्ता मौजूद रहे।



# खंडहर मकान की छत गिरी, मजदूर दबे

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**अलीगढ़।** मंगलवार दोपहर डेढ़ बजे एक दो मंजिला जर्जर मकान को गिराने के दौरान अचानक उसकी छत भरभराकर नीचे गिर गई। इस हादसे में वहां काम कर रहे दो मजदूर मलबे के नीचे दब गए। छत गिरते ही इलाके में अफरा-तफरी मच गई। घटना की सूचना मिलते ही सासनीगेट पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से रेस्क्यू ऑपरेशन चलाकर दोनों मजदूरों को सुरक्षित बाहर निकाला। घटना थाना सासनीगेट क्षेत्र के मदारगेट चौकी के पास हुई। घायल सद्दीक ने बताया कि वह आजमाबाद के माशूका का रहने वाला है और चमन नाम के ठेकेदार के तहत मजदूरी का काम करता है। मदारगेट चौकी के पास स्थित एक पुरानी दो मंजिला इमारत को तोड़ने का काम चल रहा था। सद्दीक ने बताया कि हम दूसरी मंजिल पर काम कर रहे थे कि अचानक छत गिर गई। उसका साथी अनवर किसी तरह मलबे से बाहर निकलकर भागा और उसने जोर-जोर से हल्ला मचाया। उसकी आवाज सुनकर आसपास के लोग और पुलिस मौके पर पहुंच गई। इसके बाद लोगों ने उसे खींचकर बाहर निकाला और तत्काल मलबे से निकाला और तुरंत इलाज के लिए जिला अस्पताल मलखान सिंह भेजा। हादसे में सद्दीक और अनवर दोनों के सिर में चोटें आई हैं। चिकित्सक का कहना है कि दोनों को कोई गंभीर चोट नहीं लगी है। घटना के समय मकान मालिक और ठेकेदार दोनों मौके पर ही मौजूद थे और उन्होंने ही घायलों को अस्पताल पहुंचाने में मदद की। सीओ प्रथम संजीव कुमार ने बताया कि हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने तुरंत एक्शन लिया। स्थानीय नागरिकों के सहयोग से त्वरित रेस्क्यू कर दोनों मजदूरों को समय रहते निकाल लिया गया।



# राष्ट्रीय ब्राहमण महासभा ने कांग्रेस नेता आलोक गोड को सुरक्षा देने की मांग की

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**अलीगढ़।** 28 जून को जिला कांग्रेस पार्टी कार्यालय पर हुई मारपीट की घटना को लेकर राष्ट्रीय ब्राहमण महासभा ने सेवादल कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष आलोक गौड़ के साथ मारपीट और अभद्र व्यवहार करने को लेकर निंदा की है। प्रशासन मारपीट की वारदात अंजाम देने वाले शाहिद गुड्डू के खिलाफ कार्यवाही करने की मांग की है।

मंगलवार को सेन्टर प्वाइंट स्थित एक रेस्टोरेंट में आयोजित एक प्रेसवार्ता के दौरान राष्ट्रीय ब्राहमण महासभा के पदाधिकारियों ने कहा कि सेवादल कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष आलोक गौड़ का इस घटना से कोई मतलब नहीं नहीं था, उनका नाम तो बगैर बात के घसीटा जा रहा है। लेकिन उनके साथ शाहिद गुड्डू अभद्रता की और चाटा मारा और एक दलित कार्यकर्ता के साथ भी अभद्रता की थी, इसके फोटो और वीडियों साक्ष्य हैं।

इसकी हम निंदा करते हैं तथा पुलिस एवं प्रशासन से मांग करते हैं कि आलोक गौड़ के साथ अभद्रव्यवहार करने वाले शाहिद गुड्डू के खिलाफ कार्यवाही की जाये और आलोक गौड को सुरक्षादी जाये। पत्रकार वार्ता में राष्ट्रीय ब्राहमण महासभा के अध्यक्ष जे0सी0 शर्मा, सौरभ कुमार पाराशर एड़वोकेट, दयाशंकर शर्मा, सौरव कुमार पाराशर, एडवोकेट अमित शर्मा, राधा रानी आदि उपस्थित थे।



# संपत्ति कर और जलकर एक साथ जमा, लागू हुई यह नई व्यवस्था

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**अलीगढ़।** नगर आयुक्त प्रेम प्रकाश मीणा ने समीक्षा बैठक में संपत्ति कर वसूली और बिल वितरण की रणनीति तय की

अलीगढ़ नगर निगम ने कर भुगतान व्यवस्था को आसान बनाने की दिशा में बड़ा कदम उठाया है। अब शहर के नागरिक एक ही बिल के माध्यम से संपत्ति कर और जलकर का भुगतान कर सकेंगे। इस नई व्यवस्था को लागू करने वाला अलीगढ़ प्रदेश का पहला नगर निगम बन गया है।

30 जून को नगर आयुक्त प्रेम प्रकाश मीणा की अध्यक्षता में हुई समीक्षा बैठक में संपत्ति कर वसूली और बिल वितरण की रणनीति तय की गई। अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि जुलाई के अंत तक शहर के 2.60 लाख भवनों तक संयुक्त कर बिल पहुंचा दिया जाए। नगर निगम ने वर्ष 2026-27 में 150 करोड़ रुपये संपत्ति कर वसूली का लक्ष्य रखा है। नगर आयुक्त ने बताया कि नई व्यवस्था के तहत नागरिक ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों माध्यमों से एक ही बार में संपत्ति कर और जलकर जमा कर सकेंगे। इससे अलग-अलग बिलों और भुगतान प्रक्रिया की परेशानी खत्म होगी। डिजिटल सेवाओं को बढ़ावा देने के लिए कर जमा करते समय प्रत्येक उपभोक्ता से एक व्हाट्सएप नंबर और एक वैकल्पिक मोबाइल नंबर लिया जाएगा। इन नंबरों का सत्यापन इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर के माध्यम से किया जाएगा। इसके बाद कर बिल, बकाया, भुगतान रसीद और नगर निगम की महत्वपूर्ण सूचनाएं सीधे व्हाट्सएप पर भेजी जाएंगी।



# 21 दिवसीय ग्रीष्मकालीन इंटर्नशिप कार्यक्रम सम्पन्न

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**अलीगढ़।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली एवं उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निदेर्शों के क्रम में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, अलीगढ़ द्वारा आयोजित 21 दिवसीय ग्रीष्मकालीन इंटर्नशिप कार्यक्रम का मंगलवार को सफलतापूर्वक समापन हुआ। समापन अवसर पर कार्यक्रम में प्रतिभाग करने वाले विधि छात्र-छात्राओं को प्रमाण पत्र प्रदान कर उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी गईं।

माननीय जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, अलीगढ़ श्री पंकज कुमार अग्रवाल एवं प्रभारी सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के करकमलों द्वारा इंटर्नशिप पूर्ण करने वाले सभी छात्र-छात्राओं को प्रमाण पत्र वितरित किए गए। इस अवसर पर विद्यार्थियों को विधिक सेवा, न्याय तक समान पहुंच और समाज के कमजोर एवं वंचित वर्गों के प्रति संवेदनशील होकर कार्य करने की प्रेरणा भी दी गई। उल्लेखनीय है कि 21 दिवसीय इस ग्रीष्मकालीन इंटर्नशिप कार्यक्रम का आयोजन राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली एवं उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निदेर्शों के अनुपालन में किया गया। कार्यक्रम के दौरान छात्र-छात्राओं को विधिक सेवा प्राधिकरण की कार्यप्रणाली, विधिक जागरूकता, निःशुल्क विधिक सहायता, लोक अदालत एवं न्यायिक व्यवस्था के विभिन्न आयामों की व्यावहारिक जानकारी प्रदान की गई, जिससे उनमें विधि के प्रति समझ एवं सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना और अधिक सुदृढ़ हुई।



# अलीगढ़ एयरपोर्ट से सभी ट्रेनिंग उड़ानों पर रोक

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**अलीगढ़।** कासगंज में सोमवार को चेतक एविएशन का प्रशिक्षण विमान दुर्घटनाग्रस्त होने के बाद अलीगढ़ धनीपुर एयरपोर्ट से होने वाली सभी प्रशिक्षण उड़ानों पर रोक लगा दी गई है।




एयरपोर्ट प्रशासन ने बताया कि अब नागर विमानन महानिदेशालय (क्ळब्।) की टीम हादसे की जांच करेगी। जांच पूरी होने और अनुमति मिलने के बाद ही उड़ानें दोबारा शुरू होंगी। हादसे में महिला प्रशिक्षु पायलट घायल हुई हैं, जबकि बड़ा हादसा टल गया।

धनीपुर एयरपोर्ट को 2018 में हवाई अड्डे का दर्जा मिला और 2024 में यहां से नियमित संचालन शुरू हुआ। वर्तमान में यहां पायनियर फ्लाइंग एकेडमी और चेतक एविएशन प्रशिक्षण संचालित कर रहे हैं। यहां हर दिन औसतन 25 से 30 प्रशिक्षण उड़ानें होती हैं। कॉमर्शियल पायलट बनने के लिए एक प्रशिक्षु को यहां करीब 45 लाख रुपये तक खर्च करने पड़ते हैं। धनीपुर एयरपोर्ट के प्रभारी अधिकारी सत्यव्रत सारस्वत ने बताया कि हादसे की सूचना तत्काल क्ळब्। को दे दी गई है। तकनीकी टीम दुर्घटना के कारण, सुरक्षा मानकों और उड़ान संचालन की जांच करेगी। जांच पूरी होने और अनुमति मिलने तक सभी प्रशिक्षण उड़ानें बंद रहेंगी।

# श्री टीकाराम कन्या महाविद्यालय में दो विभागाध्यक्षों को भावभीनी विदाई

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**अलीगढ़।** श्री टीकाराम कन्या महाविद्यालय, अलीगढ़ में शिक्षाशास्त्र विभागाध्यक्ष प्रो. सीमा कौशिक एवं रसायन विज्ञान विभागाध्यक्ष प्रो. विनीति गुप्ता के सेवाकाल पूर्ण होने पर विदाई समारोह का आयोजन किया गया,महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. लकी गुप्ता एवं शिक्षक संघ द्वारा दोनों प्राध्यापिकाओं को पुष्पगुच्छ भेंट कर तथा माल्यार्पण कर सम्मानपूर्वक भावभीनी विदाई दी गई।

इस अवसर पर उपस्थित शिक्षिकाओं ने दोनों प्राध्यापिकाओं के दीर्घ, समर्पित एवं उत्कृष्ट शैक्षणिक योगदान की सराहना की। सभी ने उनके स्वस्थ, सुखद एवं आनंदमय सेवानिवृत्त जीवन की हार्दिक शुभकामनाएँ दीं।कार्यक्रम में रसायन विज्ञान विभाग की पूर्व विभागाध्यक्ष प्रो. संगीता कुमार, शिक्षक संघ की उपाध्यक्ष कविता भारती, सचिव प्रो. मंजू लता, शिक्षाशास्त्र विभाग से प्रो. शैली शर्मा एवं सपना यादव तथा राजनीति विज्ञान विभाग की प्रभारी प्रो. आरती गहरवार उपस्थित रहीं।



# अज्ञात वाहन की टक्कर से एलआईसी अभिकर्ता की मौत, परिवार में मचा कोहराम

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**अतरौली (अलीगढ़)।** क्षेत्र के गांव सिमथला निवासी एक एलआईसी अभिकर्ता की अज्ञात वाहन की टक्कर से दर्दनाक मौत हो गई। घटना के बाद चालक वाहन समेत मौके से फरार हो गया। इस हादसे से मृतक के परिवार में कोहराम मच गया है।

**ओवरटेक करने के प्रयास में मारी टक्कर**

जानकारी के अनुसार, तहसील अतरौली क्षेत्र के ग्राम सिमथला निवासी सोरन सिंह (50 वर्ष) पुत्र गजराज सिंह पेशे से एलआईसी अभिकर्ता (एजेंट) थे। सोमवार शाम को वह अलीगढ़ से अहरौली रोड होते हुए वापस अपने गांव लौट रहे थे। इसी दौरान रास्ते में पीछे से आ रहे एक तेज रफ्तार वाहन ने उन्हें ओवरटेक करने का प्रयास किया। लापरवाही से चलाए जा रहे इस वाहन ने सोरन सिंह को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि वह सड़क किनारे गहरी खाई में जा गिरे।

**घायल को तड़पता छोड़ भागा चालक**

हादसे के बाद आरोपी वाहन चालक ने रुककर देखा। सोरन सिंह की हालत गंभीर पाकर वह उन्हें वहीं तड़पता हुआ छोड़कर वाहन सहित मौके से फरार हो गया।

## सुविधा

## डीएम अविनाश कुमार के निर्देश पर रोस्टर होगा जारी

# गांव में ही मिलेंगी राजस्व सेवाएं, 1 जुलाई से ग्राम सचिवालय में बैठेंगे लेखपाल

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**अलीगढ़** । जिले के ग्रामीणों को राजस्व विभाग की सेवाएं अब और अधिक सरल, सुलभ एवं समयबद्ध तरीके से उपलब्ध होंगी। जिलाधिकारी अविनाश कुमार ने आयुक्त एवं सचिव, उत्तर प्रदेश राजस्व परिषद द्वारा जारी निदेर्शों के अनुपालन में जिले के सभी ग्राम सचिवालयों में लेखपालों के नियमित बैठने की व्यवस्था सुनिश्चित करने और उनकी उपस्थिति का रोस्टर तैयार करने के निर्देश दिए हैं। यह व्यवस्था जल्द ही प्रभावी होगी।

जिलाधिकारी ने कहा कि ग्राम सचिवालय ग्रामीण प्रशासन की आधारशिला हैं। यहां पंचायत सहायकों के माध्यम से संचालित ऑनलाइन सेवाओं के साथ-साथ अब राजस्व विभाग की सेवाएं भी अधिक प्रभावी ढंग से उपलब्ध होंगी। आय, जाति, निवास, हैसियत प्रमाण पत्र, खतौनी की नकल सहित विभिन्न ऑनलाइन राजस्व सेवाओं में लेखपाल की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। ग्राम सचिवालय में उनकी नियमित उपलब्धता से ग्रामीणों को अपने कार्यों के लिए अनावश्यक रूप से तहसीलों के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे।

**आय, जाति, निवास, खतौनी सहित अनेक सेवाएं होंगी और अधिक सुलभ**

डीएम ने बताया कि लेखपाल प्रशासनिक एवं न्यायिक व्यवस्था की प्रथम कड़ी हैं। वरासत, स्वामित्व योजना, किसान सम्मान निधि, रियल टाइम खतौनी, भू-अभिलेख सत्यापन, भू-नक्शा मिलान, कृषि एवं आवासीय पट्टा, फसल बीमा, दैवीय आपदा सहायता, निर्वाचन, धारा-34 एवं धारा-67 से संबंधित जांच, अवैध कब्जों की रिपोर्ट, राशन वितरण सत्यापन, खनन, पेंशन सत्यापन तथा अन्य अनेक महत्वपूर्ण कार्य लेखपालों के माध्यम से संपादित किए जाते हैं। ग्राम सचिवालय में नियमित रूप से बैठने की व्यवस्था होने से इन सभी कार्यों का निस्तारण अधिक पारदर्शी, त्वरित एवं जनहितकारी होगा।उन्होंने सभी उपजिलाधिकारियों, तहसीलदारों एवं संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि प्रत्येक ग्राम सचिवालय के लिए लेखपालों का साप्ताहिक रोस्टर तैयार कर उसका व्यापक प्रचार-प्रसार कराया जाए, ताकि ग्रामीणों को पूर्व निर्धारित दिवस एवं समय की जानकारी उपलब्ध हो सके और वे सीधे ग्राम सचिवालय पहुंचकर अपने राजस्व संबंधी कार्यों का निस्तारण करा सकें। शासन की मंशा के अनुरूप ग्राम सचिवालयों को ग्रामीण जनसेवा का सशक्त केंद्र बनाया जा रहा है।

पंचायत एवं राजस्व विभाग के बेहतर समन्वय से गांवों में ही अधिकाधिक सरकारी सेवाएं उपलब्ध कराने की दिशा में यह व्यवस्था मील का पत्थर साबित होगी। इससे ग्रामीणों का समय और धन दोनों की बचत होगी, प्रशासनिक कार्यों में पारदर्शिता आएगी और शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक प्रभावी ढंग से पहुंचेगा।

# 100 शैय्या अस्पताल अतरौली में अग्नि सुरक्षा उपकरण बने शोपीस, जांच में खुली पोल

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**अतरौली (अलीगढ़)।** स्थानीय 100 बेड के राजकीय अस्पताल में मरीजों की जान भगवान भरोसे है। मंगलवार को फायर सर्विस की टीम द्वारा किए गए औचक निरीक्षण में अस्पताल के सुरक्षा दावों की हवा निकल गई। जांच में सामने आया कि अस्पताल में लाखों रुपये की लागत से लगे अग्नि सुरक्षा उपकरण महज शोपीस बनकर रह गए हैं।








**सायरन ठप, पानी का इंतजाम नहीं**

फायर ब्रिगेड की जांच टीम के अनुसार, अस्पताल में आपातकालीन स्थिति के लिए लगाए गए सायरन सालों से बंद पड़े हैं। आग लगने की स्थिति में पानी की सप्लाई के लिए की गई व्यवस्था भी पूरी तरह ध्वस्त मिली। अधिकारियों ने बताया कि लंबे समय से उपकरणों की देखरेख न होने के कारण यह पूरी प्रणाली कबाड़ में तब्दील हो चुकी है। अस्पताल परिसर में कभी भी कोई बड़ा हादसा हो सकता है।

**अधीक्षक को चेतावनी, लापरवाही पर होगी कार्रवाई**

जांच टीम ने इस गंभीर लापरवाही पर सख्त रुख अपनाया है। टीम ने अस्पताल के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक (उटर) को मौके पर ही नोटिस थमाया। उन्हें एक निश्चित समय सीमा के भीतर सभी उपकरणों को दुरुस्त कराने के कड़े निर्देश दिए गए हैं। फायर सर्विस टीम ने साफ कहा है कि यदि निर्धारित अवधि में व्यवस्थाएं ठीक नहीं की गईं और कोई अप्रिय घटना घटती है, तो इसकी पूरी जिम्मेदारी अस्पताल प्रशासन की होगी।

# भाजपा सांसद ने धीरखेड़ा औद्योगिक क्षेत्र में नाला निर्माण कराने की मांग उठाई, सांसद प्रतिनिधियों ने सौंपा जिलाधिकारी को पत्र

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**हापुड़।** मेरठ हापुड़ लोकसभा क्षेत्र से भाजपा सांसद अरुण चन्द्र प्रकाश गोविल ने जिलाधिकारी कविता मीना को पत्र भेजकर मेरठ रोड स्थित धीरखेड़ा औद्योगिक क्षेत्र में जलभराव के निवारण व कांवड यात्रा के मद्देनजर सड़क के दोनों ओर नाला निर्माण कराने की मांग उठाई है।





जिलाधिकारी को भेजे पत्र में भाजपा सांसद ने कहा कि उनके लोकसभा क्षेत्र के धीरखेड़ा औद्योगिक क्षेत्र में उचित जल निकासी नहीं होने के कारण मुख्य सड़कों पर जलभराव होने के कारण लोगों को भारी परेशानी उठानी पड़ रही है।

उन्होंने कहा कि औद्योगिक क्षेत्र में नालों के अभाव में सड़कों पर लगातार औद्योगिक इकाइयों और बारिश का गंदा पानी जमा होने के कारण उद्योगों और आवागमन में बांधा पहुंच रही है। आगामी कांवड यात्रा के मद्देनजर स्थिति अत्यंत चिंताजनक है। सड़क पर जलभराव और गंदगी के कारण शिवभक्तों को निकलने में भारी परेशानी उठानी पड़ेगी साथ ही दुघर्टना का भी खतरा बना रहता है।

सांसद ने कहा कि आगामी कांवड यात्रा का निर्विघ्न व सुरक्षिक संपन्न कराने के दृष्टिद्गत रखते हु अधिकारियों को निर्देशित किया जाये,कि कांवड यात्रा शुरू होने से पूर्व धीरखेड़ा औद्योगिक क्षेत्र में सड़क के दोनों ओर पक्के नाले का निर्माण युद्ध स्तर पर कराये जाये।

# डिप्टी सीएम व अधिकारियों से मिला एमजीआरआईडब्ल्यूए का प्रतिनिधिमंडल





- औद्योगिक क्षेत्र में व्याप्त समस्याओं का समाधान कराने की उठाई मांग
- उप मुख्यमंत्री व अधिकारियों ने समस्याओं का निराकरण कराने का दिया आश्वासन

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**हापुड़,धौलाना।** एमजीआरआईडब्ल्यूए के प्रतिनिधिमंडल ने लखनऊ में उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य एवं वरिष्ठ अधिकारियों से की मुलाकात कर औद्योगिक क्षेत्र में व्याप्त समस्याओं का समाधान कराने की मांग की। प्रतिनिधिमंडल ने उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य से मुलाकात कर औद्योगिक क्षेत्र से जुड़ी विभिन्न समस्याओं एवं उद्योगों के विकास से संबंधित महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा हुई। उपमुख्यमंत्री ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया कि सभी प्रकरणों पर सकारात्मक कार्रवाई की जाएगी तथा संबंधित विभागों के साथ समन्वय कर समस्याओं के समाधान का हर संभव प्रयास किया जाएगा।

इसके उपरांत प्रतिनिधि मंडल से कैप्टन विकास गुप्ता के मार्गदर्शन में उद्योग विभाग की स्पेशल सेक्रेटरी से मुलाकात कर औद्योगिक क्षेत्र की प्रमुख समस्याओं से संबंधित ज्ञापन सौंपा। विशेष रूप से मसूरी गुलावठी औद्योगिक क्षेत्र के लिए प्रस्तावित अप्रोच रोड के निर्माण विषय पर चर्चा हुई। उन्होंने आश्वासन दिया कि सरकार के सहयोग से अप्रोच रोड का निर्माण जल्द प्रारंभ हो सके। खिचरा-हसनपुर मार्ग की अत्यंत जर्जर स्थिति का मुद्दा भी प्रमुखता से उठाया गया। प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि यह मार्ग क्षेत्र की 100 से अधिक औद्योगिक इकाइयों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है और इसकी खराब स्थिति के कारण उद्योगों एवं वाहनों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। इस पर स्पेशल सेक्रेटरी ने बताया कि प्रस्ताव संबंधित विभाग को भेजा जा चुका है तथा प्रमुख सचिव, लोक निर्माण विभाग से भी इस विषय में मिलने की सलाह दी। इसके पश्चात प्रतिनिधिमंडल ने प्रमुख सचिव अजय चौहान से भी भेंट कर खिचरा-हसनपुर मार्ग के चौड़ीकरण एवं आरसीसी (सीमेंट कंक्रीट) सड़क निर्माण की मांग रखी। उन्होंने आश्वासन दिया कि इस परियोजना पर शीघ्र सकारात्मक कार्रवाई होगी। प्रतिनिधि मंडल में एमजीआरआईडब्ल्यूए (मसूरी गुलावठी इंडस्ट्रियलिस्ट वेलफेयर एसोसिएशन) के अध्यक्ष दीपक शर्मा,महासचिव बब्बू चौधरी, उपाध्यक्ष मनप्रीत सिंह तथा जॉइंट सेक्रेटरी विकास अग्रवाल शामिल थे।

# मध्य प्रदेश की महिला जज द्वारा 14 गौ-रक्षकों को सुनाई गई आजीवन कारावास की सजा तालिबानी मानसिकता : वेद नागर

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**धौलाना (संजीव वशिष्ठ)** । मंगलवार को गौ रक्षा हिन्दू दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष वेद नागर ने मध्य प्रदेश के नर्मदापुरम जिले के सिवनी मालवा न्यायालय में अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश तबस्सुम खान द्वारा 14 गौ-रक्षकों को सुनाई गई आजीवन कारावास की सजा पर गहरी आपत्ति व्यक्त करते हुए महामहिम राष्ट्रपति महोदया प्रेषित एक ज्ञापन उपजिलाधिकारी दादरी को सौंपा। वेद नागर ने कहा कि सभी निर्दोष गौ भक्तों को तालिबान सोच के चलते सजा सुनाई है, जिसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। वेद नागर ने कहा कि तत्काल प्रभाव से सजा निरस्त हो और 5 जजों की पीठ नियुक्त कर तत्काल सभी गौ भक्तों को बाइज्जत रिहा किया जाए। जिस तरह वहां की कोर्ट ने सजा सुनाई है, उसमें तालिबानी सोच साफ दिखाई दे रही है। वेद नागर ने महामहिम को ज्ञापन के माध्यम से मांग करते हुए कहा कि पूरे प्रकरण में पक्षपातपूर्ण, अनुचित अथवा विधि-विरुद्ध कार्यवाही साफ दिखाई दे रही है। तत्काल न्यायाधीश को बर्खास्त किया जाए और गौ-संरक्षण से जुड़े मामलों में कार्य करने वाले व्यक्तियों के अधिकारों एवं सुरक्षा के लिए स्पष्ट नीति बनाई जाए।





वेद नागर ने महामहिम राष्ट्रपति महोदया से राष्ट्रहित, न्याय एवं संविधान की भावना के अनुरूप आवश्यक कार्रवाई की मांग करते हुए कहा कि इस तरह की सजा देने से न्याय व्यवस्था के प्रति जनता का विश्वास खत्म हो जाएगा। इस लिये सभी निर्दोष 14 गौ-रक्षकों को सुनाई गई आजीवन कारावास की सजा के विरोध में राष्ट्रपति को तत्काल संज्ञान लेना चाहिए। साथ ही मांग करते हुए कहा कि उक्त निर्णय की उच्चस्तरीय एवं स्वतंत्र जांच कराई जाए तथा प्रकरण की दोबारा किसी बड़े न्यायालय में अन्य न्यायाधीश द्वारा सुनवाई कराई जाए।साथ में अशोक भाटी, लखन गुर्जर, बंटी गुर्जर, शोरभ राणा, सुरेन्द्र गौतम, अंकित भाटी, समेत काफी लोग मौजूद रहे।

# लखनऊ में गूंजा मुरादनगर का नाम, आर एस तोमर एंड जे एस सैफी फाउंडेशन को एक ही दिन मिले सोलह बड़े सम्मान

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**मुरादनगर। (नासिर मंसूरी)** शहर के प्रमुख सामाजिक संगठन आर एस तोमर एंड जे एस सैफी फाउंडेशन ने एक बार फिर मुरादनगर का मान बढ़ाया है। संगठन द्वारा वर्षों से निःस्वार्थ भाव से चलाए जा रहे अनेक विभिन्न सामाजिक अभियान, एवं रक्तदान अभियानों को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बड़ी पहचान मिली। जब लखनऊ में आयोजित भव्य समारोह में उन्हें एक ही मंच पर फाउडैशन के सोलह पदाधिकारियों को प्रतिष्ठित सम्मानों से अलंकृत किया गया। जानकारी के अनुसार बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय, लखनऊ के अटल सभागार में आयोजित संवेदना-2 नेशनल सोशल इम्पैक्ट अवार्ड समारोह में आर एस तोमर एंड जे एस सैफी फाउंडेशन को रक्तदान जागरूकता, विशाल रक्तदान शिविरों के सफल आयोजन तथा जरूरतमंदों के जीवन बचाने में उलेखनीय योगदान के लिए डॉ० बबिता सिंह चौहान, अध्यक्ष, उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग एवं वैश्य नटवर गोयल, राज्यमंत्री, उ० प्र० लघु उद्योग निगम लिमोटेड के कर कमलों से नेशनल इंटीग्रेटेड फोरम ऑफ आर्टिस्ट्स एंड एक्टिविस्ट्स द्वारा प्रतिष्ठित वर्ड रिकॉर्ड ऑफ एक्सीलेंस, इंग्लैंड अवार्ड, दूसरा उत्तर प्रदेश में संवेदना 2 अभियान के सोशल इम्पैक्ट अवार्ड भी प्रदान किए गए हैं। एक ही मंच पर मिले इन सौलह सम्मानों ने समारोह में उपस्थित लोगों का ध्यान आकर्षित किया और मुरादनगर के लिए गौरव का क्षण बना दिया। आर एस तोमर एंड जे एस सैफी फाउंडेशन के पदाधिकारियों में डा राजपाल तोमर, डॉ फहीम सैफी, सीदु अल्वी, वीरेंद्र सिंह रविंद्र कुमार मोहसिन भादोली, मौलाना जिया उल हक आदि उपस्थित रहे।




# प्रधानमंत्री मोदी ने कश्मीर से धारा 370 हटाकर महापुरुषों को सम्मान दिया है: सत्यपाल सैनी

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**हापुड़।** मंगलवार को डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी जयंती संस्मरण पखवाड़ा के अंतर्गत कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन भाजपा जिलाध्यक्ष कविता माधरे की अध्यक्षता में इंद्रप्रस्थ कालेज में हुआ।






कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रदेश उपाध्यक्ष सतपाल सैनी जी एवं क्षेत्रीय मंत्री इंद्रपाल बजरंगी रहे। मुख्य अििति सतपाल सैनी जी कहा कि आज दुनिया हमारे देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी पर गर्व महसूस करती हैं। कश्मीर से धारा 370 को हटाकर जो सम्मान महापुरुषों को दिया है। ये सिर्फ भाजपा की सरकार में नरेंद्र मोदी जी ने ही किया है। मुख्य अतिथि इंद्रपाल बजरंगी ने कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा उन्होंने कहा कि 2014 से पहले अटल जी के कार्यकाल को छोड़कर कांग्रेस ने देश को बर्बाद करने का कार्य किया है। भाजपा कार्यकर्ता आधारित पार्टी है यह कार्यकर्ता देवतुल्य कहा जाता है। इस मौके पर जिला पंचायत अध्यक्ष रेखा नागर,यूपी सफाई कर्मचारी आयोग के सदस्य मनोज वाल्मीकि, विधायक विजयपाल आढ़ती,हरेंद्र तेवतिया, पूर्व विधायक कमल मलिक,पूर्व विधायक जयप्रकाश, जिला महामंत्री श्यामेन्द्र त्यागी,कपिल सिंघल, राहुल उपाध्याय, जिला उपाध्यक्ष राजसुंदर तेवतिया,राजीव सिरोही, राजेश शर्मा,मनोज गौतम, जयभगवान शर्मा, डा.पायल गुप्ता, जिला मंत्री अमित शर्मा,हितेश मोदी, अमित टांक,राकेश बजरंगी, संगीता पुरुषोत्तम,मालती भारती, अंशुल मित्तल,शैलेंद्र राणावत,आशीष सिंघल, बिट्टू जाटव,फैज अंसारी आदि उपस्थित रहे।

# ई-रजिस्ट्री नियमावली 2024 के नियम 05 में संशोधन की मांग को लेकर अधिवक्ताओं/दस्तावेज लेखकों की हड़ताल जारी

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**धौलाना (संजीव वशिष्ठ)।** पिछले तीन सप्ताह से धौलाना में अधिवक्ताओं की अनिश्चितकालीन हड़ताल और कार्य बहिष्कार जारी है । सरकार ने साल 2025 में एक आदेश जारी किया था , लेकिन 2026 में नियमों में बड़ा फेरबदल किया गया । धौलाना बार अध्यक्ष विनोद शिशोदिया, राजीव तोमर, अभिषेक तोमर, सचिन शर्मा , मोहित शर्मा, पूर्व बार अध्यक्ष अनिल शर्मा, अमर पाल सिंह राणा ने बताया की लखनऊ गई प्रतिनिधिमंडल की टीम की रिपोर्ट और नियम 05 के संशोधित लिखित आदेश के बाद ही हड़ताल वापस लेने पर अंतिम निर्णय लिया गया है । उन्होंने बताया की ई-रजिस्ट्री नियमावली 2024 के नियम 05 के विरोध और इसमें आवश्यक संशोधन की मांग को लेकर चल रही हड़ताल जारी रहेगी । पिछले 11 जून 2026 से सभी साथी पूरी एकजुटता के साथ लगातार कार्य बहिष्कार पर हैं, जिसके कारण रजिस्ट्री कार्यालयों में कामकाज पूरी तरह ठप पड़ा हुआ है। अधिवक्ता और दस्तावेज लेखक साथियों का स्पष्ट कहना है कि सरकार ने इससे पहले साल 2025 में भी इस संबंध में एक आदेश जारी किया था, जिससे कुछ राहत की उम्मीद थी। परंतु, साल 2026 में सरकार द्वारा उन नियमों को अचानक परिवर्तित कर दिया गया, जिसके बाद यह संकट और गहरा गया। बार-बार नियमों में हो रहे इस बदलाव से न सिर्फ वकीलों और दस्तावेज लेखकों के सामने आजीविका का संकट खड़ा हो गया है, बल्कि आम जनता भी भारी असमंजस में है।

**लिखित आदेश के बिना काम पर लौटने से इनकार : विनोद शिशोदिया बार अध्यक्ष**







लिखित आदेश के बिना हड़ताल वापसी नहीं होगी । बार अध्यक्ष ने सभी आंदोलनकारी साथियों की सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया है कि वर्तमान स्थिति में हड़ताल को समाप्त करना बेहद जल्दबाजी होगी। जब तक हमारी मांगों के समर्थन में और ई-रजिस्ट्री 2024 की नियमावली के नियम 05 का स्पष्ट, संशोधित शासकीय आदेश (जी.ओ.) जारी नहीं हो जाता, तब तक कार्य पर वापस लौटने का कोई औचित्य नहीं है। इसलिए अभी लगता है अधिवक्ताओं और निबंधन अधिकारियों को पुनः सार्थक वार्ता की आवश्यता है । वही धौलाना के अधिवक्ता पूरे जोश खरोश से आंदोलन को खाद पानी देने का काम कर रहे है । जिससे इनकी जीत पूरी तरह सुनिश्चित हो सके ।

**निर्देश** जनपद के विद्यालयों में फलदार पौधों का रोपण करने के दिये निर्देश

# जिले की प्रत्येक ग्राम पंचायत में हरिशंकरी का रोपण भी किया जाए: डीएम

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**हापुड़।** कलेक्ट्रेट सभागार कक्ष में जिला पर्यावरण समिति, जिला वृक्षारोपण समिति एवं जिला गंगा समिति की संयुक्त बैठक जिलाधिकारी कविता मीना की अध्यक्षता में आयोजित की गई। जिसमें डीएम ने पौधारोपण हेतु अधिकारियों को निर्देशित किया। जिलाधिकारी कविता मीना ने सभी संबंधित विभागों को निर्देशित किया गया कि वृक्षारोपण वर्ष 2026-27 हेतु आवंटित लक्ष्यों के सापेक्ष शत-प्रतिशत भूमि चिह्नांकन एवं अग्रिम मृदा कार्य (गड्ढा खुदान) और पौध की मांग समयबद्ध रूप से पूर्ण करना सुनिश्चित करें। जनपद में विशिष्ट वन की स्थापना की जाए तथा जनपद की समस्त न्याय पंचायतों में एक-एक स्थल पर मियावाकी पद्धति से वृक्षारोपण कराया जाए। प्रत्येक ग्राम पंचायत में हरिशंकरी का रोपण भी किया जाए। इसके अलावा वृक्षारोपण कार्यक्रम के दौरान विद्यालयों में फलदार वृक्षों का रोपण कराया जाये। जिलाधिकारी ने सभी विभागों को निर्देशित किया गया कि वे अपने-अपने कार्य स्थलों पर लू एवं हीट वेव से बचाव हेतु समस्त आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें। पशु-पक्षियों हेतु विभिन्न स्थानों पर नांद/हौदे बनवाकर उनमें नियमित रूप से पानी भरवाना सुनिश्चित किया जाए। जनपद में प्लास्टिक वेस्ट का प्रबंधन पर्यावरण संरक्षण अधिनियम के प्रावधानों के अनुरूप किया जाए। बायो-मेडिकल वेस्ट के उचित निस्तारण हेतु जनपद स्तर पर एक बायो-मेडिकल टीम के गठन का प्रस्ताव रखा गया। डीएम कविता मीना ने समस्त अधिशासी अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि जनपद में प्रवाहित होने वाली नदियों में किसी भी प्रकार का प्रदूषित जल बिना उपचारित किए प्रवाहित न होने दिया जाए तथा नदियों में अनावश्यक कूड़ा-कचरा न डाला जाए। इस अवसर पर श्रुति शर्मा मुख्य विकास अधिकारी;गौतम सिंह प्रभागीय वनाधिकारी; डॉ किशोर आहूजा मुख्य चिकित्सा अधिकारी;विरेन्द्र कुमार अपर सांख्यिकी अधिकारी;शिव बिहारी शुक्ला जिला पंचायत राज अधिकारी;विपुल कुमार प्रतिनिधि क्षेत्रीय अधिकारी, उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड,पर्यावरणविद् भारत भूषण लोक भारती; तथा जनपद के समस्त संबंधित अधिकारी एवं प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

**पशु-पक्षियों हेतु विभिन्न स्थानों पर नांद/हौदे बनवाकर प्रतिदिन पानी भरवायें**



Email Id : Bulandsandesh@gmail.com

दैनिक बुलन्द संदेश

## सम्पादकीय

# मुक्त व्यापार समझौतों की बाढ़ में फंसता बाजार



अब्दुल सलाम सैफी
संपादक

सोचें, डोनाल्ड ट्रंप पर। अमेरिका का कैसा मजाक बना डाला है। चाहे जो कर रहे हैं मगर लोकतंत्र के तकाजे में कोई कुछ भी नहीं कर सकता। ईरान ने अमेरिका को हैसियत दिखा दी है। मेरा मानना है कि साठ दिनों बाद ईरान ही खाड़ी का मालिक होगा। दुनिया का संकट बना रहेगा। बावजूद इसके ट्रंप के झूठ, झांसे हॉट केक की तरह हैं। इसलिए भारत में भी उनका यह कहा अमृत वाक्य है कि नरेंद्र मोदी एक टफ नेगोशिएटर हैं। मोदी देखने में देवदूत जैसे लगते हैं और वे राजनीति में किलर हैं। सवाल है क्यों ट्रंप ने भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को यह 'चरित्र प्रमाणपत्र दिया? इसलिए क्योंकि दुनिया जानती है कि ज्योंहि प्रमाणपत्र मिलेगा त्योंहि मोदी और उनका मीडिया हिंदू भक्तों के बीच ट्रंपजी के कहे का घर-घर पहुंचा देगा। देखों हमारे भगवान को अमेरिकी राष्ट्रपति ने भी देवदूत जैसा कहा! ध्यान रहे, ट्रंप अपने आपको धूर्त, मास्टर सौदेबाज कहते हैं। उन्हे हर किसी को बेवकूफ बनाना आता है। वे प्रोपर्टी डीलर हैं। मिट्टी को भी सोने के भाव बेच सकते हैं। अमेरिका को जैसा अभी चूना लगा रहे हैं, वैसा एक भी राष्ट्रपति अमेरिकी इतिहास में नहीं हुआ है। ऐसे व्यापारी, सौदेबाज की पहली कला यह होती है कि सौदा करने से पहले सामने वाले को उसकी कीमत से थोड़ा ज्यादा महान महसूस करा दिया जाए। ट्रंप ने आज ही लिखा है कि वे अपने आपको हिटलर, स्टालिन, माओं, सिकंदर आदि से बड़ा शक्तिमान मानते हैं। उन्हे भी इतिहास ऐसे ही याद करेगा। ट्रंप और नरेंद्र मोदी में फर्क यह है कि ट्रंप का लक्ष्य पृथ्वी के इतिहास का नंबर एक युगपुरुष होना है वही नरेंद्र मोदी को कलियुगी भारत का सबसे बड़ा देवता कहलाना है। एक की महानता का लेवल पृथ्वी का आधुनिक इतिहास है। वही दूसरे का कलियुगी हिंदुओं का नंबर एक भगवान बनना है। बारह साल, बारह युग! भारत में कभी चंद्रशेखर नाम के एक प्रधानमंत्री हुआ करते थे। उनके चेलों ने चालीस दिन बनाम चालीस साल के ऐसे नारे बनाए थे कि देश भर के चिरकूट उनका कीर्तन करते थे।

भटक गया हूं। असल मुद्दा है कि जल्द भारत का बाजार अमेरिकी का कैप्टिव बाजार होगा। ट्रंप अमेरिका से भारत को पशुओं की खुराक भिजवाएँगे तो सोयाबीन, मक्का से लेकर वे सामान भी आएंगे, जिससे भारत के विदेश व्यापार की कंगाली में आटा और गीला होगा। अब अमेरिका का बनवाया समझौता आसानी से लापतागंज में बिकेगा। 140 करोड़ ग्राहकों के बाजार में अमेरिका की उपस्थिति इसलिए बड़ी होनी है क्योंकि अमेरिका यह भी वचन ले रहा है कि इतने वर्षों में इतना अमेरिकी सामान भारत को खरीदना ही है। सोचें, एक के बाद एक मुक्त व्यापार समझौतों की बाढ़ में फंसता बाजार। यूएई, ऑस्ट्रेलिया, ईएफटीए, ब्रिटेन, यूरोपीय संघ, ओमान, न्यूजीलैंड, अमेरिका से व्यापार (खरीद) के सौदे ही सौदे तो वही चीन बिना सौदे के पहले से ही सबसे बड़ा विक्रेता। पता है व्यापारिक घाटे में सबसे बड़ा घाटे वाला कौन सा देश है? भारत। यों नंबर एक पर अमेरिका है। मगर वह इसलिए है क्योंकि अमेरिकी इतने अमीर है कि उन्हे काले हाथ करके सामान बनाना पसंद नहीं। अमेरिकियों की कमाई के असल जरिए दूसरे हैं। वह डॉलर छापता है। दुनिया को पूंजी, तकनीक देता है। अब वह कृत्रिम बुद्धिमत्ता का भी मालिक है जिससे उसे डालर मिलेगा तो भारत की आईटी, सेवा क्षेत्र की डालर कमाई भी लापता होनीं है।

# राममंदिर का ब्राह्मणवाद ने बीजेपी का दलित- पिछडा विरोधी चेहरा बेनकाब किया



आचार्य श्रीहरि

जैसा नाम, वैसी करतूत, यानी चंपत राय। मुलायम सिंह यादव का गुलाम, हिंदुत्व खोर, कारसेवकों पर गोलियां चलवाने वाला, यानी नृपेन मिश्रा, भैयाजी जोशी और अपने अन्य आकाओं के आदेश पर अपनी जाति की यूनियन बाजी चलाने वाले, यानी गोपाल राव, राममंदिर में लूट पाट करने की छूट देने वाले यानी अनिल मिश्रा ने न केवल हिंदुत्व की समृद्धि और साख को दफन कर दिया बल्कि योगीध मोदी के चुनावी हिंदुत्व को भी दफन कर दिया, चुना लगा दिया। उस नारे और आम अभिव्यक्ति का बीजेपी, मोदी के पास कोई जवाब हो सकता है क्या जिसमें कहा जा रहा है कि जिन्होंने राम को लाये , उन्होंने ही राम को लुटा। सार्वजनिक तौर पर उक्त नारा अब जोर पकड रहा है, सबसे बडी बात यह है कि उक्त नारे को गति देने वाले कोई समाजवादी पार्टी के गूगे नहीं हैं, कोई कांग्रेस के गुर्गे नहीं है, कोई जिहादी नहीं है, कोई विदेशी नहीं है, कोई विखंडन कारी नहीं है, फिर कौन है दरअसल ऐसे नारे लगाने वाले और अभिव्यक्ति को गति देने वाले बीजेपी और संघ के ही समर्थक और हिन्दुत्ववादी हैं, जिनकी भावनाएं आहत हुई हैं, जिनके बलिदान को कलंकित किया गया है, जिन्हें लग रहा है कि श्रीराम तीर्थ मंदिर ट्रस्ट पर सरकारी अधिकारी बैठने वाले हैं, राममंदिर सरकार के अधीन जाने वाला है, मंदिरों को सरकारी कब्जे से मुक्त कराने का उनका आंदोलन दम तोड़ने वाला है, चुनावी हिंदुत्व की एकता खंडित होने वाली है, 2024 जैसा दुष्परिणाम 2027 में भी सामने आ सकता है। जानना यह भी जरूरी है कि 2027 उत्तर प्रदेश का विधानसभा चुनाव है और योगी आदित्यनाथ तीसरी बार चुनावी जनादेश की कसौटी पर खडे होंगे, 2017 जैसा हिंदुत्व 2022 में परिणाम नहीं दिया, 2024 में यूपी में हिंदुत्व के लचर प्रदर्शन ने नरेंद्र मोदी को के जनादेश में चुना लगा दिया था, नरेंद्र मोदी को स्पष्ट बहुमत से दूर कर दिया था।

मोदी के चुनावी हिंदुत्व का यह तर्क बहादुरी नहीं दिखाएगा, करिश्मा नहीं करेगा। बचने के लिए बीजेपी , विहिप, संघ के तर्क हवाहवाई है। इस पक्ष से तर्क दिया जा रहा है कि हमने चोरो को पकड लिया है और उन्हें जेल भी भेज दिया है, रिकवरी भी किया है? आम जनता का तर्क ज्यादा मजबूत और चाकचैबंद है, बीजेपी के लिए नुक्सानकुण भी है। आम जनता का तर्क यह है कि ये तो मामूली लोग हैं, असली चोर, लुटेरे तो चंपत राय है, नृपेन मिश्रा है, अनिल मिश्रा है, गोपाल राव है, इन लोगों ने नं केवल चंदा चोरी की है, बल्कि जमीन खरीदने में कमीशन खाई है, सस्ती जमीन को महंगी कीमत पर खरीद कराई गई, राममंदिर निर्माण कार्य में कमीशन खाई है। जांच निष्पक्ष होती तो फिर चंपत राय, नृपेन मिश्रा, अनिल मिश्रा, गोपाल राव को भी जेल होती , इन लुटेरे गिरोह पर करवाई न होना, इन पर एफआईआर दर्ज नहीं होना , यह साबित करती है कि लुट पर पर्दा डालने का ही प्रयास किया गया है। कितने करोड की चोरी हुई है? अनुमान दो सौ करोड से लेकर दो हजार करोड रुपए तक लगाया जा रहा है। बनियों ने भी मोर्चा खोल दिया है और उन लोगों का नाम सार्वजनिक करने की मांग की है जिन्होंने एक करोड और उससे अधिक का दान दिया था, बनियों का कहना है कि 99 प्रतिशत चंदा बनियों ने दिया है, बनियों के चंदा बैंक खाते में गया कि नहीं, यह भी सार्वजनिक होना चाहिए। सर्वविदित है कि बनिया जाति ही पहले जनसंघ, फिर बीजेपी का मूलाधार है, संघ, विहिप के लिए जीवन पालक है, बनिया वर्ग की ऐसी नाराजगी भारी पड़ेगी, संघ, बीजेपी के हिंदुत्व योजनाओं में बनियों की दूरी इनके लिए मौत का समान है। करे कोई और भरे कोई। बुरे के फंस गए बेचारे योगी आदित्यनाथ। जनता का गुस्सा योगी आदित्यनाथ के सिर पर ही फूटने वाला है।

योगी की सरकार ही दांव पर लगी हुई है। योगी आदित्यनाथ लाचार और विवश भी हैं, वे नरेंद्र मोदी, संघ और विहिप से एक साथ नराजगी मोल नहीं ले सकते हैं, तालाब में रहकर मगरमच्छ से बैर? पर संघ और बीजेपी के चुनावी हिंदुत्व को लेकर जातिवादी घेराबंदी जारी हो गई है, जाति अस्मिता के प्रश्न खडे हो गए हैं, जाति प्रतिनिधित्व और भागीदारी के प्रश्न हवा के प्रवाह में बह रहे हैं। श्रीराम मंदिर तीर्थ ट्रस्ट पर सिर्फ ब्राह्मणों का ही कब्जा क्यों? चंपत राय को छोड कर कोई अन्य जाति का व्यक्ति ट्रस्ट का सदस्य क्यों नहीं है, श्रीराम मंदिर निर्माण समिति में भी सिर्फ ब्राह्मणों की बहुलता क्यों है? उल्लेखनीय है कि श्रीराम मंदिर तीर्थ ट्रस्ट में कोई दलित नहीं है, कोई पिछडा नहीं है, मुलायम सिंह यादव की गोलियों का शिकार बनने वाले अमर बलिदानी कोठारी बंधुओं के परिवार से कोई सदस्य क्यों नही है? पिछडों और दलितों में जागरूकता चरम पर है, वे अपना प्रतिनिधित्व और भागीदारी को लेकर सचेत हैं, आंख मूंद कर विश्वास करने के लिए अब तैयार नहीं है। कहने का अर्थ यह है कि दलितों और पिछडों को यह साफ लग रहा है कि बीजेपी हमारा निरोध की तरह उपयोग करती है, हमारा वोट लेकर हमें ही हाशिए पर भेज देती है, ब्राह्मण वाद पर बीजेपी असली फोकस करती है। बीजेपी को पिछडे और दलित अपना विरोधी मानते थे, हिंदुत्व और श्रीराम मंदिर आंदोलन के बाद भी दलित, पिछडे का एक बडा भाग बीजेपी को अपना दुश्मन और लुटेरा मानता था, अपनी राजनितिक दुर्गति के लिए जिम्मेदार मानता था। लेकिन नरेंद्र मोदी के कारण पिछडे और दलित बीजेपी की ओर झुके हैं, नरेंद्र मोदी के कारण ही पिछडे और दलित वोट करते हैं, खासकर पिछडी जातियों का झुकाव बीजेपी की ओर जबरदस्त हुआ है, पिछडे और दलित का समर्थन नहीं मिला होता तो फिर नरेंद्र मोदी की केंद्र में सरकार नहीं बनती, उत्तर प्रदेश के राजनीतिक पटल पर योगी आदित्यनाथ का उदय नहीं हुआ होता, बीजेपी उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी और बसपा को हराने में सक्षम नहीं होती। नरेंद्र मोदी खुद अपने आप को पिछडा कहते हैं, उनकी कथित जाति घांची, तेली पिछडी जाति में आती है। लेकिन नरेंद्र मोदी श्रीराम मंदिर तीर्थ ट्रस्ट में पिछडों और दलितों को प्रतिधिनित्व देने में पीछे क्यों रह गए, ट्रस्ट को उन्होंने ब्राह्मणों का चारागाह क्यों बना दिया? बीजेपी विरोधी पार्टियां दलितों और पिछडों को हिंदू विरोधी करने में लगी हुई हैं, हिंदू विरोधी शक्तियां पिछडों और दलितों के माध्यम से हिंदुत्व की कब्र खोदने में लगी हुई हैं। कहा जा रहा कि मोदी ब्राह्मणवाद कर रहे हैं, बीजेपी में पांच मुख्यमंत्री ब्राह्मण हैं, मोदी मंत्रिमंडल में सर्वाधिक मंत्री ब्राह्मण हैं। विपक्ष का यह हथकंडा चल गया तो फिर उत्तर प्रदेश में बीजेपी को सर्वाधिक नुकसान होगा और योगी आदित्यनाथ की सरकार का पतन भी हो सकता है। 2024 के लोकसभा चुनावों में बीजेपी का हस्र सभी को मालूम है, 2022 में खुद योगी आदित्यनाथ का जनादेश कमजोर पडा था। योगी आदित्यनाथ सरकार की नौकरशाही भ्रष्ट, बईमान और जनता के लिए यमराज की तरह हैं, अगर उत्तर प्रदेश के पिछडों और दलितों को 2027 में श्रीराम मंदिर तीर्थ ट्रस्ट में अपनी उपेक्षा और संघ बीजेपी का ब्राह्मणवाद याद आ गई तो फिर नरेंद्र मोदी और योगी आदित्यनाथ का चुनावी हिंदुत्व दफन हो सकता, योगी को लगातार तीसरी बार मुख्यमंत्री बनने के सपने का संहार हो सकता है।

## अपनों के ही बदलते हुए तेवर देखे हैं

महलों के बीच रोते हुए भी बशर देखे हैं
झोपड़ों में खिलखिलाते मंजर देखे हैं।
(बशर- इंसान,आदमी)

सच बोलने की राह में काँटे ही काँटे थे,
झूठों के हाथों फलते हुए जर देखे हैं।
(जर- धन,दौलत)

मंज़िल उन्हें मिली जो पसीनों से लड़ते रहे,
तकदीर के सहारे पार होते लश्कर देखे हैं।
(लश्कर-सेना,सैन्य दल)

रिश्तों की धूप जरा तेज हुई एक दिन,
अपनों के ही बदलते हुए तेवर देखे हैं।

दौलत के नशे में जो खुदा बने फिरते थे,
मिट्टी में मिलते उनके भी सर देखे हैं।

मत पूछिए वक़्त का फैसला कितना अजीब था,
पत्थर को तैरते हुए और डूबते गुहर देखे हैं।
(गुहर-अनमोल रत्न)

न लिख फैसले तकदीर के पन्नों पर,
मेहनत से बदलते हुए मुक़द्दर देखे हैं।

किस्मत का क्या करें इतना भरोसा, संजीव
हमने बारिश में सूखते हुए शजर देखे हैं।
(शजर-पेड़,)।



संजीव ठाकुर

**अखबार में अपना लेख कहानी, कविता या किसी विभाग के खिलाफ शिकायत या सुझाव देने के इच्छुक हो तो बेझिझक होकर हमारे पास भेजे हैं जिसे प्रकाशन योग्य होने पर अवश्य प्रकाशित करेंगे। हमें इस ईमेल पर भेज सकते हैं। भेजते समय विषय अवश्य लिखें।**
**bulandsandesh@ gmail.Com**

**वैधानिक सूचना**

**पाठकों को सलाह दी जाती है कि बुलन्द संदेश दैनिक समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच पड़ताल कर लें, समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।**

# राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस हमारे जीवन के सच्चे नायकों को समर्पित

राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस प्रत्येक वर्ष 1 जुलाई को पूरे भारत में अत्यंत सम्मान और कृतज्ञता के साथ मनाया जाता है। यह दिन उन सभी चिकित्सकों के प्रति आभार व्यक्त करने का अवसर है जो अपने ज्ञान, अनुभव, सेवा और समर्पण से लाखों लोगों का जीवन सुरक्षित बनाते हैं। यह दिवस महान चिकित्सक, स्वतंत्रता सेनानी, शिक्षाविद और पश्चिम बंगाल के पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. बिधान चंद्र रॉय की जयंती तथा पुण्यतिथि के उपलक्ष्य में मनाया जाता है। उनका जन्म 1 जुलाई 1882 को हुआ था और इसी दिन वर्ष 1962 में उनका निधन हुआ। चिकित्सा और जनसेवा के क्षेत्र में उनके अतुलनीय योगदान को सम्मान देने के लिए वर्ष 1991 से भारतीय चिकित्सा संघ द्वारा राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस मनाने की शुरूआत की गई।

डॉक्टर केवल बीमारी का उपचार करने वाले व्यक्ति नहीं होते बल्कि वे जीवन के रक्षक, समाज के मार्गदर्शक और मानवता की सेवा के सबसे बड़े प्रतीक होते हैं। जब कोई व्यक्ति शारीरिक या मानसिक पीड़ा से गुजर रहा होता है तब डॉक्टर ही उसे नई आशा और नया विश्वास प्रदान करते हैं। उनकी मुस्कान, उनका आत्मविश्वास और उनका अनुभव मरीज तथा उसके परिवार के लिए संबल बन जाता है। दिन हो या रात, त्योहार हो या अवकाश, डॉक्टर अपने कर्तव्य को सर्वोपरि मानते हुए निरंतर सेवा में लगे रहते हैं। यही कारण है कि उन्हें धरती पर भगवान का दूसरा रूप भी कहा जाता है।

आज के समय में चिकित्सा केवल उपचार तक सीमित नहीं रह गई है। आधुनिक डॉक्टर रोगों की रोकथाम, स्वास्थ्य जागरूकता और स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। नियमित स्वास्थ्य जांच, उच्च रक्तचाप, मधुमेह और कैंसर जैसी बीमारियों के प्रति जागरूकता अभियान, टीकाकरण कार्यक्रम, मानसिक स्वास्थ्य परामर्श तथा संतुलित जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना डॉक्टरों की जिम्मेदारियों का महत्वपूर्ण हिस्सा बन चुका है। उनका उद्देश्य केवल रोग का इलाज करना नहीं बल्कि लोगों को स्वस्थ और खुशहाल जीवन जीने के लिए प्रेरित करना भी है। डॉक्टर हमारे जीवन के हर चरण में हमारे साथ खड़े रहते हैं। जन्म के समय नवजात शिशु की पहली जांच से लेकर वृद्धावस्था तक वे हर आयु वर्ग के लोगों की देखभाल करते हैं। बच्चों की बीमारियों से लेकर बुजुर्गों की जटिल स्वास्थ्य समस्याओं तक डॉक्टर पूरी निष्ठा और धैर्य के साथ अपनी सेवाएं देते हैं। मधुमेह, हृदय रोग, गुर्दा रोग और कैंसर जैसी दीर्घकालिक बीमारियों से जूझ रहे मरीजों के लिए डॉक्टर केवल चिकित्सक नहीं बल्कि प्रेरणा और विश्वास का स्रोत भी होते हैं।आपातकालीन परिस्थितियों में डॉक्टरों का योगदान सबसे अधिक दिखाई देता है। सड़क दुर्घटना, प्राकृतिक आपदा, महामारी अथवा किसी भी स्वास्थ्य संकट के दौरान डॉक्टर अपनी जान की परवाह किए बिना लोगों की सेवा करते हैं। कोरोना महामारी के दौरान पूरी दुनिया ने देखा कि किस प्रकार डॉक्टरों ने अपने परिवार से दूर रहकर दिन-रात मरीजों की सेवा की और हजारों लोगों का जीवन बचाया।

**कांतिलाल मांडोत**

# मायावती के बाद दलित राजनीति का नया सवेरा- आजाद समाज पार्टी और चंद्रशेखर आजाद का बढ़ता प्रभाव



डा.महताब अमरोहवी

भारतीय राजनीति के पटल पर पिछले कुछ वर्षों में एक बड़ा बदलाव देखने को मिला है, जिसने दलित विमर्श और चुनावी समीकरणों को पूरी तरह से नया आकार दिया है।एक समय था जब उत्तर भारत में दलित राजनीति का पर्याय केवल मायावती और बहुजन समाज पार्टी हुआ करती थी, लेकिन आज स्थितियां तेजी से बदली हैं। देश का दलित समाज, विशेषकर जाटव, मेघवाल और अहिरवार जैसे समुदाय, अब एक नई ऊर्जा और नई उम्मीद के साथ आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) की ओर देख रहे हैं। इस बदलाव को महज एक राजनीतिक परिवर्तन नहीं, बल्कि दलित चेतना के एक नए युग के उदय के रूप में देखा जाना चाहिए,जिसका नेतृत्व युवा और मुखर नेता चंद्रशेखर आजाद कर रहे हैं।

आज का दलित मतदाता, जो दशकों तक एक ही राजनीतिक दल की परिधि में बंधा हुआ महसूस करता था,अब अपने अधिकारों के प्रति अधिक जागरूक और मुखर हो चुका है। जमीनी स्तर पर यह स्पष्ट दिखाई दे रहा है कि दलित समाज अब बहुजन समाज पार्टी को अतीत का हिस्सा मानने लगा है। इसकी सबसे बड़ी वजह नेतृत्व की सक्रियता और जमीन से जुड़ाव का अंतर है। जहां एक ओर पुरानी नेतृत्व शैली ने खुद को जनता से दूर कर लिया है, वहीं चंद्रशेखर आजाद ने सड़कों पर उतरकर, लाठियां खाकर और जेल जाकर अपनी विश्वसनीयता स्थापित की है।उन्होंने साबित किया है कि वे केवल कागजों पर नहीं, बल्कि संघर्ष के मैदान में बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर और मान्यवर कांशीराम के दिखाए रास्ते पर चलने के लिए प्रतिबद्ध हैं।और अपने समाज के साथ सर्व समाज के हितों की बात स्पष्ट शब्दों में करते हैं। चंद्र शेखर अजाद ने नगीना लोक सभा चुनाव जीत कर अपनी लोकप्रियता को सिद्ध कर दिया था।



चंद्रशेखर आजाद की सबसे बड़ी शक्ति उनकी भाषा और शैली है। वे बाबा साहब की विचारधारा को किताबी नहीं, बल्कि जीवंत रूप में प्रस्तुत करते हैं। शोषितों और वंचितों के हक की बात करते हुए, वे जिस तरह से हर मुद्दे पर सरकार को घेरते हैं, उसने दलित युवाओं के बीच एक नई उम्मीद जगाई है। जाटव समाज, जो लंबे समय तक दलित राजनीति का आधार स्तंभ रहा है, अब पूरी मजबूती के साथ आजाद समाज पार्टी के झंडे तले एकजुट हो रहा है।यही स्थिति राजस्थान,मध्य प्रदेश और अन्य राज्यों में मेघवाल और अहिरवार समुदायों की भी है।इन समुदायों का यह मानना है कि चंद्रशेखर आजाद ही वह एकमात्र नेता हैं जो उनकी पीड़ा को समझते हैं और उसे पूरे दमखम के साथ सत्ता के गलियारों में उठाने का साहस रखते हैं।आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) की बढ़ती लोकप्रियता के पीछे केवल भावनाएं नहीं, बल्कि एक स्पष्ट राजनीतिक एजेंडा भी है।चंद्रशेखर आजाद ने यह भली-भांति समझ लिया है कि दलित राजनीति का भविष्य अब केवल 'वोट बैंक' की राजनीति में नहीं, बल्कि 'अधिकार और सम्मान' की राजनीति में है।उन्होंने अपने आंदोलनों के माध्यम से यह संदेश दिया है कि दलित समाज अब किसी का पिछलग्गू नहीं, बल्कि अपना भविष्य खुद लिखने वाला एक जागरूक समाज है।यही कारण है कि आज देश का दलित मतदाता पूरी मजबूती के साथ आजाद समाज पार्टी के साथ खड़ा हो रहा है। चंद्रशेखर आजाद को एक ऐसे नेता के रूप में देखते हैं जो न तो किसी के दबाव में झुकता है और न ही किसी समझौते के लिए तैयार होता है। दलित राजनीति ने एक नई करवट ली है जिस के परिणाम चौंका सकते हैं उन की सोच के अनुसार जो लोग अब भी पुराने राजनीतिक ढांचों के भरोसे हैं, वे जमीन की सच्चाई से दूर हैं उन्हें देश राजनैतिक पटल पर सोचना चाहिए । चंद्रशेखर आजाद और उनकी आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) ने जिस तरह से दलित समाज के अल्पसंख्यक समाज समेत विभिन्न वर्गों को एक मंच पर लाने का काम किया है, वह निस्संदेह भारतीय लोकतंत्र के लिए एक महत्वपूर्ण घटनाक्रम है। बाबा साहब के सपनों को पूरा करने की राह में यह पार्टी अब एक निर्णायक मोड़ पर खड़ी है। भविष्य की दलित राजनीति किस दिशा में जाएगी, इसका उत्तर अब उन सड़कों और गांवों से मिल रहा है जहां चंद्रशेखर आजाद की मौजूदगी एक नई क्रांति का संकेत दे रही है।ऐसा समझा जारहा है कि दलित समाज ने यह तय कर लिया है कि अब वह पुराने अतीत को पीछे छोड़कर,अपने हक और सम्मान की नई इबारत लिखने के लिए पूरी तरह तैयार है जो 2027 और 2029 के चुनावों की प्रतीक्षा मैं है।

## बुधवार का राशिफल

**मेष** — असमंजसता के कारण निर्णय नहीं ले सकेंगे,शिक्षा के लिए काउंसलिंग ले, छोटी-छोटी बातों को व्यक्तिगत ना ले, एचआर राउन्ड में बाहर हो सकते हैं। भाग्य प्रतिशत-47

**वृषभ** — आमदनी रुक-रुक कर होगी, कोई सम्मान, पद, प्रोमोशन में बाधा आ सकती है, हाथों और कँधों का ध्यान रखें, किसी घोटाले में नाम आ सकता है। भाग्य प्रतिशत-46

**मिथुन** — बच्चे में मानसिक शारीरिक कमी के लिए कोई थेरेपी शुरू करवा सकते हैं, पैसे का फ्रॉड हो सकता है ध्यान रखे, बाहर जा रहे हो तो घर की सुरक्षा का इंतजाम करके जाए। भाग्य प्रतिशत-47

**कर्क** — नौकरी की ज्वाइनिंग में कोई समस्या आएगी, पिता की सेहत का ध्यान रखें, धार्मिक कार्य से लाभ होगा, ऑनलाइन शॉपिंग करेंगे। भाग्य प्रतिशत-49

**सिंह** — दान पुण्य में दिलचस्पी कम होगी, कोई दुकान, फैक्ट्री बनाने में समस्या आएगी, रिश्तेदारों से मनमुटाव हो सकता है, अहंकार से दूर रहें। भाग्य प्रतिशत-47

**कन्या** — कुछ पैसा मिलेगा जोड़ सकेंगे, दांतों को सही करवा सकते हैं, स्वीमिंग पूल में नहाते समय ध्यान रखें, बेकरी काम थोड़ा कम हो सकता है। भाग्य प्रतिशत-50

**तुला** — करियर में दो विकल्पों पर विचार करेंगे, विवाह के बाद समझने के लिए समय दे, गुरु का आशीर्वाद प्राप्त होगा, कुछ घर से अलग होने पर विचार कर सकते है। भाग्य प्रतिशत-51

**वृश्चिक** — बैठने उठने में कोई खिंचाव आ सकता है, शत्रु पक्ष हावी नहीं हो सकेगा, अनावश्यक रिस्क लेकर कोई काम ना करें, गर्मी सर्दी से बचे। भाग्य प्रतिशत-50

**धनु** — कुछ ज्यादा खर्च ना करें पैसे की कमी हो सकती है,गभार्धान के लिए चिकित्सक से ईलाज शुरू कर सकते है, सरकारी सेवा में चयनित हो सकते हैं। भाग्य प्रतिशत-53

**मकर** — घर की जिम्मेदारी बढ़ेगी, समाज में सम्मान भी मिलेगा, मनोरंजन के लिए मित्रों के साथ समय बितेगा, पार्टी कर सकते है। भाग्य प्रतिशत-54

**कुंभ** — सहयोग मिलेगा, काम से कहीं जाना हो सकता है, चिकित्सक से कुछ परामर्श ले सकते है, कार्यक्षेत्र में लोग मुश्किलें पैदा करेंगे। भाग्य प्रतिशत-51

**मीन** — करियर में अथक परिश्रम का लाभ मिलेगा, परिवार को गर्व करने का अवसर मिलेगा,रिश्ते की बात चलेगी लेकिन आपको पसन्द नहीं होगा। भाग्य प्रतिशत-55



अशनिका शर्मा ज्योतिष।
हस्तरेखा। अंकशास्त्र। वास्तु विशेषज्ञ। मो:9568962423

# बिना "ओटीपी और लिंक ओपन "के ही लोगों के खाते खाली कर रहे साइबर ठग

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ ( सुदेश बिश्नोई )।** साइबर ठगी का तरीका तेजी से बदल रहा है। पहले ठग लोगों से ओटीपी, डेबिट कार्ड नंबर, सीवीवी और बैंक खाते की जानकारी हासिल कर रकम उड़ाते थे लेकिन अब बिना किसी ओटीपी, लिंक या कॉल के भी खातों से रुपये गायब हो रहे हैं।साइबर थाने और साइबर सेल में इस तरह की शिकायत रोज पहुंच रही हैं। इसके पीछे मैलवेयर वायरस बड़ी वजह बताई जा रही है। इस वायरस के जरिए किसी भी मोबाइल और कंप्यूटर का डाटा चोरी किया जा रहा है। अब अपराधी मोबाइल में मौजूद मैलवेयर का इस्तेमाल कर रहे हैं।इसके जरिए ही साइबर ठग बिना ओटीपी और लिंक पर क्लिक कराए बिना ही खाते खाली कर दे रहे हैं। फर्म संचालक मूलचंद्र भी साइबर ठगी के शिकार हो गए। उनके खाते से 1.32 लाख रुपये किसी अन्य खाते में ट्रांसफर कर लिए हैं। मूलचंद ने न तो खाते की जानकारी किसी को दी और न ही ओटीपी किसी को बताया है। बावजूद इसके उनके खाते से रकम ट्रांसफर हो गई है। इस तरह हरथला निवासी आजम के साथ भी साइबर ठगी की घटना हो गई।

उन्होंने बताया कि उनके खाते से 50 हजार रुपये किसी दूसरे खाते में ट्रांसफर हुए हैं। आजम का कहना है कि उन्होंने अपना खाता चेक किया तो पांच बार में उनके खाते से रकम किसी दूसरे खाते में ट्रांसफर की गई है।

# महिला को न्याय और चोरी की घटनाओं के खुलासे की मांग

बुलन्द संदेश ब्यूरो



**मोदीनगर ( अनवर खान )।** भारतीय किसान यूनियन किसान सभा के बैनर तले थाना निवाड़ी परिसर में किसानों ने विभिन्न जनसमस्याओं को लेकर धरना-प्रदर्शन किया। संगठन के राष्ट्रीय संरक्षक सत्येंद्र त्यागी के नेतृत्व में आयोजित प्रदर्शन में क्षेत्र में बढ़ती चोरी की घटनाओं, पुलिस गश्त की कमी तथा एक महिला को न्याय दिलाने की मांग प्रमुख रूप से उठाई गई।

धरने को संबोधित करते हुए सत्येंद्र त्यागी ने आरोप लगाया कि नगला मूसा निवासी शहनाज पिछले करीब छह माह से न्याय की मांग को लेकर थाने के चक्कर लगा रही हैं। उनका आरोप है कि ससुराल पक्ष द्वारा मारपीट कर उन्हें घर से निकाल दिया गया। लेकिन अब तक उनकी शिकायत पर संतोषजनक कार्रवाई नहीं हुई है इसके अलावा प्रदर्शनकारियों ने मोहम्मदपुर गांव में तीन दिन पूर्व दिनदहाड़े हुई लाखों रुपये की चोरी का भी मुद्दा उठाया। उनका कहना था कि घटना के कई दिन बाद भी पुलिस चोरों तक नहीं पहुंच सकी है। इसके अलावा डबाना गांव में किसानों की ट्यूबवेलों पर लगातार हो रही चोरियों से ग्रामीणों में भय और असुरक्षा का माहौल बना हुआ है। किसान नेताओं ने आरोप लगाया कि रात्रि गश्त में कमी के कारण चोरों के हौसले बुलंद हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि समस्याओं का शीघ्र समाधान नहीं किया गया और अपराधों पर प्रभावी अंकुश नहीं लगाया गया, तो किसान और मजदूर संयुक्त रूप से मुरादनगर स्थित डीसीपी कार्यालय पर बड़ा धरना-प्रदर्शन करेंगे। धरने में सत्येंद्र त्यागी, हैप्पी त्यागी, आकाश त्यागी, रोहित त्यागी, अमरीश त्यागी, रोहित चौधरी, अन्नु त्यागी, सैकी त्यागी, सागर त्यागी, राजकुमार वर्मा, बिट्टू त्यागी, अवनीश कुमार, मोंटी त्यागी, ताहिर खान, सुनील त्यागी, मदनलाल फौजी, गोलू त्यागी, शहनाज, कामिल खान सहित अनेक किसान एवं ग्रामीण शामिल रहे।

# करोड़ों की ड्रग्स के साथ तस्कर गिरफ्तार, पांच लाख की ड्रग मनी और कार बरामद

बुलन्द संदेश ब्यूरो



**गाजियाबाद ( आशा चौधरी )।** कमिश्नरेट पुलिस ने नशा तस्करों के खिलाफ चलाए जा रहे 'ऑपरेशन प्रहार' के तहत बड़ी कार्रवाई करते हुए एक अंतरजनपदीय ड्रग तस्कर को गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे और उसकी निशानदेही पर भारी मात्रा में एमडीएमए, गांजा, चरस, ड्रग पैकिंग का सामान, पांच लाख रुपये की ड्रग मनी और तस्करी में प्रयुक्त कार बरामद की गई। बरामद माल की अनुमानित कीमत करीब 1.42 करोड़ रुपये बताई गई है।पुलिस के अनुसार थाना नंदग्राम पुलिस और एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स (एएनटीएफ) मेरठ की संयुक्त टीम ने मुखबिर की सूचना पर आशियाना चौक के पास घेराबंदी कर आरोपी नितिन यादव को गिरफ्तार किया। पूछताछ के बाद उसकी निशानदेही पर इंदिरापुरम स्थित एक फ्लैट से भारी मात्रा में मादक पदार्थ, पैकिंग मशीन, इलेक्ट्रॉनिक कांटे, मोबाइल फोन और नकदी बरामद की गई।पूछताछ में आरोपी ने पुलिस को बताया कि वह दिल्ली के झिलमिल क्षेत्र से मादक पदार्थ खरीदकर गाजियाबाद लाता था। इंदिरापुरम स्थित फ्लैट में उनकी पैकिंग कर स्थानीय स्तर पर अपने साथी के जरिए सप्लाई कराता था। बिक्री से मिलने वाली रकम भी वहीं रखी जाती थी और उसी पैसे से दोबारा नशीले पदार्थ खरीदे जाते थे।जांच में यह भी सामने आया कि आरोपी के खिलाफ पहले से एनडीपीएस एक्ट, आबकारी अधिनियम और गैंगस्टर एक्ट सहित पांच आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस अब उसके नेटवर्क से जुड़े अन्य तस्करों की तलाश में जुटी है और पूरे गिरोह की कड़ियां खंगाली जा रही हैं।

# राम मंदिर दान घोरी प्रकरण को लेकर कांग्रेस का प्रदर्शन

बुलन्द संदेश ब्यूरो



**मोदीनगर ( अनवर खान )।** राम मंदिर में कथित दान चोरी प्रकरण को लेकर शहर कांग्रेस कमेटी के नेतृत्व में तहसील परिसर स्थित एसडीएम कार्यालय के समक्ष विरोध प्रदर्शन किया गया। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने हनुमान चालीसा का पाठ कर मामले के प्रति अपना विरोध दर्ज कराया तथा दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की मांग को। इस दौरान शहर अध्यक्ष बृजेश कुमार सेन ने कहा कि राम मंदिर ट्रस्ट से जुड़े मामले की निष्पक्ष जांच होनी चाहिए तथा जिम्मेदार व्यक्तियों की जवाबदेही तय की जानी चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि मामले ने करोड़ों श्रद्धालुओं की भावनाओं को आहत किया है।उप्र कांग्रेस कमेटी के सदस्य पं सुनील शर्मा ने कहा कि राम मंदिर में चढ़ावे और दान से जुड़ी कथित अनियमितताओं के आरोप अत्यंत गंभीर हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि मामले में प्रभावशाली लोगों को बचाने का प्रयास किया जा रहा है, जिससे आम श्रद्धालुओं में असंतोष व्याप्त है। उन्होंने पूरे प्रकरण की पारदर्शी जांच कर दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की मांग की। इस अवसर पर चांद वीर चौधरी, राकेश सोनी, वीरेंद्र शर्मा, समसा खान, भिखारी लाल कश्यप, अनस सैफी, फकीर चंद कश्यप, सुनील कटारिया, वकील अहमद, राजकुमार त्यागी, जनेश्वर शर्मा, कल्पना सिंह, कौशल रानी, अब्दुल रहमान, मनीष शर्मा, हरिदत्त कसाना, मुकुल शर्मा, जगपाल सिंह, शब्बो, दिनेश शर्मा, जहूर खान, कामेश शर्मा, प्रवीण कुमार शर्मा, अनुज अग्रवाल, पुष्पेंद्र कुमार दहिया, कृष्ण कुमार शर्मा, संजय शर्मा, गोविंदपुरी, श्रीओम शर्मा, सुरेश दोसा सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# किसानों को किया जागरूक व दर्जनों किसानों को वितरित किए बीज

बुलन्द संदेश ब्यूरो



**मोदीनगर ( अनवर खान )।** विकास खंड भोजपुर स्थित ब्लॉक भवन में भाकृअनुप केंद्रीय आलू अनुसंधान संस्थान, क्षेत्रीय केंद्र मोदीपुरम द्वारा खेत बचाओ अभियान के अंतर्गत किसान जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्र के किसानों को मृदा संरक्षण की जानकारी दी गई।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि विधायक डॉ मंजू सिवाच ने किसानों से कृषि की पारंपरिक एवं वैज्ञानिक पद्धतियों के समन्वय के साथ फसल विविधिकरण अपनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि भूमि की उर्वरता बनाए रखना और खेती को लाभकारी बनाना समय की आवश्यकता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए ब्लॉक प्रमुख सुचेता सिंह ने कहा कि किसानों को वैज्ञानिक खेती और मृदा संरक्षण के प्रति जागरूक करने के लिए चलाया जा रहा यह अभियान अत्यंत उपयोगी पहल है। उन्होंने भारत सरकार की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम किसानों को आधुनिक तकनीकों से जोड़कर कृषि को अधिक लाभकारी, टिकाऊ और पर्यावरण अनुकूल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। प्रधान वैज्ञानिक डॉ बबिता चौधरी ने मृदा परीक्षण, मृदा स्वास्थ्य कार्ड तथा संतुलित पोषण प्रबंधन के महत्व पर प्रकाश डालते हुए विस्तृत जानकारी दी। वहीं मुख्य तकनीकी अधिकारी डॉ विनीत शर्मा ने खेत बचाओ अभियान की रूपरेखा बताते हुए किसानों को प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण और संतुलित उर्वरक उपयोग के प्रति जागरूक किया। अभियान के तहत 50 किसानों को ढैंचा बीज एवं माइक्रोबियल कंसोर्टियम वितरित किए गए। कार्यक्रम का संचालन आशीष चौधरी ने किया। इस अवसर पर सुधीर चौधरी, विपिन कुमार, अमित शर्मा, अनुज मलिक, नरेंद्र सिंह, राजेश, पंकज त्यागी, सीमा चौधरी सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं किसान उपस्थित रहे।

# मृदा संरक्षण और संतुलित खेती पर किसानों को किया जागरूक

बुलन्द संदेश ब्यूरो



**मोदीनगर ( अनवर खान )।** भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के निदेशानुसार भाकृअनुपझकेंद्रीय आलू अनुसंधान संस्थान, क्षेत्रीय केंद्र मोदीपुरम के वैज्ञानिकों ने गोविंदपुरी स्थित निष्काम भवन में आयोजित खेत बचाओ अभियान के अंतर्गत क्षेत्र के सैकड़ो किसानों और ग्रामीणों को मृदा संरक्षण संबंधी महत्वपूर्ण जानकारियां दीं।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कृषि प्रधान वैज्ञानिक डॉ बबिता चौधरी ने किसानों को मृदा परीक्षण, मृदा स्वास्थ्य कार्ड तथा संतुलित पोषण प्रबंधन के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि अत्यधिक यूरिया और डीएपी के असंतुलित प्रयोग से मिट्टी की उर्वराशक्ति प्रभावित होती है। किसानों को वैज्ञानिक तरीके से मिट्टी का नमूना लेने की प्रक्रिया समझाते हुए उन्होंने जैविक खाद, वर्मी कम्पोस्ट, हरी खाद तथा आवश्यकता आधारित उर्वरक एवं कीटनाशी प्रयोग अपनाने की सलाह दी। मुख्य तकनीकी अधिकारी डॉ विनीत शर्मा ने खेत बचाओ अभियान की रूपरेखा और उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए मृदा संरक्षण, संतुलित उर्वरक उपयोग तथा प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि स्वस्थ मिट्टी ही टिकाऊ कृषि और बेहतर उत्पादन का आधार है। कार्यक्रम में निष्काम के अध्यक्ष जसमीत सिंह और वरिष्ठ सदस्य मंदीप कौर ने अतिथियों का सम्मान किया। संचालन अनुप्रीत कौर ने किया। इस अवसर पर रविन्द्र खटाना, रविन्द्र राणा, देवेंद्र सिंह, ललित कुमार, जगदीश सिरोही, अमित गोस्वामी, अनिल शर्मा, उमेश, हिमांशु प्रजापति, अप्पिन गोस्वामी सहित अनेक किसान तथा एहसास महिला समिति एवं निष्काम परिवार के सदस्य उपस्थित रहे।

# रंग तरंग प्रदर्शनी का समापन, कलाकार हुए सम्मानित

बुलन्द संदेश ब्यूरो



**मोदीनगर ( अनवर खान )।** गैलाड बिल्डिंग स्थित मोदी आईफा आर्ट गैलरी में आयोजित सात दिवसीय कला प्रदर्शनी रंग तरंग का समापन समारोह मंगलवार को आयोजित किया गया। इस अवसर पर प्रदर्शनी में भाग लेने वाले 48 कलाकारों को प्रमाण पत्र, स्मृति चिह्न एवं गैलरी कैटलॉग देकर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मोदीनगर बागपत सांसद डॉ राजकुमार सांगवान, नगर पालिका अध्यक्ष विनोद वैशाली, वरिष्ठ समाजसेवी रामकिशोर अग्रवाल, भाजपा नेता पवन सिंघल, उमेश मेहता एवं स्वदेशी जैन ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। प्रदर्शनी में विभिन्न कलाकारों द्वारा तैयार चित्रों और कलाकृतियों का प्रदर्शन किया गया। समारोह के दौरान उमेश मेहता की चित्रकूट आर्ट गैलरी द्वारा प्रकाशित पुस्तक अवनीन्द्रनाथ एवं गगनेन्द्रनाथ टैगोर तथा प्रदर्शनी कैटलॉग का विमोचन भी किया गया। सांसद डॉ राजकुमार सांगवान ने कला को समाज की सांस्कृतिक चेतना का महत्वपूर्ण माध्यम बताते हुए युवा कलाकारों का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम में वरिष्ठ भाजपा नेता स्वदेश जैन, सीए अमित माहेश्वरी, आरसी शर्मा, विकास भारती, पवन चौधरी सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे। अंत में प्रीति शर्मा ने सभी कलाकारों, अभिभावकों और आगंतुकों का आभार व्यक्त किया।

# आलोचनाएं मुझे और अधिक कार्य करने हेतु प्रेरित करती हैं : डॉ मंजू शिवाच

बुलन्द संदेश ब्यूरो



**मोदीनगर ( अनवर खान )।** विधानसभा क्षेत्र के प्रत्येक विद्यालय तक विकास की रोशनी पहुंचाने का प्रयास निरंतर जारी है। क्योंकि शिक्षा किसी भी समाज की सबसे बड़ी शक्ति होती है। इसलिए हमारा लक्ष्य केवल निर्माण कार्य कराना नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ी के उज्ज्वल भविष्य की मजबूत नींव तैयार करना है।

यह बात क्षेत्रीय विधायक डॉ मंजू सिवाच ने अपने कार्यालय पर आयोजित प्रेस वार्ता में पत्रकारों के समक्ष कही। उन्होंने बताया कि शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने और विद्यार्थियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों में करीब 2 करोड़ 60 लाख रुपए की विधायक निधि से व्यापक विकास कार्य कराए गए हैं। जिनमें इंटरलॉकिंग, शौचालय निर्माण, कक्ष निर्माण, पुस्तकालय, बाउंड्रीवॉल, ओपन जिम जैसे कार्य शामिल है। आलोचनाओं से जुड़े प्रश्न के उत्तर में डॉ मंजू सिवाच ने कहा कि जनप्रतिनिधि के रूप में वह आलोचनाओं को नकारात्मक नहीं, बल्कि आत्ममंथन और बेहतर कार्य करने की प्रेरणा के रूप में देखती हैं। उन्होंने कहा कि जनता की अपेक्षाएं ही उन्हें लगातार विकास कार्यों के लिए प्रेरित करती हैं। विधायक निधि से कबड्डी एवं कुश्ती मैट्स की खरीद को लेकर उठे सवालों पर उन्होंने स्पष्ट किया कि निधि का प्रत्येक उपयोग शासन की निर्धारित प्रक्रियाओं और नियमों के अनुरूप किया गया है। उन्होंने कहा कि ये मैट्स क्षेत्र के खिलाड़ियों और युवाओं के हित में खरीदे गए हैं तथा क्षेत्र में उपयुक्त और सुरक्षित स्थान उपलब्ध न होने के कारण इन्हें उस शिक्षण संस्थान में सुरक्षित रखा गया है।

डॉ मंजू सिवाच ने कहा कि राजनीति मेरे लिए पद का नहीं बल्कि जनसेवा का माध्यम है। क्षेत्र के प्रत्येक नागरिक की उम्मीदों पर खरा उतरना ही मेरी सबसे बड़ी प्राथमिकता है। इस अवसर पर मौजूद विधायक पति वरिष्ठ भाजपा नेता डॉ देवेंद्र शिवाच ने कहा कि हम दिखावे की राजनीति करने की बजाय दिल से और धरातल पर राजनीति करने के पक्षधर हैं। यही कारण है कि विधायक निधि के कार्यों के साथ-साथ निजी स्तर पर भी विकास कार्य कराने में पीछे नहीं रहते हैं। उन्होंने बताया कि करीब 33 लाख रुपए की निजी धनराशि से क्षेत्र के अनेक विद्यालयों में विकास कार्य करा चुके हैं।

जिनमें बिजली कनेक्शन, पंखों की व्यवस्था, कक्ष निर्माण, टाइल्स एवं लैब निर्माण, फर्नीचर उपलब्ध कराना तथा विभिन्न सामाजिक संस्थाओं को सहयोग शामिल है। प्रेस वार्ता में नगर पालिका अध्यक्ष विनोद वैशाली, ब्लॉक प्रमुख सुचेता सिंह, नगर अध्यक्षआकाश शर्मा, डॉ करणवीर सिंह और भाजपा नेता अमित कराटे उपस्थित रहे।

## सम्मान समारोह

## भगवत प्रसाद शर्मा को मानद डॉक्टरेट व लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड।

# ग्रेटर नोएडा के भगवत प्रसाद शर्मा को डॉक्टरेट की मानद उपाधि एवं लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड से अलंकृत

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के प्रतिष्ठित शिक्षाविद्, साहित्यकार एवं समाजसेवी भगवत प्रसाद शर्मा को भारत सरकार से मान्यता प्राप्त साहित्य सेवा अवार्ड काउंसिल द्वारा नई दिल्ली में आयोजित एक भव्य एवं गरिमामय सम्मान समारोह में डॉक्टरेट की मानद उपाधि(Honorary Doctorate)"तथा लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड से विभूषित किया गया। उन्हें यह सर्वोच्च सम्मान शिक्षा, समाजसेवा, साहित्य तथा सांस्कृतिक जागरण के क्षेत्र में उनके दीर्घकालिक, उत्कृष्ट एवं अनुकरणीय योगदान के लिए प्रदान किया गया।

उल्लेखनीय है कि साहित्य सेवा अवार्ड काउंसिल द्वारा आयोजित इस राष्ट्रीय सम्मान समारोह में देश के विभिन्न राज्यों से पधारे सैकड़ों साहित्यकारों, शिक्षाविदों, समाजसेवियों, कलाकारों तथा विविध क्षेत्रों की विशिष्ट प्रतिभाओं को उनके उत्कृष्ट कार्यों एवं राष्ट्रनिर्माण में महत्त्वपूर्ण योगदान के लिए सम्मानित किया गया।

समारोह के मुख्य अतिथि हिन्दी फिल्म जगत के सुप्रसिद्ध अभिनेता शहबाज खान रहे, जबकि विशिष्ट अतिथियों के रूप में प्रसिद्ध लेखक एवं फिल्म निर्देशक इकबाल दुरानी, शिक्षा निदेशालय, दिल्ली के प्रवक्ता अजय तिवारी, डॉ. महेश शर्मा (डीडीओ/ईडीयू-आरटीओ) तथा शिक्षा विभाग के पूर्व उपनिदेशक ऋषि पाल राणा की गरिमामयी उपस्थिति ने आयोजन की शोभा को चार चाँद लगा दिए।

कार्यक्रम का शुभारम्भ वैदिक मंगलाचार एवं श्रीगणेश वंदना के साथ हुआ। तत्पश्चात मुख्य एवं विशिष्ट अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर






समारोह का विधिवत उद्घाटन किया। आयोजन के दौरान शिक्षा, संस्कृति, साहित्य, समाजसेवा एवं जनकल्याण के विविध आयामों में उल्लेखनीय योगदान देने वाले व्यक्तित्वों का सम्मान कर उनके अविस्मरणीय अवदान का अभिनंदन किया गया। यह आयोजन प्रतिभाओं के सम्मान, सामाजिक चेतना के संवर्धन तथा राष्ट्रहित में सकारात्मक परिवर्तन की भावना को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्त्वपूर्ण एवं प्रेरणादायी पहल सिद्ध हुआ। इस अवसर पर आयोजकों ने कहा कि यह सम्मान उन विभूतियों को समर्पित है जिन्होंने अपने-अपने कार्यक्षेत्र में उत्कृष्टता, दूरदर्शी नेतृत्व, नैतिक मूल्यों, सामाजिक उत्तरदायित्व तथा राष्ट्रोत्थान के प्रति अद्वितीय समर्पण का परिचय दिया है। भगवत प्रसाद शर्मा की कर्मनिष्ठा, पेशेवर ईमानदारी, सामाजिक प्रतिबद्धता एवं लोकमंगल के प्रति सतत समर्पण उन्हें इस प्रतिष्ठित सम्मान का स्वाभाविक अधिकारी बनाता है। सम्मान प्राप्त करने के उपरान्त भगवत प्रसाद शर्मा ने अपनी भावनाएँ व्यक्त करते हुए कहा कि विगत अनेक वर्षों से वे सामाजिक, सांस्कृतिक एवं साहित्यिक मंचों पर अपनी रचनाओं, विचारों तथा जनजागरण संबंधी गतिविधियों के माध्यम से समाज में सकारात्मक चेतना, नैतिक मूल्यों एवं राष्ट्रीय संस्कारों के संवर्धन का सतत प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि उनकी समस्त साहित्यिक एवं सामाजिक साधना का मूल उद्देश्य भारतीय सांस्कृतिक विरासत का संरक्षण, मानवीय मूल्यों का संवर्धन तथा युवा पीढ़ी में राष्ट्रप्रेम, सामाजिक उत्तरदायित्व एवं राष्ट्रनिर्माण के प्रति समर्पण की भावना जागृत करना है। उन्होंने इस सम्मान को अपने व्यक्तिगत गौरव का नहीं, बल्कि शिक्षा, साहित्य और समाजसेवा के प्रति समर्पित समस्त कर्मयोगियों का सम्मान बताते हुए कहा कि यह अलंकरण उन्हें भविष्य में और अधिक निष्ठा, समर्पण एवं उत्तरदायित्व के साथ समाजहित एवं राष्ट्रहित में कार्य करने की प्रेरणा प्रदान करेगा।

# जिला जज, डीएम और एसपी ने किया जिला कारागार का निरीक्षण, बंदियों से जाना हाल

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**चंदौसी/संभल।** जिला जज विदूषी सिंह, जिलाधिकारी अंकित खंडेलवाल और पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार ने मंगलवार को जिला कारागार मुरादाबाद का संयुक्त निरीक्षण किया। इस

**सुरक्षा, भोजन, चिकित्सा और साफ-सफाई व्यवस्था परखी, शिकायतों के त्वरित निस्तारण के दिए निर्देश**

दौरान अधिकारियों ने कारागार की सुरक्षा व्यवस्था, बैरकों, सीसीटीवी निगरानी, साफ-सफाई, भोजन एवं चिकित्सा सुविधाओं सहित बंदियों को उपलब्ध कराई जा रही मूलभूत व्यवस्थाओं का जायजा लिया।





निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने कारागार के अभिलेखों का भी परीक्षण किया और बंदियों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याएं व शिकायतें सुनीं। संबंधित अधिकारियों को शिकायतों का नियमानुसार और शीघ्र निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। संयुक्त निरीक्षण में कारागार की सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक मजबूत बनाने, निर्धारित मानकों का पालन सुनिश्चित करने तथा बंदियों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं की गुणवत्ता बनाए रखने पर जोर दिया गया। अधिकारियों ने कारागार प्रशासन को सतर्कता, अनुशासन और पारदर्शिता के साथ शासन की व्यवस्थाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए।

# थाना पुलिस से न्याय नहीं मिलने पर, पीड़ित ने पुलिस अधीक्षक से लगाई न्याय की गुहार

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बहजोई।** संभल थाने से न्याय नहीं मिलने पर पीड़ित व्यक्ति ने पुलिस अधीक्षक से लगाई न्याय की गुहार। पूरा मामला रजपुरा थाना क्षेत्र का है जहां थाना क्षेत्र के ग्राम जैतोरा सागरपुर के रहने वाले रामपाल ने पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र सौंपकर अपने भाई नेमपाल पर हुए

**एक माह पूर्व हुई झगड़े की एफआईआर दर्ज, नहीं हुई कोई गिरफ्तारी- पीड़ित**

जानलेवा हमले के आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की है। पीड़ित पक्ष का आरोप है कि मुकदमा दर्ज होने के बावजूद पुलिस आरोपियों को गिरफ्तार नहीं कर रही है, जिससे उनके हौसले बुलंद हैं। आइए जानते हैं क्या है पूरा मामला।

**कब और क्या है मामला**

प्राप्त जानकारी के अनुसार, घटना एक जून 2026 की बताई जा रही है। पीड़ित रामपाल द्वारा पुलिस अधीक्षक को दिए गए शिकायती पत्र के मुताबिक, उनका भाई नेमपाल दोपहर करीब एक बजे अपने घर लौट रहा था। आरोप है कि रास्ते में गांव के ही कुछ लोगों,जिनमें पप्पू, सुखराम, महाराज और धनसिंह के नाम शामिल हैं—ने उन्हें देखते ही गाली-गलौज शुरू कर दी।

जब नेमपाल ने इसका विरोध किया, तो आरोपियों ने लाठी-डंडों से उन पर हमला कर दिया। इस हमले में नेमपाल के सिर और शरीर पर गंभीर चोटें आईं, जिससे वे सड़क पर ही बेहोश हो गए। घटना की जानकारी मिलने के बाद परिजनों ने घायल नेमपाल को थाने पहुंचाया, जिसके बाद पुलिस ने इस मामले में संबंधित धाराओं के तहत मुकदमा पंजीकृत किया।



**मुकदमा दर्ज होने के बाद, नहीं हुई गिरफ्तारी**

इस पूरे मामले में रजपुरा थाना पुलिस ने उकसाने के तहत मामला पंजीकृत कर लिया है।

हालांकि, पीड़ित रामपाल का कहना है कि मुकदमा दर्ज हुए कई 15दिन बीत चुके हैं, लेकिन पुलिस ने अभी तक नामजद आरोपियों को गिरफ्तार नहीं किया है। पीड़ित ने यह भी आरोप लगाया है कि आरोपी खुले घूम रहे हैं आरोपी अब पीड़ित आए दिन धमकियां दे रहे हैं, जिससे परिवार में असुरक्षा का माहौल है। इसी के चलते पीड़ित एक बार फिर पुलिस अधीक्षक की शरण ली और आरोपियों की तत्काल गिरफ्तारी की गुहार लगाई।

मामले की गहराई में जाएं तो यह विवाद नया नहीं है। पुलिस रिकॉर्ड्स और पूर्व की प्राथमिकताओं के अनुसार, इन पक्षों के बीच पुरानी रंजिश चली आ रही है। इससे पहले मई 2026 की शुरूआत में भी दोनों पक्षों के बीच विवाद और मारपीट की एक घटना सामने आई थी, जिसमें संजू, लालाराम, किशनपाल और सुखराम जैसे नामों का उल्लेख था। स्थानीय सूत्रों और कानूनी दस्तावेजों से स्पष्ट है कि यह दो परिवारों या पक्षों के बीच लंबे समय से चली आ रही आपसी रंजिश का परिणाम है, जिसके चलते बार-बार इस तरह के टकराव देखने को मिल रहे हैं।

पीड़ित पक्ष न्याय की आस में प्रशासन के उच्च अधिकारियों के चक्कर काट रहा है। अब देखना यह होगा कि सम्भल पुलिस इस मामले को संज्ञान में लेकर आरोपियों पर क्या और कब तक कार्रवाई करती है, ताकि क्षेत्र में शांति और कानून व्यवस्था बनी रहे।

**बर्जन**

एफआईआर दर्ज हो गई,वह व्यक्ति खाली जब मन करता है कप्तान साहब के पास चला जाता है, कोर्ट के आदेशानुसार 7बर्ष की सजा में कोई गिरफ्तारी नहीं, वह व्यक्ति गिरफ्तारी की मांग कर रहा है यहां,केस की जांच चल रही है-

**विवेचक उपनिरीक्षक सत्यवीर सिंह कैला देवी थाना।**

# पैगंबर मोहम्मद पर कथित टिप्पणी के विरोध में राष्ट्रपति के नाम सौंपा ज्ञापन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**चन्दौसी।** ऑल इंडिया उलेमा व मशाएख बोर्ड के



पदाधिकारियों और सदस्यों ने तहसील पहुंचकर उप जिलाधिकारी के माध्यम से राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में एक महिला द्वारा सोशल मीडिया पर जारी कथित वीडियो में इस्लाम के पैगंबर मोहम्मद मुस्तफा सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम एवं उम्मुल मोमिनीन हजरत आयशा रज़ियल्लाहु तआला अन्हा के संबंध में की गई कथित टिप्पणी पर कड़ा विरोध जताया गया।

ज्ञापन में कहा गया कि इस तरह के बयान से मुस्लिम समुदाय की धार्मिक भावनाएं आहत हुई हैं और इससे आपसी सौहार्द व कानून-व्यवस्था प्रभावित होने की आशंका है। राष्ट्रपति से मामले की निष्पक्ष जांच कर भारतीय न्याय संहिता के प्रावधानों के तहत दोषी के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई करने तथा सोशल मीडिया से आपत्तिजनक वीडियो हटवाने की मांग की गई। ज्ञापन सौंपने वालों में शाह आलम मंसूरी, हाफिज मतीन अशरफी, गुलाम साबिर, बाबा नजर मोहम्मद, पूर्व सभासद रियाज अहमद, सभासद शफीक एडवोकेट सहित बोर्ड के अन्य सदस्य मौजूद।

# जिले भर में एक जुलाई से 15 जुलाई तक चलेगा मिशन सेफ फ्यूचर अभियान

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**संभल (सय्यद अतहर अली)।** अब अनफिट स्कूल वाहनों पर होगी सख्त कार्रवाई, स्कूलों में जाएंगे कर्मचारी स्कूली बच्चों की सुरक्षित आवाजाही सुनिश्चित करने के लिए परिवहन विभाग ने जिलेभर में 1 से 15 जुलाई तक विशेष अभियान 'मिशन सेफ फ्यूचर' चलाएगा। इस अभियान के तहत बिना फिटनेस, बिना परमिट और सुरक्षा मानकों का उल्लंघन कर रहे स्कूल वाहनों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। परिवहन विभाग ने एआरटीओ को अभियान को प्रभावी ढंग से संचालित करने के निर्देश जारी किए हैं।एआरटीओ अमिताभ चतुर्वेदी के अनुसार इंटीग्रेटेड स्कूल व्हीकल मैनेजमेंट पोर्टल पर जिलेभर में करीब 600 स्कूल वाहन पंजीकृत हैं, जिनमें 50 की फिटनेस व परमिट की अवधि समाप्त हो चुकी है। ऐसे वाहनों को वैध फिटनेस और परमिट से आच्छादित कराना अभियान का प्रमुख उद्देश्य है। अभियान के पहले चरण में 1 से 7 जुलाई तक स्कूल प्रबंधकों और प्रधानाचार्यों को नोटिस, फोन और व्यक्तिगत संपर्क के माध्यम से चेतावनी देकर सभी वाहनों की फिटनेस और परमिट पूर्ण कराने के निर्देश दिए जाएंगे। साथ ही अधिकारी स्कूलों में पहुंचकर वाहनों का भौतिक निरीक्षण करेंगे और जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जिला विद्यालय यान सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित कर सुरक्षा मानकों की समीक्षा की जाएगी।

इसके बाद 8 से 15 जुलाई तक पुलिस, यातायात और शिक्षा विभाग के समन्वय से व्यापक चेकिंग अभियान चलाया जाएगा। बिना फिटनेस, बिना परमिट अथवा सुरक्षा मानकों की अनदेखी करने वाले स्कूल वाहनों और निजी वाहनों का चालान कर उन्हें सीज किया जाएगा।

# भारतीय किसान यूनियन संयुक्त मोर्चे के द्वारा चिंतन शिविर का आयोजन किया

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अमरोहा (डा. महताब अमरोहवी )।** भारतीय किसान यूनियन संयुक्त मोर्चे के द्वारा गजरौला थाना क्षेत्र के गांव कबीरपुर में मुशर्रफ चौधरी के आवास पर चिंतन शिविर का आयोजन किया गया। चिंतन शिविर के कार्यक्रम में पहुंचे राष्ट्रीय अध्यक्ष नरेश चौधरी का फूल मालाओं से भव्य स्वागत किया गया। चिंतन शिविर का संचालन इकबाल सैफी ने किया वह अध्यक्षता होमपाल सिंह ने की। चिंतन शिविर के कार्यक्रम के बोलते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष नरेश चौधरी ने कहा कि किसानों का उत्पीड़न करने के लिए सरकार नए-नए कानून बना रही है। अभी एक फार्मा रजिस्ट्री का कानून बनाकर किसानों के ऊपर कर्जा थोपना चाहती है सरकार से पूछा फार्मर रजिस्ट्री का क्या फायदा है तो सरकार का जवाब है कि फार्मर रजिस्ट्री के द्वारा लोगों को एक घंटे में लोन मिल जाएगा किसान फसलों का भाव ठीक करवाना चाहता है और बच्चों के लिए रोजगार चाहता है। लेकिन सरकार किसानों को कर्ज के अलावा कुछ भी नहीं देना चाहती। और कहा कि सरकार के द्वारा खोली गई शराब की दुकानों पर हर रोज भारी मात्रा में बिकने वाली शराब आज तक खत्म नहीं हुई। एक साल में दो बार खरीदा जाने वाला यूरिया खाद् समय पर उपलब्ध



नहीं कराया जाता। यह सरकार की नाकामी नहीं तो यह क्या है। लोगों का जीवन छीनने वाली शराब का कभी स्टॉक खत्म नहीं होता। जिस यूरिया से गेहूं पैदा होती है उस गेहूं को खाकर लोगों का जीवन चलता है। उस यूरिया खाद का स्टॉक सरकार क्यों नहीं करती उसकी फैक्ट्रियां क्यों नहीं लगाई जाती थाने और तहसीलों में किसानों का उत्पीड़न क्यों होताहै किसानों के साथ रिश्वतखोरी क्यों की जा रही है। इन सब बातों के लिए चिंतन शिविर के कार्यक्रम गांव गांव कराय जा रहे हैं। इन सभी बिंदुओं पर चिंतन करके किसानों के उत्पीड़न को कम कराना पड़ेगा। आज गांव और किसान सरकार के एजेंडे में नहीं है। उत्तर प्रदेश की सरकार किसानों को और किसानी को खत्म करना चाहती है और किसानों को मजदूर बनाकर गधों की तरह कमाना कमबाना चाहती है। नरेश चौधरी ने कहा कि इस सरकार के मंसूबों को कभी पूरा नहीं होने दिया जाएगा। किसानों को उत्पीड़न किसी भी कीमत पर सहन नहीं किया जाएगा इस देश के अंदर किसानों के सभी अधिकारो को सील कर रखा है किसान के द्वारा पैदा की गई चीजों के भाव दिल्ली में ऐसी के कमरे में बैठकर मंत्री तय करते हैं और व्यापारी के द्वारा पैदा की गई चीजे का भाव व्यापारी अपने दफ्तर में बैठकर तय करता है जबकि इस देश का सबसे बड़ा मैन्युफैक्चरर किसान है।

किसानों के द्वारा पैदा की गई चीजों के ऊपर पूरी दुनिया के व्यापारी करोड़पति हो गए और किसान गरीब होता जा रहा है।

# नगर के मुख्य प्रवेश मार्ग की बदहाली पर पर्दा, गड्ढों से होकर गुजर रहे अफसर

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**चन्दौसी।** नगर में प्रवेश करने वाले प्रमुख मार्गों में शामिल माल गोदाम स्थित सड़क लंबे समय से जर्जर हालत में है। सड़क पर जगह-जगह

**माल गोदाम सड़क पर रोजाना हिचकोले खा रहे राहगीर, मरम्मत को लेकर जिम्मेदार बेखबर**

गहरे गड्ढे और उखड़ी सतह के कारण राहगीरों व वाहन चालकों को रोजाना परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सड़क की खराब स्थिति के चलते हादसे की आशंका भी बनी रहती है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह मार्ग शहर का प्रमुख प्रवेश मार्ग होने के साथ-साथ प्रशासनिक अधिकारियों के



आवागमन का भी मुख्य रास्ता है। इसके बावजूद सड़क की मरम्मत की ओर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा। लोगों का कहना है कि अधिकारी प्रतिदिन इसी मार्ग से गुजरते हैं, लेकिन बदहाल सड़क की सुध लेने वाला कोई नहीं है। राहगीरों का कहना है कि गड्ढों से बचने के प्रयास में वाहन चालक असंतुलित हो जाते हैं, जिससे दुर्घटनाओं का खतरा बना रहता है। कई बार संबंधित विभाग से शिकायत करने के बाद भी सड़क की मरम्मत नहीं कराई गई।

स्थानीय नागरिकों ने प्रशासन और संबंधित विभाग से जल्द सड़क की मरम्मत कराने की मांग की है, ताकि लोगों को सुरक्षित और सुगम आवागमन की सुविधा मिल सके।

# जहरीला पदार्थ खाने से 35 वर्षीय युवक की मौत, परिवार में मचा कोहराम

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**चन्दौसी।** नगर से सटे एक गांव में सोमवार शाम एक 35 वर्षीय युवक की जहरीला पदार्थ खाने से मौत हो

**शाम को बिगड़ी तबीयत, परिजन तत्काल अस्पताल लेकर पहुंचे, चिकित्सकों ने किया मृत घोषित**

गई। घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया। युवक की हालत बिगड़ने पर परिजन उसे आनन-फानन में संयुक्त चिकित्सालय लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। परिजनों के अनुसार, सोमवार शाम घर में किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई थी। इसके कुछ देर बाद युवक ने जहरीला पदार्थ खा लिया। जब उसकी तबीयत अचानक बिगड़ने लगी तो परिवार के लोग घबरा गए और बिना देर किए उसे उपचार के लिए संयुक्त चिकित्सालय लेकर पहुंचे, लेकिन चिकित्सकों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। युवक की असमय मौत से परिवार गहरे सदमे में है।

घटना की जानकारी मिलते ही रिश्तेदार और आसपास के लोग भी घर पहुंच गए। पूरे गांव में शोक का माहौल है और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

# चंदौसी चौराहे पर लाइन शिफ्टिंग कार्य के चलते आज 6 घण्टे बंद रहेगी बिजली आपूर्ति

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**संभल (सय्यद अतहर अली) ।** चंदौसी चौराहे का चौड़ीकरण व सुंदरीकरण कार्य बिजली पोल की वजह से रुका हुआ है। बुधवार को बिजली विभाग की ओर से चंदौसी चौराहे बिजली लाइन शिफ्टिंग का कार्य किया जाएगा, जिसके चलते घंटे आठ बिजली आपूर्ति बंद रहेगी। अधिशासी अभियंता रघुनाथ तित्तल ने बताया कि गुरुवार की सुबह 6:30 बजे से 12:30 बजे तक बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। इस दौरान संभल बिजली से जुड़े क्षेत्रों में मुहल्ला हल्लू सराय, बरेली सराय, दुर्गा कालोनी, सरथल चौकी, मुहल्ला जगत, सराफा बाजार, कोटगर्वी, शेर खां सराय, मुख्य बाजार, चमन सराय, चंदौसी रोड आदि स्थानों की बिजली आपूर्ति प्रभावित रहेगी। बिजली विभाग ने उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील करते हुए कहा है कि यह कार्य विद्युत व्यवस्था को अधिक सुरक्षित और व्यवस्थित बनाने के उद्देश्य से कराया जा रहा है। विभाग ने लोगों से आवश्यक कार्य पहले से निपटाने तथा बिजली बंदी के दौरान संयम बरतने का अनुरोध किया है। अधिकारियों ने भरोसा दिलाया है कि निर्धारित समय में कार्य पूरा कर आपूर्ति बहाल करने का प्रयास किया जाएगा।

# मुख्यमंत्री का बरेली दौरा, शहर को मिले 51सीएनजी कूड़ा वाहन, छह रोबोटिक नाला सफाई मशीन, पांच जेसीबी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बरेली।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को शहर की सफाई व्यवस्था को आधुनिक बनाने की दिशा में बड़ा कदम उठाया। सर्किट हाउस में 51 सीएनजी कूड़ा वाहनों, छह रोबोटिक नाला सफाई मशीनों और पांच जेसीबी को हरी झंडी दिखाकर नगर निगम को सौंपा। साथ ही सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट प्लांट को जल्द चालू कराने के निर्देश भी दिए।

**सफाई व्यवस्था को मिलेगी नई रफ्तार**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सर्किट हाउस में आयोजित कार्यक्रम के दौरान नगर निगम के लिए खरीदे गए 51 सीएनजी कूड़ा कलेक्शन वाहनों, छह रोबोटिक नाला सफाई मशीनों और पांच जेसीबी को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इन संसाधनों के शामिल होने से शहर की सफाई व्यवस्था को नई गति मिलने की उम्मीद है।

**80 वार्डों में तेज होगा डोर-टू-डोर कूड़ा उठान**

नगर निगम के अधिकारियों के मुताबिक नए सीएनजी वाहनों के संचालन से शहर के सभी 80 वार्डों में डोर-टू-डोर कूड़ा संग्रहण व्यवस्था अधिक प्रभावी होगी। घरों से एकत्रित कूड़े को डलावघर और वहां से प्रोसेसिंग केंद्र तक पर्यावरण के अनुकूल तरीके से पहुंचाया जाएगा।

**रोबोटिक मशीनों से होगी नालों की सफाई**

नगर निगम को मिली छह रोबोटिक मशीनों का इस्तेमाल बड़े नालों की सफाई में किया जाएगा। इससे सफाई कार्य तेज होने के साथ कर्मचारियों की जोखिम भरी मैनुअल सफाई पर भी काफी हद तक निर्भरता कम होगी। पांच नई जेसीबी मशीनें भी सफाई और निर्माण संबंधी कार्यों में उपयोग की जाएंगी।

**डीजल वाहनों पर घटेगी निर्भरता**




नगर निगम का कहना है कि सीएनजी आधारित वाहनों के इस्तेमाल से डीजल वाहनों पर निर्भरता कम होगी। इससे ईंधन की बचत के साथ प्रदूषण में भी कमी आएगी और शहर की स्वच्छता व्यवस्था अधिक आधुनिक और पर्यावरण अनुकूल बनेगी।

**सीएम ने की कूड़ा प्रबंधन की समीक्षा**

मुख्यमंत्री ने विकास कार्यों की समीक्षा बैठक में शहर की कूड़ा प्रबंधन व्यवस्था का भी जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों को सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट प्लांट का संचालन जल्द शुरू कराने के निर्देश दिए। यह परियोजना मुख्यमंत्री की प्राथमिकता वाली योजनाओं में शामिल है।

**सथरापुर प्लांट में शुरू हुई मशीनों की स्थापना**

शहर के कूड़ा निस्तारण के लिए सथरापुर गांव में बनाए गए सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट प्लांट पर मशीनें लगनी शुरू हो गई हैं। अधिकारियों का दावा है कि प्लांट शुरू होने के बाद शहर के कूड़े का वैज्ञानिक तरीके से निस्तारण होगा और लंबे समय से चली आ रही कूड़ा प्रबंधन की समस्या का स्थायी समाधान मिल सकेगा।

**धरना जारी** — एफआईआर में देरी पर नाराजगी, पुलिस बोली- छानबीन जारी, मुकदमा दर्ज किया जाएगा

# ई-रजिस्ट्री के विरोध में अधिवक्ताओं का धरना नौवें दिन भी जारी, रत्नेश भारती प्रकरण भी गरमाया

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**चन्दौसी।** उपनिबंधक कार्यालय परिसर में ई-रजिस्ट्री व्यवस्था के विरोध में अधिवक्ताओं, बैनामा लेखकों, स्टांप विक्रेताओं एवं अन्य संबंधित वर्गों का धरना मंगलवार को लगातार नौवें दिन भी जारी रहा। अधिवक्ताओं ने सरकार पर उनकी मांगों की अनदेखी का आरोप लगाते हुए कहा कि जब तक सकारात्मक निर्णय नहीं लिया जाता, आंदोलन जारी रहेगा।

धरने में वक्ताओं ने कहा कि ई-रजिस्ट्री व्यवस्था से अधिवक्ताओं और इससे जुड़े लोगों की आजीविका प्रभावित हो रही है, लेकिन शासन अब तक कोई ठोस निर्णय नहीं ले रहा है। इससे अधिवक्ताओं में लगातार नाराजगी बढ़ रही है।

धरने के दौरान अधिवक्ता रत्नेश भारती के साथ हुई मारपीट और छिनैती की घटना का मुद्दा भी उठा।




अधिवक्ताओं ने आरोप लगाया कि आरोपियों की गिरफ्तारी और नकदी व डायरी बरामद होने के बावजूद अब तक एफआईआर दर्ज नहीं की गई है। उन्होंने तत्काल मुकदमा दर्ज कर निष्पक्ष कार्रवाई की मांग की।

उधर, पुलिस का कहना है कि मामले की छानबीन की जा रही है और जांच के आधार पर मुकदमा दर्ज किया जाएगा। धरने की अध्यक्षता कल्याण सिंह तोमर एडवोकेट ने तथा संचालन दिलीप यादव एडवोकेट ने किया। इस दौरान बाबूलाल, बलवंत शर्मा, अमर सिंह यादव, पिंटू शर्मा, रामसेवक, छोटेलाल, मनवीर सिंह, रत्नेश भारती, सुबोध यादव, निर्देश यादव, शाकिर अली, संतोष कुमार, सतबीर सिंह सहित बड़ी संख्या में अधिवक्ता मौजूद रहे।

# अभियोजन कार्यों एवं कानून व्यवस्था के सम्बन्ध में समीक्षा बैठक

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अमरोहा (डा. महताब अमरोहवी )।** जिला मजिस्ट्रेट डॉ0 नितिन गौड़ की अध्यक्षता और पुलिस अधीक्षक लखन सिंह यादव की उपस्थित में अभियोजन कार्यों एवं कानून व्यवस्था के सम्बन्ध में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। समीक्षा के दौरान जिला मजिस्ट्रेट द्वारा समस्त अभियोजकों को अधिक से अधिक मामलों में सजा कराने, विशेष तौर पर महिलाओं से संबंधित अपराधों व पास्को एक्ट से संबंधित मामलों में शत-प्रतिशत सजा कराये जाने के लिए निर्देशित किया गया। महिलाओं से संबंधित मामलों की गंभीरता के दृष्टिगत जिम्मेदारी पूर्वक अभियोजन करते हुए अधिक से अधिक अभियुक्तों को सजा कराए जाने के लिए निर्देशित किया गया। महिलाओं के विरुद्ध अपराधों की शिकायत पर त्वरित कार्यवाही की जाए। जिला मजिस्ट्रेट ने कहा कि गंभीर धाराओं में वांछित अपराधियों को कतई बख्शा न जाए कड़ी से कड़ी सजा दिलाई जाए।इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व गरिमा सिंह, संबंधित अभियोजक, उप जिलाधिकारी सहित संबंधित उपस्थित रहे।



# दुकानों पर बिक रहे ब्रांडेड कंपनियों के नकली वायर, युवक की गिरफ्तारी से बड़ा खुलासा

**मेरठ।** टीपी नगर थाना क्षेत्र की पुलिस ने एक सूचना पर कार्रवाई करते हुए ब्रांडेड कंपनियों के नकली वायर के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। कंपनी की अधिकृत प्राइवेट डिटेक्टिव के कर्मचारी की मदद से की गई कार्रवाई में लाखों का नकली माल बरामद हुआ है। आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसे जेल भेजा जा रहा है। दिल्ली की आईपी इन्वेस्टिगेशन एंड डिटेक्टिव सर्विस के फील्ड मैनेजर ललित कुमार सोमवार को टीपी नगर थाना प्रभारी से मिले। जहां उन्होंने शिकायत करते हुए बताया की मेरठ के टीपी नगर में उनकी क्लाइंट वायर कंपनी के नकली वायर बेचे जा रहे हैं। जिस पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने आजाद फिलिंग स्टेशन के पास से एक युवक को गिरफ्तार किया। उसके पास पांच कट्टे बरामद हुए। इन कट्टों की तलाशी लेने पर उनमें भारी संख्या में गोल्ड मेडल, वी गार्ड, पॉलीकेब, क्राप्टन और एंकर कंपनी के नकली कॉपर वायर बरामद हुए। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम सरधना बड़ा गांव निवासी मोहित शर्मा बताया। मोहित ने बताया कि वह यह नकली वायर मेरठ में इलेक्ट्रिकल की दुकानों पर सप्लाई करने के लिए लाया था। कंपनी के अधिकारी ललित कुमार ने आरोपी के खिलाफ टीपी नगर थाने में मुकदमा दर्ज कराया है। थाना प्रभारी टीपी नगर ने बताया कि आरोपी यह नकली माल कहां से लाया है? इस विषय में जांच की जा रही है।

**दिल्ली की आईपी इन्वेस्टिगेशन एंड डिटेक्टिव सर्विस के फील्ड मैनेजर ललित कुमार सोमवार को टीपी नगर थाना प्रभारी से मिले। जहां उन्होंने शिकायत करते हुए बताया की मेरठ के टीपी नगर में उनकी क्लाइंट वायर कंपनी के नकली वायर बेचे जा रहे हैं**

# मथुरा के पीआरओ अनुराग चौधरी बने निरीक्षक, डीएम और एसएसपी ने लगाए स्टार

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मथुरा (मोइनुद्दीन)** । उत्तर प्रदेश मथुरा पुलिस में तैनात जनसंपर्क अधिकारी (पीआरओ) अनुराग चौधरी को उपनिरीक्षक से निरीक्षक पद पर पदोन्नत किया गया है। मंगलवार को आयोजित गरिमामय समारोह में जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्लोक कुमार ने संयुक्त रूप से उनके कंधों पर निरीक्षक पद के स्टार और बैज लगाकर नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं दीं। समारोह के दौरान अधिकारियों ने अनुराग चौधरी की कर्तव्यनिष्ठा, अनुशासन, ईमानदारी और उत्कृष्ट कार्यशैली की सराहना करते हुए विश्वास जताया कि वह नई जिम्मेदारियों का भी पूरी दक्षता और निष्ठा के साथ निर्वहन करेंगे। अधिकारियों ने कहा कि उनकी कार्यशैली पुलिस विभाग की कार्यकुशलता और जनविश्वास को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती रही है। पदोन्नति के बाद निरीक्षक अनुराग चौधरी ने वरिष्ठ अधिकारियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह सम्मान उनके लिए नई जिम्मेदारी और प्रेरणा दोनों है।

**उपनिरीक्षक से निरीक्षक पद पर पदोन्नति, उत्कृष्ट कार्यशैली और कर्तव्यनिष्ठा का मिला सम्मान**



उन्होंने भरोसा दिलाया कि आगे भी पूरी निष्ठा, निष्पक्षता और समर्पण के साथ कार्य करते हुए आमजन की समस्याओं का त्वरित एवं न्यायसंगत समाधान सुनिश्चित करने का प्रयास करेंगे।

पुलिस विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने निरीक्षक अनुराग चौधरी को पदोन्नति की शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। समारोह का माहौल उत्साहपूर्ण रहा और उपस्थित अधिकारियों ने उनके बेहतर भविष्य तथा सफल कार्यकाल की शुभकामनाएं दीं।

# 'मां और अंकल ने तकिए से मुंह दबाकर पापा को मारा', बच्चों ने किया खुलासा

**बागपत।** उत्तर प्रदेश के बागपत जिले में हुए सचिन हत्याकांड में एक और नया खुलासा हुआ है। अब हत्याकांड में मासूम बेटी और बेटा सामने आए हैं। उन्होंने मां और उसके प्रेमी को लेकर चौंकाने वाले खुलासे किए हैं। नौरोजपुर गुर्जर गांव के किसान सचिन की आठ साल की बेटी और सात साल के बेटे ने पिता की हत्या की घटना के बारे में पुलिस को बताया। उन्होंने बताया कि हमारे पापा को मम्मी और एक अंकल ने तकिए से मुंह दबाकर मारा है। जब पापा की चीख निकली तो हमारी नींद खुद गई और कमरे की खिड़की से हमने सब कुछ देखा। पुलिस ने विवेचना में उनके बयान दर्ज कर लिए हैं।

नौरोजपुर गुर्जर गांव में 12 जून की रात किसान सचिन को उसकी पत्नी रचना ने खीर में नशीली गोलियां मिलाकर खिलाई थीं। सचिन के सोने पर मर्चेंट नेवी में सेकेंड क्लास इंजीनियर अपने प्रेमी सोनू निवासी रंछाड़ को बुलाकर उसके साथ संबंध बनाए थे। सचिन के जागने पर दोनों ने तकिए से मुंह दबाने के बाद गला घोंटकर उसकी हत्या कर दी। पुलिस ने हत्यारोपी रचना और उसके प्रेमी सोनू को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया था। इस मामले में पुलिस अब बयान दर्ज कर रही है। विवेचना अधिकारी



इंस्पेक्टर बृजेश कुमार ने बताया कि इसमें सोमवार को सचिन की बेटी और बेटे के बयान दर्ज किए गए। दोनों ने बताया कि वह कमरे में सोए हुए थे। रात में उनको पापा की चीख सुनाई दी तो उनकी नींद खुल गई। कमरे में खिड़की लगी हुई है। उससे बाहर झांककर देखा तो बरामदे में चारपाई पर लेटे हुए पापा के मुंह पर मम्मी व एक अंकल ने तकिया रखा हुआ था और उस तकिए से उनका मुंह दबा रहे थे। यह देखकर दोनों डरकर कमरे में अंदर जाकर लेट गए। पुलिस अब जल्द ही आरोप पत्र न्यायालय में दाखिल करेगी।

दोनों बच्चों ने पिता सचिन की हत्या के बारे में पुलिस को बताया और रोने लगे, जिन्हें परिवार वालों ने शांत कराया। पुलिस ने बच्चों व परिवार वालों को हर संभव मदद, सुरक्षा का भरोसा दिलाया।

**यह था पूरा मामला**

उत्तर प्रदेश के बागपत जिले के नौरोजपुर गुर्जर गांव में 12 जून की रात सचिन (33) नामक व्यक्ति की उसकी पत्नी रचना और प्रेमी सोनू (निवासी रंछाड़) ने मिलकर हत्या कर दी। सूत्रों के अनुसार, रचना ने पहले अपने पति सचिन को नशीली गोलियां मिलाकर खीर खिलाई, जिससे वह गहरी नींद में सो गया। इसके बाद, उसने अपने प्रेमी सोनू को बुलाया और दोनों ने मिलकर सचिन का गला घोंटकर उसकी जान ले ली।

**पूछताछ में खुलासा और गिरफ्तारी**

घटना के संबंध में जब पुलिस ने पत्नी रचना से पूछताछ की, तो वह शुरू में कीटनाशक के छिड़काव से हुई मौत की बात पर अड़ी रही। लेकिन, जब पुलिस ने सख्ती से पूछताछ की और सीसीटीवी फुटेज पेश की, तो उसने अपना गुनाह कबूल कर लिया।

# कचरे से भरी ट्रॉली ने बाइक सवार को 100 मीटर तक घसीटा, आढ़ती की दर्दनाक मौत

**मेरठ।** मेरठ में दौराला-मसूरी मार्ग पर काली नदी पुल के पास सोमवार देर रात दर्दनाक सड़क हादसे में मवाना निवासी सब्जी आढ़ती कुलदीप सैनी (40) की मौत हो गई। कचरे से भरी एक ट्रैक्टर-ट्रॉली ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर के बाद कुलदीप और उनकी बाइक ट्रॉली में फंस गए, जिसके बाद चालक उन्हें करीब 100 मीटर तक घसीटता ले गया। हादसे में कुलदीप की मौके पर ही मौत हो गई।

टक्कर के बाद खाई में पलटी ट्रॉली, चालक फरार प्रत्यक्ष जानकारी के अनुसार, हादसे के बाद ट्रैक्टर-ट्रॉली अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खाई में पलट गई। चालक अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से फरार हो गया। सूचना मिलने पर दौराला थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव के पास मिले आधार पत्र के आधार पर मृतक की पहचान मवाना निवासी कुलदीप सैनी के रूप में की।देहरादून से



लौटते समय हुआ हादसा मृतक के चचेरे भाई राजकुमार सैनी ने बताया कि कुलदीप मवाना सब्जी मंडी में आढ़ती का काम करते थे। वह 24 जून को किसी कार्य से देहरादून गए थे। उन्होंने दौराला में अपनी मोटरसाइकिल खड़ी की थी और रेलगाड़ी से देहरादून पहुंचे थे। सोमवार रात लौटने के बाद वह मोटरसाइकिल से मवाना जा रहे थे। इसी दौरान काली नदी पुल के पास यह हादसा हो गया।

परिजनों के अनुसार, दौराला से रवाना होने से पहले कुलदीप ने अपनी पत्नी सपना को फोन कर घर पहुंचने की जानकारी दी थी। देर रात तक घर नहीं लौटने पर पत्नी लगातार उन्हें फोन करती रही, लेकिन कोई जवाब नहीं मिला। बाद में पुलिस से हादसे की सूचना मिलने पर परिवार में कोहराम मच गया।

क्षेत्राधिकारी दौराला प्रकाश चंद्र अग्रवाल ने बताया कि काली नदी पुल के पास ट्रैक्टर-ट्रॉली की टक्कर से मोटरसाइकिल सवार की मृत्यु हुई है। शव को परीक्षण के लिए भेज दिया गया है। परिजनों की तहरीर के आधार पर प्राथमिकी दर्ज की जाएगी। फरार चालक की तलाश की जा रही है।

# मथुरा मंडी के पूर्ण सहयोग से माह के अंतिम दिन बंद रही फल-सब्जी मंडी, सफाई व्यवस्था बनी मिसाल

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मथुरा (मोइनुद्दीन )।** माह के अंतिम दिन मंगलवार, 30 जून 2026 को मथुरा फल एवं सब्जी मंडी पूरी तरह बंद रही। मंडी बंदी के दौरान सभी व्यापारियों ने संगठन के आह्वान पर पूर्ण सहयोग दिया। इस अवसर पर मंडी परिसर में व्यापक स्तर पर साफ-सफाई अभियान चलाया गया, जिससे पूरी मंडी का वातावरण स्वच्छ और व्यवस्थित दिखाई दिया। व्यापारियों ने इसे मंडी की स्वच्छता और बेहतर व्यवस्था की दिशा में एक सराहनीय पहल बताया।

मंडी बंदी के दौरान मंडी सचिव रेनू वर्मा ने भी

**मंडी में व्यापारियों की एकजुटता आई नजर, एसोसिएशन पदाधिकारियों और मंडी सचिव के सहयोग से पूरे परिसर में हुई व्यापक साफ-सफाई**





हर स्तर पर सहयोग करते हुए साफ-सफाई एवं व्यवस्थाओं को सुचारु रूप से संचालित कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनके सहयोग से पूरे परिसर में सफाई कार्य प्रभावी ढंग से संपन्न हुआ, जिसकी व्यापारियों ने सराहना की। मथुरा फल एवं सब्जी मंडी एसोसिएशन के अध्यक्ष हाजी इकबाल के नेतृत्व में सभी पदाधिकारी सुबह से ही मंडी परिसर में मौजूद रहे और सफाई अभियान तथा व्यवस्थाओं की निगरानी करते रहे। अध्यक्ष हाजी इकबाल ने कहा कि स्वच्छ मंडी ही स्वस्थ व्यापार की पहचान है। उन्होंने सभी व्यापारियों का सहयोग के लिए आभार व्यक्त करते हुए भविष्य में भी इसी तरह एकजुट होकर मंडी के विकास और स्वच्छता के लिए कार्य करने का आह्वान किया। इस दौरान एसोसिएशन के उपाध्यक्ष जीतू चौधरी, महामंत्री राजेन्द्र पटेल, शाह मीडिया मो. सईद, कोषाध्यक्ष मुकेश पंडित, संगठन मंत्री आरिफ कुरैशी, उपमहामंत्री सिराज, मंत्री तसव्वुर, मीडिया प्रभारी चांद हाशमी तथा ऑडिटर मो. कामरान सहित संगठन के सभी पदाधिकारी संयुक्त रूप से उपस्थित रहे। सभी ने मंडी परिसर में साफ-सफाई, व्यवस्थाओं के निरीक्षण तथा व्यापारियों के बीच समन्वय बनाए रखने में सक्रिय भूमिका निभाई। व्यापारियों ने कहा कि मंडी की स्वच्छता, सुव्यवस्थित व्यवस्था और संगठन की एकजुटता से मंडी की सकारात्मक पहचान मजबूत होती है। सभी ने यह भी संकल्प लिया कि भविष्य में भी मंडी की स्वच्छता, अनुशासन और व्यापारिक हितों को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाएगी तथा ऐसे अभियान निरंतर जारी रहेंगे।

# जैत में पुलिस मुठभेड़ दो शातिर लुटेरे गिरफ्तार, एक के पैर में लगी गोली लूटी नकदी और दो बाइक बरामद

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मथुरा (मोइनुद्दीन )।** थाना जैत क्षेत्र में सोमवार और मंगलवार की मध्यरात्रि पुलिस व बदमाशों के बीच हुई मुठभेड़ में दो शातिर लुटेरों को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस की जवाबी फायरिंग में एक बदमाश के पैर में गोली लगी, जबकि उसके साथी को मौके से दबोच लिया गया। घायल बदमाश को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

जानकारी के अनुसार, सोमवार देर रात करीब 1:15 बजे पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि लूट की वारदातों में शामिल दो बदमाश एसकेएस यूनिवर्सिटी के पास किसी नई घटना को अंजाम देने की फिराक में मौजूद हैं। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी निरीक्षक सोनू कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर घेराबंदी कर दी।

पुलिस को देखते ही बदमाशों ने खुद को घिरता देख फायरिंग शुरू कर दी। पुलिस ने



आत्मरक्षा में जवाबी कार्रवाई की, जिसमें महोली निवासी मोहित के पैर में गोली लग गई। उसका साथी अजीत मौके से भागने का प्रयास कर रहा था, लेकिन पुलिस टीम ने उसे घेरकर गिरफ्तार कर लिया।

तलाशी के दौरान पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से दो लूटी हुई मोटरसाइकिलें, एक अवैध तमंचा, कारतूस तथा बस कंडक्टर से लूटी गई नकदी बरामद की। घायल बदमाश को पुलिस अभिरक्षा में अस्पताल भेजा गया, जबकि दूसरे आरोपी से थाने में पूछताछ की जा रही है।

**वर्जन सीओ सदर वरुण मिश्रा**

सीओ सदर वरुण मिश्रा के अनुसार, पूछताछ में दोनों आरोपियों ने थाना मगोर्रा क्षेत्र में हुई बाइक लूट और बस कंडक्टर से लूट की घटना में शामिल होने की बात स्वीकार की है। प्रारंभिक जांच में यह भी सामने आया है कि दोनों का आपराधिक नेटवर्क मथुरा के अलावा आगरा और राजस्थान तक फैला हुआ था तथा वे कई अन्य लूट की वारदातों में भी शामिल रहे हैं। पुलिस अब दोनों आरोपियों के आपराधिक इतिहास की जांच करने के साथ-साथ उनके फरार साथियों की तलाश में जुटी है। अधिकारियों का कहना है कि जल्द ही पूरे गिरोह का खुलासा कर अन्य आरोपियों को भी गिरफ्तार किया जाएगा।

# जिलाधिकारी ने ली जिला स्वास्थ्य समिति एवं संचारी रोग के संबंध में बैठक

**मेरठ।** विकास भवन सभागार में आज जिलाधिकारी डॉ. वी.के. सिंह की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति एवं संचारी रोग नियंत्रण संबंधी बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में पिछली बैठक की अनुपालन आख्या तथा स्वास्थ्य विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं एवं कार्यक्रमों की बिंदुवार समीक्षा की गई। समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि स्वास्थ्य विभाग की सभी योजनाओं का लाभ समयबद्ध एवं पारदर्शी तरीके से पात्र लाभार्थियों तक पहुंचाया जाए।

उन्होंने कहा कि जनपद के सभी सरकारी अस्पतालों में गुणवत्तापूर्ण उपचार, बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं तथा मरीजों के प्रति संवेदनशील एवं सम्मानजनक व्यवहार सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि विभागीय कार्यों में किसी भी स्तर की लापरवाही या अनियमितता स्वीकार नहीं की जाएगी।

बैठक के दौरान जनसुनवाई में प्राप्त एक



शिकायत का संज्ञान लेते हुए जिलाधिकारी ने माछरा सीएचसी क्षेत्र के ग्राम मानपुर की एक आशा कार्यकर्त्री द्वारा महिला मरीज को डिलीवरी हेतु मिलीभगत कर निजी अस्पताल में भर्ती कराने तथा कर्तव्यों में लापरवाही बरतने के प्रकरण पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की। जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में संबंधित आशा कार्यकर्त्री की सेवा समाप्त करने के निर्देश देते हुए उन्होंने कहा कि इस प्रकार की अनियमितताओं पर कठोर कार्रवाई की जाएगी तथा सभी अधिकारी नियमित रूप से स्वास्थ्य सेवाओं की प्रभावी मॉनीटरिंग सुनिश्चित करें।

जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि सीएचसी, पीएचसी एवं अन्य सरकारी अस्पतालों में साफ-सफाई, पेयजल, बैठने की समुचित व्यवस्था तथा आवश्यक दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। अस्पतालों का नियमित निरीक्षण कर स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता पर सतत निगरानी रखी जाए।

जननी सुरक्षा योजना के अंतर्गत लंबित भुगतान पर असंतोष व्यक्त करते हुए जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को तत्काल भुगतान सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि किसी भी स्वास्थ्य योजना में जनपद की प्रगति औसत से कम नहीं होनी चाहिए। सभी योजनाओं की नियमित समीक्षा करते हुए समयबद्ध लक्ष्य प्राप्त किए जाएं तथा टीकाकरण अभियान में अपेक्षित प्रगति सुनिश्चित की जाए।

इस अवसर पर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. राम प्रसाद, जिला क्षय रोग अधिकारी, जिला पंचायत राज अधिकारी वीरेन्द्र सिंह, जिला सूचना अधिकारी सुमित कुमार, जिला कार्यक्रम अधिकारी सुरेश कुमार गुप्ता, समस्त बीडीओ, समस्त बीईओ, एसीएमओ, एमओआईसी, सीडीपीओ सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

**हादसा** | हादसा थाना राया क्षेत्र में माइलस्टोन 112 और 113 के बीच सुबह करीब 3:30 बजे हुआ

# यमुना एक्सप्रेसवे पर भीषण हादसा: ट्रेलर में घुसी वॉल्वो बस, 4 की मौत 26 घायल, परिचालक चला रहा था बस

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मथुरा (मोइनुद्दीन)।** यमुना एक्सप्रेसवे पर मंगलवार तड़के एक दर्दनाक सड़क हादसे में चार लोगों की मौत हो गई, जबकि 26 यात्री घायल हो गए। हादसा थाना राया क्षेत्र में माइलस्टोन 112 और 113 के बीच सुबह करीब 3:30 बजे हुआ। लखनऊ से दिल्ली जा रही गोला बस सर्विस की प्राइवेट वॉल्वो बस (BR-28P-4723) आगे चल रहे गिट्टी से लदे ट्रेलर (RJ-47GA-8143) के पिछले हिस्से से जा टकराई। टक्कर इतनी भीषण थी कि बस का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और यात्रियों में चीख-पुकार मच गई।


सूचना मिलते ही थाना राया प्रभारी निरीक्षक कर्मवीर सिंह, थाना मांट व थाना जमुनापार पुलिस, एसडीआरएफ तथा यमुना एक्सप्रेसवे अथॉरिटी की टीम मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से राहत एवं बचाव अभियान चलाया और बस में फंसे घायलों को बाहर निकालकर एम्बुलेंस के माध्यम से विभिन्न अस्पतालों में भर्ती कराया। कई घायलों की हालत गंभीर बनी हुई है।

हादसे में बस चालक, परिचालक और दो यात्रियों सहित कुल चार लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतकों की पहचान के प्रयास जारी हैं और उनके परिजनों को सूचना दी जा रही है।

**वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्लोक कुमार वर्जन**

मथुरा के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्लोक कुमार ने बताया कि प्रारंभिक जांच और घायलों से पूछताछ में सामने आया है कि





हादसे के समय बस का नियमित चालक वाहन नहीं चला रहा था। उसकी जगह परिचालक बस चला रहा था और बस तेज गति से दौड़ रही थी। इसी दौरान आगे चल रहे ट्रेलर के निकट पहुंचने पर बस अनियंत्रित होकर उसके पिछले हिस्से से टकरा गई। दुर्घटना के वास्तविक कारणों की विस्तृत जांच कराई जा रही है। यदि जांच में किसी प्रकार की लापरवाही सामने आती है तो संबंधित लोगों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

**राहत एवं बचाव कार्य में पूरी टीम जुटी रही**

दुर्घटना के बाद यमुना एक्सप्रेसवे अथॉरिटी की ओर से सतीश चाहर, लोकेन्द्र सिंह सहित पूरी टीम मौके पर मौजूद रही। राहत एवं बचाव कार्य के दौरान घायलों को शीघ्र अस्पताल पहुंचाया गया तथा क्षतिग्रस्त बस को हटाकर एक्सप्रेसवे पर यातायात को सामान्य कराया गया।

**घायलों में ये यात्री शामिल**

घायलों में मनीष गौतम (लखनऊ), कृष्णा (गाजीपुर), ब्रज सुंदर (बलिया), जितेश (लखनऊ), अय्याश (गोरखपुर), मोईन (लखनऊ), अंकित (प्रतापगढ़), अजय (दिल्ली), अंकिता (गोरखपुर), मोहसिन खान (गाजियाबाद), अशोक शर्मा (दिल्ली), सुरेश (दिल्ली), पल्लवी (नई दिल्ली), मनीष राजवेदी (नई दिल्ली), विदास (नई दिल्ली), मनीष पांडेय (अयोध्या), पंकज श्रीवास्तव, धैर्य, प्रीति (फरीदाबाद), जयप्रकाश (दिल्ली), अनमोल (मध्य प्रदेश), रविंद्र (लखनऊ), वीरेंद्र सिंह (लखनऊ), अभिषेक (दिल्ली), इरम (लखनऊ), सुमान (लखनऊ) तथा अभिषेक (लखनऊ) शामिल हैं। सभी घायलों का विभिन्न अस्पतालों में उपचार जारी है।

# गुरु जंभेश्वर विश्वविद्यालय की स्थापना के बाद लोदीपुर धाम से अगवानपुर स्थित रिंग रोड तक कारिडोर का निर्माण की घोषणा से "योगी सरकार ने बिश्नोई समाज का "जीता दिल

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** प्रदेश सरकार ने विधानसभा चुनाव से पहले बिश्नोई समाज को अपने पक्ष में करने के लिए पूरी फील्ड जमा दी

"बुलन्द संदेश" एक्सक्लूसिव

है ' प्रदेश सरकार ने मुरादाबाद में गुरु जंभेश्वर विश्वविद्यालय की स्थापना करके बिश्नोई समाज को सबसे बड़ा तोहफा दिया था ' सोमवार को मुरादाबाद आगमन पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बिश्नोई समाज का उत्तर प्रदेश में एक मात्र धाम "गुरु जंभेश्वर बिश्नोई मंदिर लोदीपुर धाम " के विकास और कारिडोर निर्माण की घोषणा से बिश्नोई समाज का दिल जीत लिया। मुख्यमंत्री ने मंदिर को धार्मिक और सांस्कृतिक विरासत के रूप में विकसित करने की घोषणा की है। इसके तहत लोदीपुर धाम से अगवानपुर स्थित रिंग रोड तक लगभग पांच किलोमीटर लंबे कारिडोर का निर्माण कराया जाएगा। यह मार्ग 18 मीटर चौड़ा होगा और पूरे रास्ते में पर्यावरण संरक्षण का संदेश देने के लिए खेजड़ी के पेड़ लगाए जाएंगे। साथ ही तहसील से सोनकपुर पुल सह्याद्रि योजना से होते हुए लोदीपुर धाम जाने वाले रास्ते का भी विकास होगा।अखिल भारतीय बिश्नोई महासभा के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य एडवोकेट प्रदीप बिश्नोई ने मंगलवार को "बुलंद संदेश" से कहा कि मुख्यमंत्री की घोषणा से बिश्नोई समाज में खुशी की लहर है। उन्होंने बताया कि लोदीपुर धाम से अगवानपुर रिंग रोड तक बनने वाला कारिडोर श्रद्धालुओं के लिए सुगम आवागमन उपलब्ध कराएगा। वार्ड-34 के पार्षद सुरेंद्र बिश्नोई ने बताया कि तहसील से सौनकपुर, काशीराम नगर और हड्डी मिल के पीछे से होकर लोदीपुर धाम तक जाने वाले मार्ग का भी विकास




कराया जाएगा। इससे शहर के विभिन्न हिस्सों से मंदिर तक पहुंच आसान होगी। उन्होंने बताया कि मंदिर के जीर्णोद्धार का नक्शा पहले ही शासन को भेजा जा चुका है। मुख्यमंत्री की घोषणा के बाद इसके शीघ्र स्वीकृत होने की उम्मीद बढ़ गई है। मंदिर परिसर का सुंदरीकरण, श्रद्धालुओं के लिए आधुनिक सुविधाएं तथा धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने की दिशा में भी कार्य किया जाएगा।लोदीपुर धाम में प्रत्येक वर्ष चैत्र मास की अमावस्या पर तीन दिवसीय विशाल धार्मिक मेले का आयोजन होता है। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश, राजस्थान, हरियाणा, पंजाब, दिल्ली समेत कई राज्यों से हजारों श्रद्धालु पहुंचते हैं। मेले के दौरान भव्य शोभायात्रा निकाली जाती है तथा धार्मिक, सामाजिक और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। बिश्नोई समाज लंबे समय से इस ऐतिहासिक धाम को राष्ट्रीय स्तर के धार्मिक पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने की मांग कर रहा था। गुरु जंभेश्वर मंदिर लोदीपुर धाम बिश्नोई समाज का लगभग 500 वर्ष पुराना प्रमुख तीर्थस्थल है। मान्यता है कि राजस्थान से भ्रमण के दौरान गुरु जंभेश्वर भगवान अपनी परम भक्त सुरजी देवी के अस्वस्थ होने का समाचार मिलने स्वयं यहां आए थे और लगभग एक माह तक इस स्थान पर रहे। इसी दौरान उन्होंने अपनी स्मृति के रूप में परिसर में खेजड़ी का एक पौधा रोपा जो आज विशाल और हरे-भरे खेजड़ी के पेड़ के रूप में श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र बनी हुई है। यहां गुरु जंभेश्वर भगवान के चरण पड़ने पर उनके नाम से मंदिर की स्थापना कीगई। गुरु जंभेश्वर भगवान को प्रकृति और जीव संरक्षण का संदेश देने वाला महान संत माना जाता है, इसलिए कॉरिडोर के दोनों ओर खेजड़ी के पेड़ लगाने की योजना भी उनकी शिक्षाओं से जुड़ी मानी जा रही है। कुल मिलाकर प्रदेश सरकार ने पहले गुरु जंभेश्वर विश्वविद्यालय की स्थापना करके उसके बाद लोदीपुर धाम का विकास करने एवं कॉरिडोर निर्माण की घोषणा करके बिश्नोई समाज का दिल जीत लिया है ।

## डोमघर गांव में स्थित टू डिजाइनस फर्म में चोरी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कुन्दरकी (एम.के.भारती सैफी )।** थाना क्षेत्र के ग्राम डोमघर स्थित टू डिजाइनस फर्म में सोमवार की रात अज्ञात चोरों ने कूमल काटकर चोरी की। फर्म संचालक मौहम्मद रहीस आलम निवासी ग्राम डोमघर ने बताया कि चोर चार बड़ी मोटरों के कॉपर के तार, पार्ट्स, छत के पंखे की मोटर, एक पंखा और गिलेंडर मशीन की वायरिंग चोरी कर ले गए। चोरी की घटना की सूचना मिलने पर स्थानीय पुलिस ने पहुंचकर मौका मुआयना भी किया । फर्म स्वामी मोहम्मद रहीस आलम ने बताया कि पुलिस को फर्म में हुई चोरी की घटना सूचना स्थानीय पुलिस को दे दी गई है।

## कुन्दरकी में बदला मौसम का मिजाज, बूंदाबांदी से मिली गर्मी से राहत

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कुन्दरकी (एम.के.भारती सैफी )।** मंगलवार की सुबह नगर और क्षेत्र में मौसम ने अचानक करवट ली। सुबह होते ही आसमान में काले बादल मंडराने लगे और कुछ ही देर में रिमझिम बूंदाबांदी शुरू हो गई। बूंदाबांदी होने से लोगों को उमस भरी गर्मी से बड़ी राहत मिली। शाम तक तेज हवा चलने से तापमान में गिरावट दर्ज की गई। दिनभर चली ठंडी हवाओं ने मौसम को सुहाना बना दिया।




मौसम बदलने से बाजार और खेतों में रौनक लौट आई। लोगों ने गर्मी से राहत की सांस ली।

# मुख्यमंत्री ने की घोषणा: मुरादाबाद के" लाइनपार" का नाम अब होगा "दाऊ दयाल खन्ना नगर "

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मुरादाबाद की 'लाइनपार' जैसी उपेक्षित चार लाख से अधिक आबादी को नई पहचान दी। सोमवार को मुरादाबाद आगमन पर उन्होंने अपने गुरु महंत अवेद्यनाथ का स्मरण करते हुए कहा कि मुरादाबाद श्रीरामजन्मभूमि मुक्ति यज्ञ समिति में गुरुदेव के साथ महासचिव रहे स्वतंत्रता संग्राम सेनानी दाऊ दयाल खन्ना की जन्मस्थली है। अब लाइनपार क्षेत्र उनके नाम से 'दाऊ दयाल खन्ना नगर' के रूप में जाना जाएगा। दाऊ दयाल खन्ना स्वतंत्रता संग्राम सेनानी के साथ 1962 में कांठ से कांग्रेस के टिकट पर विधायक बने थे ' प्रदेश में कैबिनेट में स्वास्थ्य मंत्री थे । वहीं, उन्होंने श्री राम मंदिर आंदोलन में अग्रणी भूमिका निभाई।60 से अधिक मुहल्ले और नगर निगम के आठ वार्डों की चार लाख से अधिक आबादी है' राम मंदिर आंदोलन के प्रमुख रणनीतिकार थे खन्नाः स्वतंत्रता सेनानी,



Shri Dau Dayal Khanna ji
1910-1996

प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री रहे दाऊ दयाल खन्ना ने राम जन्मभूमि आंदोलन को संगठित स्वरूप देने में अहम भूमिका निभाई थी।नवंबर, 1910 में शहर के अताई स्ट्रीट में जन्मे दाऊ दयाल खन्ना युवावस्था से ही स्वतंत्रता आंदोलन से जुड़ गए। उन्होंने शहर में यूथ लीग की स्थापना की। 1930, 1940 और 1942 के सत्याग्रह आंदोलनों में सक्रिय भागीदारी निभाई। 1983 में एक कार्यक्रम के दौरान दाऊ दयाल खन्ना ने पहली बार सार्वजनिक रूप से यह प्रस्ताव रखा` कि हिंदू समाज को अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि), मथुरा (श्रीकृष्ण जन्मभूमि) और काशी (विश्वनाथ मंदिर) को वापस लेने के लिए संगठित होना चाहिए। उन्होंने इस संबंध में तत्कालीन
प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी को पत्र भी लिखा था। दाऊ दयाल खन्ना के इसी विचार को आगे बढ़ाते हुए छह-आठ अप्रैल, 1984 को मुजफ्फरनगर में एक हिंदू सम्मेलन आयोजित किया गया। इस सम्मेलन में उन्होंने आधिकारिक रूप से राम जन्मभूमि की मुक्ति का प्रस्ताव पेश किया। इसी मंच से आगे चलकर 'श्री राम जन्मभूमि मुक्ति यज्ञ समिति' का गठन हुआ, जिसके अध्यक्ष महंत अवेद्यनाथ और दाऊ दयाल खन्ना इसका महासचिव (महामंत्री) बने। नौ दिसंबर 1996 को दाऊ दयाल खन्ना देहावसान हो गया था।

# ई रजिस्ट्री के विरोध में अधिवक्ताओं का आंदोलन समाप्त: आज से विधिवत कार्य होगा शुरू

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** तहसील बार एसोसिएशन कांठ द्वारा ई-रजिस्ट्री व्यवस्था के विरोध में चल रहा आंदोलन आज महानिरीक्षक निबंधन, उत्तर प्रदेश, लखनऊ द्वारा प्रस्तावित ई-रजिस्ट्री संबंधी आदेश वापस लिए जाने के उपरांत तहसील बार एसोसिएशन ने अपना आंदोलन एवं हड़ताल समाप्त करने का निर्णय लिया है। 1 जुलाई 2026 से तहसील कांठ के समस्त अधिवक्तागण, दस्तावेज लेखक (कातिबगण), मुंशीगण, टाइपिस्टगण, स्टाम्प विक्रेतागण एवं नक्शानवीसगण पूर्व की भाँति रजिस्ट्री एवं निबंधन संबंधी समस्त कार्यों का नियमित एवं सुचारु रूप से संचालन करेंगे' यह जानकारी मंगलवार की शाम संगठन के महासचिव दीपक बिश्नोई ने दी है।




## वार मेमोरियल और संविधान वाटिका पर आधारित डाक टिकट का विमोचन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भारतीय डाक विभाग के सहयोग से रक्षा संग्रहालय और संविधान साहित्य वाटिका पर आधारित स्मारक डाक टिकट तथा विशेष आवरण का भी विमोचन किया। उन्होंने श्रीराम वाटिका, राष्ट्रीय चेतना स्मारक और मेजर ध्यानचंद भारतीय खेल पार्क को सांस्कृतिक राष्ट्रवाद और भारतीय विरासत को सशक्त बनाने वाली पहल बताते हुए कहा कि मुरादाबाद का यह मॉडल प्रदेश के अन्य नगर निकायों के लिए भी प्रेरणास्त्रोत बनेगा।वार मेमोरियल के लोकार्पण के दौरान निगम प्रशासन ने सीएम को इस संग्रहालय की विशेषताएं बताईं। नगर आयुक्त दिव्यांशु पटेल ने बताया कि संग्रहालय में जल्द ही एआई आधारित फोटो बूथ स्थापित किया जाएगा। यहां आने वाले पर्यटक एक सामान्य फोटो खिंचवाएंगे, जिसे एआई तकनीक स्वतः ही लड़ाकू विमान, मिसाइल, टैंक और अन्य सैन्य उपकरणों की आकर्षक पृष्ठभूमि में बदल देगी। युवाओं और बच्चों के लिए विशेष आकर्षण होगी। इससे संग्रहालय की आय भी बढ़ेगी, जिसका उपयोग इसके विकास और रखरखाव में किया जाएगा।

# 10 कारोबारियों को "भामाशाह पुरस्कार" से सीएम ने किया सम्मानित

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने व्यापारी कल्याण दिवस के अवसर पर सोमवार को दस कारोबारियों को भामाशाह पुरस्कार से सम्मानित किया। व्यापारी प्रशस्तिपत्र और अंगवस्त्र पाकर खुश हो गए। भामाशाह पुरस्कार देने से पहले मंडलायुक्त, डीएम एवं राज्य कर के अपर आयुक्त ग्रेड -1 ने कारोबारियों का चयन किया। इसी आधार पर चयनित प्रमुख कारोबारियों को मुख्यमंत्री ने सम्मानित किया।
सम्मान पाने वालों में सिंथेटिक स्टेपल फाइवर के निमार्ता एवं पशुपति एक्रीलान के मालिक सत्य प्रकाश गुप्ता, डिजाइनको प्राइवेट लिमिटेड के डायरेक्टर विभोर कुमार गुप्ता, आकांक्षा आटोमोबाइल के एमडी अमित कुमार गोयल, साईं उर्जा लिमिटेड के मालिक बनवारी लाल टोडी, ओम इंफ्रा लिमिटेड के प्रोजेक्ट स्टेट हेड वीरेंद्र प्रताप यादव, मेटलेक्स ट्रेडिंग कंपनी से जुड़े अमित वाधवा, सरलोक सर्विस के मालिक लोकपाल सिंह, यूवी डिजिटल के मालिक चारू गुप्ता, सर्व श्री एक्सप्रेशन के पार्टनर राहुल सिंह, प्रकाश ईंट उद्योग के पार्टनर शैलेंद्र प्रकाश शामिल है।



# कर्बला के शहीद 18 बनी हाशीम के शबीहे ताबूत नम आँखो के बीच निकले

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कुन्दरकी (एम.के.भारती सैफी ) ।** नवासा ए रसूल हजरत इमाम हुसैन और 18 बनी हाशीम के शबीहे ताबूत हाय हुसैन की सदाओं के साथ नम आँखो के बीच निकले।
नगर स्थित इमामबाड़ा हजरत अबूतालिब में मजलिस हुई। जिसमे कमर अब्बास काजमी ने मरसिया पढ़ा और मजलिस को खिताब करते हुए काशिफ अब्बास काजमी ने कहा कि रसूले करीम और अहले बैत की जिंदगी हमारे लिए नमूना ए अमल है । हजरत इमाम हुसैन और उनके जानिसारों ने तीरो और खंजरो के साय में नमाज अदा की करके दुनियां को नमाज पाबंदी से पढ़ने का पैगाम दिया ।
कर्बला में हजरत इमाम हुसैन ने इंसानियत को बचाया है । कर्बला में हजरत इमाम हुसैन और उनके जानिसारों ने इत्तेहाद के साथ कुबार्नी देकर यजीद की लाखों की फौज को हरा दिया । कर्बला में जिन के सर कटे वह जीत गए और जिन्होंने सरो को काटा वह हार गए




इसलिए कर्बला का पैगाम है कि इत्तेहाद के साथ रहो ।
कर्बला में हजरत इमाम हुसैन सहित उनके खानदान के 18 लोगो ने अपनी कुबार्नी पेश की । 18 बनी हाशीम की शहादत सुनकर आजादारो की आँखे नम हो गई । नम आँखो के बीच 18 बनी हाशीम के शबीहे ताबूत का जुलूस निकला जो कि अपनी राहों से होता हुआ नूर मेंहदी हसन के आजाखाने में पहुंच कर समाप्त हुआ । जुलूस में रजा हसनेन काजमी, रईस अब्बास रिजवी,आरिफ रजा, गुलाम मेंहदी रिजवी,शहजी अब्बास काजमी, रजा अस्करी रिजवी, साजिद रजा काजमी ने नोहा ख्वानी की ।

# प्रदेश में 1 दिन में 35 करोड़ से अधिक पौधे रोपने का" महा अभियान " 18% पर्यावरण संरक्षण वाले पौधे लगेंगे

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** प्रदेश में एक दिन में 35 करोड़ से अधिक पौधे रोपने के महाअभियान में इस बार भी किसानों की पहली पसंद सागौन और शीशम प्रजातियां बनी हुई हैं। प्रदेश की 1900 से अधिक पौधशालाओं में तैयार किए गए पौधों में सबसे बड़ा हिस्सा इमारती व औद्योगिक काष्ठ प्रजातियों का है। वहीं पर्यावरण संरक्षण के साथ किसानों की आय बढ़ाने के उद्देश्य से फलदार और पारिस्थितिकीय दृष्टि से महत्वपूर्ण पौधों को भी अभियान में प्रमुखता दी गई है।




योगी सरकार जुलाई के पहले या दूसरे हफ्ते में पौधारोपण महाभियान के तहत इस वर्ष भी एक दिन में 35 करोड़ से अधिक पौधे लगाएगी। - इसके लिए प्रदेश की 1900 से - अधिक पौधशालाओं में विभिन्न - प्रजातियों के करीब 52.44 करोड़ पौधे तैयार किए गए हैं। अभियान में सबसे अधिक 32 प्रतिशत पौधे औद्योगिक एवं इमारती लकड़ी की औद्योगिक व इमारती लकड़ी की प्रजातियों के पौधे आज भी हैं किसानों की पहली पसंद 32 प्रतिशत इमारती, 30 प्रतिशत फलदार व 18 प्रतिशत पर्यावरण संरक्षण वाले पौधे लगेंगे
। इनमें शीशम, सागौन, खैर, बांस और सेमल शामिल हैं। बेहतर आर्थिक लाभऔर बाजार में लगातार मांग के कारण सागौन और शीशम आज भी किसानों की पहली पसंद बने हुए हैं।पौधारोपण अभियान में 30प्रतिशत हिस्सा फलदार पौधों का रखा गया है। इनमें आम, जामुन, इमली, आंवला, बेल, कैथा, कटहल, अमरूद, अनार, बेर और महुआ जैसी प्रजातियां शामिल हैं। इन पौधों के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण के साथ किसानों की आय बढ़ाने पर भी जोर दिया जा रहा है।पर्यावरणीय संतुलन को मजबूत करने के लिए 18 प्रतिशत पौधे पीपल, बरगद, पाकड़, गूलर, गुलेट और चिलबिल जैसी पारिस्थितिकीय दृष्टि से महत्वपूर्ण प्रजातियों के लगाए जाएंगे। इसके अलावा सात प्रतिशत औषधीय व सुगंधित प्रजातियों के पौधे होंगे, जिनमें नीम, अर्जुन, सहजन, अशोक, जामुन और बेल प्रमुख हैं।वहीं छह प्रतिशत पौधे चारा और शोभाकार प्रजातियों के होंगे। इनमें बकेन, बबूल, सिरस, अर्रिकुली, कैसिया सेमिया, कचनार, जकरंडा, गुलमोहर और अमलतास जैसी प्रजातियां शामिल हैं।

## दहेज के लिए विवाहिता को पीटा, पति समेत आठ ससुरालियों पर केस

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बिलारी (एम.के.भारती सैफी )।** थाना क्षेत्र के ग्राम रुस्तम नगर सहसपुर निवासी विवाहिता ने पति समेत ससुराल के आठ लोगों पर दहेज के लिए मारपीट और जान से मारने की कोशिश का आरोप लगाया है।
सलमा का निकाह/शादी 26 दिसंबर 2021 को गांव मिजार्पुर बहजोई, जनपद संभल निवासी नाजिर हुसैन से हुआ था। आरोप है कि निकाह के बाद से ही पति नाजिर, सास हमसरी, जेठ राशिद, नासिर, जाकिर, जिठानी अन्नी, ननद अफसाना व ननदोई हसीन अतिरिक्त दहेज व नगदी की मांग कर रहे हैं। पीड़िता के मुताबिक 27 जून की रात रुपयों की मांग पूरी न होने पर सभी ने गाली-गलौज और लात-घूंसों से पीटा। जान से मारने की कोशिश भी की, जिससे गंभीर चोटें आईं। पिता कई बार कर्ज लेकर नगदी दे चुके हैं। पीड़िता ने थाने में शिकायत की पुलिस ने मेडिकल परीक्षण कराकर रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## वार म्यूजियम का टिकट 100 रुपये और श्रीराम वाटिका व खेल पार्क का 30 रुपये

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई')।** मुख्यमंत्री द्वारा लोकार्पण के बाद मुरादाबाद शहर को मिली नई सौगातों का लाभ अब आम लोगों को जल्द मिलने वाला है। नगर निगम ने वार म्यूजियम, श्रीराम वाटिका, मेजर ध्यानचंद भारतीय खेल पार्क के संचालन की तैयारियां शुरू कर दी हैं। इन स्थलों को व्यवस्थित ढंग से संचालित करने के लिए नगर निगम को करीब 10 दिन का समय लगेगा। इसके बाद आम लोगों के लिए प्रवेश शुरू कर दिया जाएगा।नगर निगम इन 10 दिनों में सुरक्षा व्यवस्था, टिकट काउंटर, कर्मचारियों की तैनाती, सफाई, रखरखाव और संचालन संबंधी सभी व्यवस्थाएं पूरी करेगा।नगर निगम की ओर से तय की गई प्रस्तावित टिकट दरों के अनुसार मेजर ध्यानचंद भारतीय खेल पार्क में प्रवेश शुल्क 30 रुपये, श्रीराम वाटिका में 30 रुपये और संविधान साहित्य वाटिका में 50 रुपये रखा गया है। गौतम बुद्ध वेस्ट मैनेजमेंट अवेयरनेस सेंटर का टिकट 30 रुपये होगा, जबकि हनुमान वाटिका में प्रवेश निशुल्क रहेगा। इसके अलावा ओपन शो एरिना, 5डी मोशन थिएटर, मिरर मेज, वैक्स म्यूजियम और एडवेंचर गतिविधियों जैसे लेजर गन, वीआर काम्बैट सिमुलेशन व आब्स्टेकल कोर्स के लिए अलग-अलग टिकट और कांबो पैकेज भी निर्धारित किए गए हैं। नगर आयुक्त दिव्याशुं पटेल ने बताया कि सभी तैयारियां पूरी होते ही आम जनता के लिए प्रवेश शुरू कर दिया जाएगा।

पदार्फाश

## पुलिस ने अवैध शस्त्र फैक्ट्री का पदार्फाश किया

# भारी मात्रा में देसी तमंचे और तमंचे बनाने का दीगर सामान,अधबने तमंचे बरामद कर एक अभियुक्त गिरफ्तार

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अमरोहा (डा. महताब अमरोहवी )।** जिले के थाना रजबपुर पुलिस ने अवैध शस्त्र फैक्ट्री का पदार्फाश कर के भारी मात्रा में देसी तमंचे और तमंचे बनाने का दीगर सामान,अधबने तमंचे बरामद कर के एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है तो दूसरी ओर थाना अमरोहा देहात पुलिस ने भी क्षेत्र की चार चोरियों का पदार्फाश करते हुए तीन चोरों से लगभग अठारह लाख रुपए का माल बरामद किया है।
पुलिस अधीक्षक अमरोहा लखन सिंह यादव के निर्देशन में जारी विशेष मुहिम के तहत थाना रजबपुर पुलिस द्वारा अवैध शस्त्र बनाने वाले अभियुक्त को गिरफ्तार कर कब्जे से अवैध बने एवं अर्द्धनिर्मित तमंचे, कारतूस तथा शस्त्र निर्माण में प्रयुक्त उपकरण बरामद किए गए।पुलिस सूत्रों के अनुसार 29 जून की रात्रि में थाना रजबपुर पुलिस द्वारा गश्त के दौरान मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम काला खेड़ा के पास खेत में बने एक खंडहरनुमा कमरे में दो व्यक्ति अवैध देशी तमंचे बना रहे हैं। सूचना पर तत्काल कार्रवाई करते हुए एस.ओ.जी, सर्विलांस टीम एवं थाना पुलिस टीम ने बताए गए स्थान पर दबिश दी। पुलिस को देखकर एक अभियुक्त अंधेरे एवं जंगल का लाभ उठाकर फरार हो गया, जबकि दूसरे अभियुक्त को मौके से गिरफ्तार कर लिया गया।गिरफ्तार अभियुक्त मनफूल पुत्र जबर सिंह निवासी ग्राम हैबतपुर, थाना रजबपुर, जनपद अमरोहा के कब्जे से 8 अवैध देशी तंमचे 315 बोर, 03 खोखा कारतूस 315 बोर व 4 नाल अधबनी 315 बोर तमंचा 315 बोर, 2 बाडी अधबनी 315 बोर ,तमंचा बनाने में प्रयुक्त होने वाले विभिन्न उपकरण बरामद हुए। इस संबंध में थाना रजबपुर पर मु0अ0सं0 126/2026, धारा 5/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत





कर अग्रिम वैधानिक कार्रवाई की गई।फरार अभियुक्त की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम द्वारा प्रयास किए जा रहे है।गिरफ्तार अभियुक्त मनफूल ने पूछताछ में बताया कि वह कबाड़ियों से शस्त्र निर्माण हेतु कच्चा माल एकत्र कर अवैध देशी तमंचे बनाता है। उसके द्वारा तैयार किए गए तमंचों को उसका साथी शकील पुत्र सगीर निवासी सैदपुर इम्मा,थाना नौगावां सादात, जनपद अमरोहा अपने ग्राहकों को उचित दाम पर बेचता है। दोनों आर्थिक लाभ एवं अपने शौक की पूर्ति के उद्देश्य से इस अवैध कारोबार में लिप्त हैं।उधर थाना अमरोहा देहात पुलिस द्वारा चोरी की चार घटनाओं का सफल अनावरण कर तीन शातिर चोरों को गिरफ्तार किया गया है। जिन के कब्जे से चोरी की 02 मोटरसाइकिल, 03 अवैध तमंचे, 06 जिंदा कारतूस, रूपए 1,13,310 नकद, सोने-चांदी के आभूषण एवं चोरी में प्रयुक्त उपकरण बरामद जिस की कुल अनुमानित कीमत करीब 18,00,000 रुपये ( अठारह लाख रुपए ) आंकी गई है। थाना अमरोहा देहात पर पंजीकृत चोरी के विभिन्न अभियोगों के सफल अनावरण हेतु गठित पुलिस टीम द्वारा सीसीटीवी फुटेज, स्थानीय सूचना तंत्र एवं अन्य साक्ष्यों के आधार पर प्रभावी कार्रवाई करते हुए मंगलवार को ग्राम चक वारस पुर मंदिर के पास से तीन शातिर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया।गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे से चोरी का उपरोक्त सामान बरामद हुआ है।थाना अमरोहा देहात पर पंजीकृत चोरी और नकबजनी की चार घटनाओं के अनावरण हेतु पुलिस टीम लगातार कार्य कर रही थी।

## घर लौट रहे दुकानदार पर लोहे की जंजीरों से हमला

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कुन्दरकी।** नगर के मौहल्ला करबला निवासी एक दुकानदार पर चार नकाबपोशों ने लोहे की जंजीरों से हमला कर दिया। हमले में दुकानदार का सिर कई जगह से फट गया।
पीड़ित ने थाना में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।
मौहल्ला करबला निवासी मुस्लिम पुत्र रमजानी ने बताया कि 28 जून को रात करीब 8:30 बजे वह सैफनी से अपनी दुकान बंद कर घर लौट रहा था। जलालपुर मोड़ के पास बुलबुल की मशीन के सामने मुंह पर कपड़ा बांधे चार लोगों ने उसे रोक लिया। पास में बिना नंबर की दो मोटरसाइकिल खड़ी थीं। आरोप है कि हमलावरों ने गाली-गलौज करते हुए लोहे की जंजीरों से उसके सिर पर कई वार किए, जिससे सिर फट गया। शोर सुनकर शाजिद और अन्य लोगों के आने पर हमलावर जान से मारने की धमकी देकर भाग गए।
पीड़ित का आरोप है कि कुछ दिन पहले सैफनी निवासी रिजवान पुत्र नबिया ने उसे जान से मारने की धमकी दी थी, जिसकी शिकायत थाना सैफनी जनपद रामपुर में की थी। आरोप है कि रिजवान ने ही चार लोगों को भेजकर हमला कराया है।
पुलिस ने पीड़ित का मेडिकल परीक्षण कराकर मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही हैं और मुकदमे में अग्रिम कार्यवाही शुरू कर दी है।

Email Id : Bulandsandesh@gmail.com
दैनिक बुलन्द संदेश



# शरवरी बोलीं, हर एक्टर का सपना होता है कि वह ऐसी कहानी का हिस्सा बने जो लोगों के दिलों में बस जाए

शरवरी बाघ ने अपनी हालिया रिलीज मैं वापस आऊंगा को मिल रहे अपार प्यार और समर्थन के लिए आभार व्यक्त करते हुए एक भावुक नोट लिखा। उन्होंने कहा कि हर अभिनेता का सपना होता है कि वह ऐसी कहानी का हिस्सा बने, जो दर्शकों के थिएटर से बाहर निकलने के बाद भी लंबे समय तक उनके दिलों और जेहन में बनी रहे। शरवरी बाघ ने हाल ही में अपने सोशल मीडिया पर कई तस्वीरें और क्लिप साझा किए, जिनमें फिल्म मैं वापस आऊंगा के लिए दर्शकों की प्रतिक्रियाएं, समीक्षाएं, थिएटर के दृश्य और गीत मसकारा की मेकिंग के दौरान के बिहाइंड-द-सीन्स (बीटीएस) पल शामिल थे।

पोस्ट के कैप्शन में उन्होंने लिखा, मुझे नहीं लगता कि इससे बड़ी कोई खुशी हो सकती है कि जिस चीज में आपने अपना दिल और आत्मा लगा दी हो, वह दूसरे लोगों के दिलों में भी जगह बना ले। संदेश, वीडियो, आंसू, बातचीत और प्यार... मैं यह सब देख और पढ़ रही हूं, और कई बार मेरी अपनी आंखों में भी आंसू आ जाते हैं।

उन्होंने कहा, हर अभिनेता का सपना होता है कि वह ऐसी कहानी का हिस्सा बने, जो दर्शकों के थिएटर से बाहर निकलने के बाद भी लंबे समय तक उनके साथ बनी रहे। जिस तरह आप सभी ने मैं वापस आऊंगाइ से जुड़ाव महसूस किया है, वह मेरे लिए बेहद विनम्र और भावुक करने वाला अनुभव रहा है। हमारे साथ हर भावना को महसूस करने और इस फिल्म को अपने प्यार से आगे बढ़ाने के लिए आप सभी का दिल से धन्यवाद। शरवरी के सह कलाकार वेदांग रैना ने भी पोस्ट पर टिप्पणी करते हुए लिखा, तुम इस सबकी हकदार हो, जिया। फिल्म की बात करें तो इसका निर्देशन इम्तियाज ने किया है। इस पीरियड रोमांटिक ड्रामा में नसीरूद्दीन शाह और दिलजीत दोसांझ भी प्रमुख भूमिकाओं में हैं। मैं वापस आऊंगाइ की कहानी भारत के बंटवारे की पृष्ठभूमि पर आधारित है और बिछडने, प्रेम, यादों, पलायन और स्मृतियों जैसे विषयों को सामने लाती है। फिल्म एक ऐसे प्रेम संबंध की कहानी दिखाती है, जो ऐतिहासिक उथल-पुथल के कारण प्रभावित होता है। कहानी नसीरूद्दीन शाह के किरदार के दृष्टिकोण से सुनाई गई है। यह फिल्म इम्तियाज अली और एआर रहमान की सफल जोड़ी को फिर से साथ लाती है। इसके अलावा, गीतकार इरशाद कामिल ने भी फिल्म में योगदान दिया है।

फिल्म का निर्माण एपल्ज एंटरटेनमेंट, विंडो सीट फिल्मस और मोहित चौधरी फिल्मस के बैनर तले किया गया है। यह फिल्म 12 जून को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी।

# वेलकम 2 द जंगल से टक्कर के बावजूद कॉकटेल 2 का बॉक्स ऑफिस पर जलवा बरकरार, वर्ल्डवाइड कमाई 120 करोड़ के पार

शाहिद कपूर, रश्मिका मंदाना और कृति सैनन अभिनीत रोमांटिक-ड्रामा फिल्म कॉकटेल 2 बॉक्स ऑफिस पर धूम मचा रही है। होमी अदजानिया के निर्देशन में बनी ये फिल्म बीती 19 जून को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी और महज 9 दिनों के भीतर ही इसने दुनियाभर में 120 करोड़ रुपये से अधिक की शानदार कमाई कर ली है। फिल्म ने 4.25 करोड़ रुपये कमाए, जो आठवें दिन की कमाई के बराबर ही था। अब तक भारत में कॉकटेल 2 का कुल कारोबार 78.75 करोड़ रुपये हो गया है। कॉकटेल 2 में इस बार कलाकार बिल्कुल नए हैं। हालांकि, इस फिल्म का निर्देशन होमी अदजानिया ने ही किया है।

वहीं इम्तियाज अली निर्देशित फिल्म मैं वापस आऊंगा ने रिलीज के 16वें दिन 4.25 करोड़ रुपये कमाए हैं। वहीं 15वें दिन 2.75 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया था। इस



बॉक्स ऑफिस पर अक्षय कुमार की वेलकम टू द जंगल जैसी बड़ी फिल्म की मौजूदगी के बावजूद कॉकटेल 2 का जादू बरकरार है। कड़े मुकाबले के बाद भी दर्शक इस फिल्म पर भरपूर प्यार लुटा रहे हैं, जिससे इसकी कमाई तेजी से आगे बढ़ रही है।

भारत में फिल्म ने पहले दिन 13.5 करोड़ रुपये का कारोबार किया था। ओपनिंग वीकेंड तक इसने 47.5 करोड़ रुपये का की कमाई की ली। हफ्ते के बीच में कमाई थोड़ी धीमी हुई, जो अक्सर होता है, लेकिन नौवें दिन भी फिल्म में दिलजीत दोसांझ, नसीरुद्दीन शाह, वेदांग रैना और शरवरी वाघ ने अहम किरदार निभाए हैं। फिल्म दर्शकों को पसंद आ रही है, इसका कुल कलेक्शन भी अब तक 41.80 करोड़ रुपये हो चुका है।

फिल्म ने दूसरे दिन 2.5 करोड़ का कलेक्शन किया. फिल्म ने टोटल 4.40 करोड़ का कलेक्शन किया.

फिल्म में गिप्पी ग्रेवाल और सरगुन मेहता जैसे स्टार्स हैं. ये सक्सेसफुल फ्रेंचाइजी कैरी ऑन जट्टा का चौथा पार्ट है. फिल्म ने दूसरे दिन 2.5 करोड़ का कलेक्शन किया. फिल्म ने टोटल 4.40 करोड़ का कलेक्शन किया. फिल्म में गिप्पी ग्रेवाल और सरगुन मेहता जैसे स्टार्स हैं. ये सक्सेसफुल फ्रेंचाइजी कैरी ऑन जट्टा का चौथा पार्ट है।

# सुपर सुब्बू में ह्यूमर और सच्ची मानवीय भावनाओं का बेहतरीन संतुलन है : मिथिला पालकर

अभिनेत्री मिथिला पालकर अपनी आगामी स्ट्रीमिंग सीरीज सुपर सुब्बू की रिलीज की तैयारी में हैं। अभिनेत्री का कहना है कि इस सीरीज में उनका किरदार हास्य और वास्तविक मानवीय भावनाओं के बीच बेहतरीन संतुलन स्थापित करता है। सीरीज का ट्रेलर जारी किया गया। इसमें सुंदीप किशन और मुरली शर्मा भी अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे। कहानी सुब्रमण्यम सुब्बूइ चिल्लुकुरी राव के इर्द-गिर्द घूमती है, जिसकी पोस्टिंग काल्पनिक गांव माकीपुर में होती है, जहां कोई भी शिक्षक जाना नहीं चाहता। सुब्बू अपने परिवार के सामने सम्मान बनाए रखने के इरादे से गांव पहुंचता है और पढ़ाने के लिए तैयार रहता है, लेकिन उसे गांव में सबसे असहज जिम्मेदारी यानी सेक्स एजुकेशन



पढ़ाने का काम सौंप दिया जाता है।

सीरीज में अपने किरदार को लेकर मिथिला पालकर ने कहा, मुझे सुपर सुब्बूइ की ओर सबसे ज्यादा आकर्षित करने वाली बात यह थी कि यह हास्य के साथ-साथ वास्तविक मानवीय भावनाओं को भी खूबसूरती से प्रस्तुत करती है। तमाम अफरा-तफरी, जिज्ञासा और हंसी-मजाक के पीछे रिश्तों, स्वीकार्यता और एक-दूसरे को बेहतर ढंग से समझने की कहानी छिपी हुई है। निर्देशक मल्लिक राम ने जो दुनिया रची है, वह अनोखी, जीवंत और ऊर्जा से भरपूर है। इस यात्रा में हर किरदार कुछ यादगार लेकर आता है। उन्होंने आगे कहा, ऐसी कहानी का हिस्सा बनना जो मनोरंजक होने के साथ-साथ सार्थक भी हो, मेरे लिए बेहद रोमांचक अनुभव रहा। नेटफ्लिक्स के साथ काम करना हमेशा घर वापसी जैसा महसूस होता है। मैं उनके शुरूआती ओरिजिनल शो लिटल थिंग्स का हिस्सा रही हूं और अब उनकी पहली तेलुगु ओरिजिनल सीरीज सुपर सुब्बूइ से जुडना ऐसा लगता है जैसे यह सफर पूरा चक्र पूरा कर चुका हो। मैं दुनिया भर के दर्शकों के माकीपुर के आकर्षण को देखने के लिए उत्साहित हूं। वहीं अभिनेता सुंदीप किशन ने कहा, सुपर सुब्बूइ एक ऐसे विषय को उठाती है, जिस पर लोग अक्सर खुलकर बात करने से झिझकते हैं। लेकिन यह इसे हास्य, गर्मजोशी और ईमानदारी के साथ पेश करती है। सुब्बू एक ऐसा व्यक्ति है जो एक समस्या सुलझाने निकलता है और अनजाने में पांच नई समस्याओं में फंस जाता है। नौकरी की परेशानियों, रिश्तों की उलझनों, पिता के सामने अपनी छवि बचाने की कोशिश और गांव वालों को नाराज कर देने जैसी स्थितियों के बीच वह लगातार मुश्किलों में घिरा रहता है। उसकी सबसे खास बात यह है कि उसकी नीयत हमेशा अच्छी रहती है, भले ही हालात उसके नियंत्रण से बाहर क्यों न हो जाएं। उन्होंने कहा, माकीपुर अजीबोगरीब लेकिन दिलचस्प किरदारों से भरा हुआ है और हर गलतफहमी कहानी में नया हास्य और नया बवाल जोड़ती है। दर्शक लगातार यह सोचते रहेंगे कि सुब्बू अब इस स्थिति से कैसे निकलेगा। इतनी शानदार स्टारकास्ट के साथ काम करना और नेटफ्लिक्स की पहली तेलुगु ओरिजिनल सीरीज का हिस्सा बनना मेरे लिए बेहद खास अनुभव रहा।

# रसोई के लिए दोबारा लोकप्रिय हो रहे हैं लकड़ी के उपकरण, जानिए कारण

लकड़ी के रसोई उपकरण लंबे समय से हमारे घरों का हिस्सा रहे हैं। हालांकि, पिछले कुछ वर्षों में प्लास्टिक और स्टेनलेस स्टील जैसी नई सामग्रियों ने बाजार में जगह बना ली। अब एक बार फिर से लकड़ी के उपकरणों की मांग बढ़ रही है। इसके पीछे कई कारण हैं, जैसे पर्यावरण के प्रति जागरूकता और सेहत से जुड़ी चिंताएं। आइए जानते हैं कि लकड़ी के रसोई उपकरण क्यों और कैसे फिर



से लोकप्रिय हो रहे हैं।

### पर्यावरण के अनुकूल विकल्प

आजकल लोग पर्यावरण के प्रति ज्यादा जागरूक हो गए हैं और वे ऐसे उत्पादों को प्राथमिकता दे रहे हैं, जो पर्यावरण के अनुकूल हों। लकड़ी के रसोई उपकरण पर्यावरण के लिए बेहतर होते हैं, क्योंकि ये नवीकरणीय संसाधनों से बनते हैं और इनका कचरा कम होता है। इसके विपरीत प्लास्टिक और स्टेनलेस स्टील के उपकरण पर्यावरण के लिए नुकसानदायक होते हैं और इनका कचरा लंबे समय तक धरती पर बना रहता है।

### सेहत के लिए सुरक्षित

लकड़ी के रसोई उपकरण सेहत के लिए भी सुरक्षित माने जाते हैं। प्लास्टिक उपकरणों में अक्सर हानिकारक रसायन होते हैं, जो खाने-पीने की चीजों में मिल सकते हैं। स्टेनलेस स्टील के उपकरणों में भी कभी-कभी धातु के कण मिल सकते हैं, जो सेहत के लिए खराब हो सकते हैं। लकड़ी के उपकरण प्राकृतिक होते हैं और इनमें किसी प्रकार के रसायन का उपयोग नहीं किया जाता, जिससे ये सेहत के लिए सुरक्षित होते हैं।

### टिकाऊ और मजबूत

लकड़ी के रसोई उपकरण टिकाऊ और मजबूत होते हैं। सही देखभाल करने पर ये कई वर्षों तक चलते रहते हैं। लकड़ी की बनावट इसे मजबूत बनाती है, जिससे ये टूटते-फूटते नहीं हैं। इनके रखरखाव में भी कोई खास परेशानी नहीं होती। इन्हें साबुन और पानी से साफ किया जा सकता है और समय-समय पर तेल लगाने से इनकी चमक बनी रहती है। लकड़ी के उपकरणों की मजबूती और टिकाऊपन इन्हें एक बेहतरीन विकल्प बनाती है।

### पारंपरिक अहसास

लकड़ी के रसोई उपकरण पारंपरिक एहसास प्रदान करते हैं, जो कई लोगों को पसंद आता है। इनकी बनावट और डिजाइन साधारण होते हुए भी आकर्षक लगते हैं। ये आपके रसोईघर को एक गर्माहट और आरामदायक अहसास देते हैं। इसके अलावा लकड़ी के उपकरणों का उपयोग करने से खाना बनाते समय हाथों पर अच्छा अनुभव होता है। लकड़ी की गर्मी और स्थिरता खाना बनाने की प्रक्रिया को सुखद बनाती है।

### अलग-अलग प्रकार में उपलब्ध

आजकल बाजार में कई प्रकार के लकड़ी के रसोई उपकरण उपलब्ध हैं, जिनमें चमच, चाकू और कटोरे आदि शामिल हैं। आप अपनी जरूरत के अनुसार इनकी खरीदारी कर सकते हैं। इसके अलावा आप इन्हें अपनी पसंद के अनुसार डिजाइन करवाकर भी इस्तेमाल कर सकते हैं। इस प्रकार लकड़ी के रसोई उपकरण न केवल पर्यावरण के अनुकूल होते हैं, बल्कि सेहत के लिए भी सुरक्षित होते हैं। इनकी मजबूती और पारंपरिक एहसास इन्हें एक बेहतरीन विकल्प बनाते हैं।

# कपड़ों की उम्र बढ़ाने में मदद कर सकती हैं ये आदतें, आज से ही अपनाएं

कपड़े रोजाना पहनने और धोने से खराब हो सकते हैं। ऐसे में कपड़ों को लंबे समय तक ठीक रखने के लिए कुछ अच्छी आदतें अपनानी जरूरी हैं। कपड़ों को धोने से लेकर उन्हें स्टोर करने तक के तरीके में थोड़ी-सी सावधानी बरतने से कपड़ों की उम्र बढ़ाई जा सकती है। आइए आज हम आपको कुछ ऐसी आदतों के बारे में बताते हैं, जो आपके कपड़ों की उम्र को बढ़ाने में मदद कर सकती हैं।



### ठंडे पानी का करें इस्तेमाल

गर्म पानी का इस्तेमाल करके कपड़े धोने से उनमें लगे दाग-धब्बे अच्छे से साफ हो जाते हैं, लेकिन इससे कपड़े जल्दी खराब भी हो सकते हैं। गर्म पानी के कारण कपड़े जल्दी ढीले हो जाते हैं और उनका रंग भी फीका पड़ सकता है। इसलिए, कपड़े धोते समय ठंडे पानी का इस्तेमाल करें। इससे कपड़ों में लगे दाग-धब्बे भी अच्छे से साफ हो जाएंगे और कपड़े भी लंबे समय तक ठीक रहेंगे।

### ज्यादा साबुन का न करें इस्तेमाल

कपड़े धोने के लिए ज्यादा साबुन का इस्तेमाल करना भी गलत है। इससे कपड़ों की गुणवत्ता पर बुरा असर पड़ता है। दरअसल, ज्यादा साबुन के कारण कपड़े रूखे हो जाते हैं और उनकी चमक भी चली जाती है। इसके अलावा ज्यादा साबुन से कपड़ों की नाजुकता पर भी असर पड़ता है। इसलिए, हमेशा साबुन का इस्तेमाल करते समय उसकी मात्रा का ध्यान रखें और और अच्छी गुणवत्ता वाला विकल्प ही अपनाएं।

### ज्यादा गर्मी से बचाएं

कपड़ों को सुखाने के लिए तेज हवा या तेज धूप का इस्तेमाल करने से बचें, क्योंकि इससे कपड़ों का रंग फीका पड़ सकता है और वे सिकुड़ भी सकते हैं। बेहतर होगा कि कपड़ों को प्राकृतिक तरीके से सुखाने पर जोर दें। इसके लिए आप उन्हें छांव में लटका सकते हैं या फिर किसी कोठरी में रख सकते हैं। इससे कपड़े न सिर्फ अच्छे से सूखेंगे, बल्कि उनका रंग भी बरकरार रहेगा।

### इस्त्री करते समय नमी रखें

इस्त्री करते समय कपड़ों में थोड़ी नमी बरकरार रखें। इसके लिए आप स्प्रे बोतल का इस्तेमाल कर सकते हैं या फिर गीले कपड़ों को थोड़ी देर हवा में सुखाने के बाद इस्त्री करें। इससे कपड़े आसानी से इस्त्री होंगे और उनकी चमक भी बनी रहेगी। इसके अलावा नमी से कपड़ों के धागे भी मजबूत रहते हैं, जिससे वे लंबे समय तक ठीक रहते हैं। इस तरह आप अपने कपड़ों को नए जैसा बना सकते हैं।

# महज 9 वर्ष की आयु में श्वेतिमा माधव प्रिया ने रचा विश्व कीर्तिमान

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**नई दिल्ली।** उत्तर प्रदेश के गोरखपुर जनपद के बेलीपार क्षेत्र स्थित ग्राम भस्मा की प्रतिभाशाली बाल व्यास श्वेतिमा माधव प्रिया ने मात्र 9 वर्ष की आयु में विश्व स्तर पर ऐतिहासिक उपलब्धि

**एशिया बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में दर्ज हुआ नाम, बनीं विश्व की सबसे कम आयु की अंतरराष्ट्रीय बाल भागवत कथा वाचिका**

हासिल कर भारत का गौरव बढ़ाया है। एशिया बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स ने उन्हें विश्व की सबसे कम आयु की अंतरराष्ट्रीय बाल भागवत कथा वाचिका के रूप में आधिकारिक मान्यता प्रदान करते हुए उनका नाम विश्व रिकॉर्ड में दर्ज किया है। संस्था द्वारा जारी प्रमाणपत्र के अनुसार श्वेतिमा माधव प्रिया ने अल्पायु में ही 36 श्रीमद्भागवत कथा सप्ताह तथा 100 से अधिक धार्मिक, आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजनों में कथा वाचन कर सनातन संस्कृति, भारतीय आध्यात्मिक परंपरा, नैतिक मूल्यों, मानवता और विश्व बंधुत्व का संदेश देश-विदेश तक पहुँचाया है। उनकी प्रभावशाली वाणी, शास्त्रों का गहन अध्ययन तथा ओजस्वी प्रस्तुति ने उन्हें राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर विशिष्ट पहचान दिलाई है।



श्वेतिमा माधव प्रिया, सौहार्द शिरोमणि संत डॉ. सौरभ पाण्डेय एवं देहदानी डॉ. रागिनी पाण्डेय की सुपुत्री हैं। उनकी इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर देशभर के साहित्यकारों, शिक्षाविदों, समाजसेवियों, पत्रकारों एवं विभिन्न प्रतिष्ठित संस्थाओं ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ प्रेषित की हैं।शुभकामनाएँ देने वालों में प्रख्यात उद्यमी एवं वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. बी.एल. गौड़, प्रसिद्ध समाजसेवी डॉ. इन्द्रजीत शर्मा, वर्ल्ड रिकॉर्ड होल्डर, अंतरराष्ट्रीय लेखक एवं पत्रकार-विचारक डॉ. शंभु पंवार, गीतांजलि काव्य प्रसार मंच की राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं प्रसिद्ध लेखिका, साहित्यकार डॉ. गीतांजलि नीरज अरोड़ा 'गीत', उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद के सदस्य एवं शिक्षाविद डॉ. अहसान अहमद, वर्ल्ड रिकॉर्ड होल्डर एवं लेखिका डॉ. निक्की शर्मा 'रश्मि', कथा कुंज साहित्य परिवार के संस्थापक डॉ. गोविंद गुप्ता, पाठ्यपुस्तक लेखिका एवं शिक्षाविद डॉ. निशा अग्रवाल, वर्ल्ड रिकॉर्ड होल्डर डॉ. विनय श्रीवास्तव, वरिष्ठ पत्रकार कृपाशंकर राय, वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. सत्यवीर निराला, रेव. डॉ. जितेंद्र सिंह, डॉ. टीकम सोनी सहित देशभर की अनेक प्रतिष्ठित साहित्यिक, सामाजिक एवं सांस्कृतिक संस्थाओं के प्रतिनिधि और प्रबुद्धजन शामिल हैं। श्वेतिमा माधव प्रिया की यह उपलब्धि न केवल गोरखपुर और उत्तर प्रदेश, बल्कि संपूर्ण देश के लिए गौरव का विषय मानी जा रही है। इतनी कम आयु में आध्यात्मिक क्षेत्र में स्थापित यह विश्व कीर्तिमान नई पीढ़ी के लिए प्रेरणा का स्रोत है।

# पैरा एथलीट चिराग त्यागी के बैंक खाते से हत्या के दिन व हत्या से पहले निकाले गए पौने पांच लाख रूपए

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मुरादनगर। (नासिर मंसूरी)** पैरा एथलीट चिराग त्यागी के खाते से उसकी हत्या के दिन व हत्या से पहले

**पुलिस ने हत्यारोपी यश खटीक व गगन त्यागी के खिलाफ दर्ज किया मुकदमा**

बैंक खाते से पौने पांच लाख रूपए निकाले गए थे। मृतक के पिता ने बैंक कर्मियों पर मिलीभगत का आरोप लगाते हुए मुरादनगर थाने में मुकदमा दर्ज कराया है। बता दें कि गत 30 मई को गांव बसंतपुर सैतली निवासी पैरा एथलीट चिराग त्यागी की गाजियाबाद में गोली मारकर हत्या कर दी गई थी।




पुलिस ने इस मामले में मुरादनगर निवासी यश खटीक व गगन त्यागी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। मृतक के पिता मनोज त्यागी का आरोप है कि गत 30 मई को चिराग त्यागी के खाते से तीन लाख रूपए निकाले गए, जबकि 27 मई को 25 हजार रूपए व आठ मई को पचास हजार रूपए यश खटीक ने बैंक कर्मियों की मिली भगत से निकाले। उनका कहना है कि बैंक की सीसीटीवी फुटेज कब्जे में ली जाए, ताकि सबूतों से छेड़छाड़ ना की जा सके। एसीपी मसूरी सर्किल मनोज कुमार ने बताया कि तहरीर के आधार पर यश खटीक निवासी अज्ञात व अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। यश खटीक अभी भी जेल में बंद है।

# सुरक्षित सीवर सफाई के गुर सीखेंगे स्वच्छता कर्मी, आरसीयूईएस के प्रशिक्षण कार्यक्रम में सुएज के सुरक्षा प्रोटोकॉल बने आकर्षण का केंद्र

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**लखनऊ।** स्वच्छता कर्मियों की सुरक्षा और सुरक्षित सीवर सफाई को बढ़ावा देने के उद्देश्य से रीजनल सेंटर फॉर अर्बन एंड एनवायरनमेंटल स्टडीज (RCUES), द्वारा 29 एवं 30 जून 2026 को Occupational Health and Safety (OHS) in Sanitation विषय पर दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य शहरी स्थानीय निकायों से जुड़े अधिकारियों एवं स्वच्छता कर्मियों को सुरक्षित कार्य प्रणाली, आधुनिक तकनीकों तथा कार्यस्थल सुरक्षा के प्रति जागरूक करना था।

प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत 30 जून को"Practical Demonstration on Safe Desludging (Spot, Map and Equip)"विषय पर एक विशेष तकनीकी सत्र आयोजित किया गया। इस सत्र के लिए सुएज इंडिया के हेल्थ एंड सेफ्टी ऑफिसर पंकज सिंह ने उपस्थित अधिकारियों, इंजीनियरों एवं स्वच्छता कर्मियों के समक्ष सुएज द्वारा अपनाए जा रहे अंतरराष्ट्रीय स्तर के सुरक्षा मानकों एवं प्रोटोकॉल की विस्तृत जानकारी साझा की।



अपने प्रस्तुतीकरण में पंकज सिंह ने बताया कि सुएज में 100 प्रतिशत पीपीई अनुपालन,मल्टी गैस डिटेक्टर से गैस जांच, वर्क परमिट सिस्टम, सुरक्षा प्रशिक्षण, एसओपी आधारित मैनहोल एंट्री, नो मैनुअल स्कैवेंजिंग, समर्पित सुरक्षा अधिकारी, तथा जोखिम मूल्यांकन जैसी प्रक्रियाओं का कड़ाई से पालन किया जाता है। उन्होंने यह भी बताया कि बिना सभी सुरक्षा मानकों का पालन किए किसी भी कर्मचारी को सीवर अथवा मैनहोल में प्रवेश की अनुमति नहीं दी जाती। प्रतिभागियों ने सुएज की सुरक्षा व्यवस्था और व्यावहारिक अनुभवों में विशेष रुचि दिखाई तथा सुरक्षित सीवर संचालन के संबंध में अनेक तकनीकी जानकारियाँ प्राप्त कीं। कार्यक्रम के दौरान विशेषज्ञों ने इस बात पर भी बल दिया कि आधुनिक तकनीक, नियमित प्रशिक्षण और सुरक्षा नियमों का सख्ती से पालन ही स्वच्छता कर्मियों के जीवन की सुरक्षा सुनिश्चित कर सकता है। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम सुरक्षित स्वच्छता प्रबंधन को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल माना जा रहा है, जिससे शहरी क्षेत्रों में कार्यरत स्वच्छता कर्मियों की क्षमता बढ़ेगी और सीवर सफाई कार्य को अधिक सुरक्षित एवं प्रभावी बनाया जा सकेगा।

# 2 लाख के इनामी कॉन्ट्रैक्ट किलर समेत दो वांछित बदमाश गिरफ्तार, पुलिस मुठभेड़ में एक घायल

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**नई दिल्ली ( अनिता)।** दक्षिण-पश्चिमी दिल्ली के नजफगढ़ थाना पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए ?2 लाख के इनामी कॉन्ट्रैक्ट किलर समेत दो वांछित अपराधियों को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई अपराधियों की धरपकड़ के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत की गई। दोनों आरोपी लंबे समय से पुलिस की गिरफ्त से बाहर थे और कई गंभीर आपराधिक मामलों में वांछित बताए जा रहे थे।

पुलिस के अनुसार, पूछताछ के दौरान आरोपियों की निशानदेही पर छिपाकर रखे गए हथियार की बरामदगी के लिए पुलिस टीम मौके पर पहुंची। इसी दौरान एक आरोपी ने अचानक



अवैध पिस्तौल निकालकर पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी। पुलिस ने कानूनी आत्मरक्षा में जवाबी कार्रवाई की, जिसमें आरोपी घायल हो गया। इसके बाद पुलिस ने उसे सुरक्षित कब्जे में लेकर उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया। कार्रवाई के दौरान पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से एक अवैध पिस्तौल, एक मैगजीन, चार जीवित कारतूस तथा तीन खाली कारतूस बरामद किए हैं। बरामद हथियार को फॉरेंसिक जांच के लिए भेजा गया है ताकि यह पता लगाया जा सके कि उसका इस्तेमाल किन-किन वारदातों में किया गया था। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि गिरफ्तार दोनों आरोपियों से गहन पूछताछ की जा रही है। पूछताछ के आधार पर उनके आपराधिक नेटवर्क, सहयोगियों तथा अन्य मामलों में संभावित संलिप्तता की जांच की जा रही है। इस कार्रवाई को दिल्ली में संगठित अपराध के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान की महत्वपूर्ण सफलता माना जा रहा है।

# टी20 वर्ल्ड कप हार के बाद अंजुम चोपड़ा ने चयन और रणनीति पर जताई आपत्ति, हरमनप्रीत का किया बचाव

**नई दिल्ली ।** महिला टी20 विश्व कप 2026 में भारतीय टीम का सफर समाप्त हो गया है। रविवार को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मिली हार के साथ टीम टूनार्मेंट से ग्रुप स्टेज में ही बाहर हो गई। भारत की पूर्व कप्तान अंजुम चोपड़ा ने टीम के कई फैसलों पर सवाल उठाए हैं। हालांकि, उन्होंने कप्तान हरमनप्रीत कौर का बचाव किया है।

अंजुम चोपड़ा के अनुसार, ऑस्ट्रेलिया टीम के बल्लेबाजी क्रम को देखते हुए नॉकआउट मुकाबले में 170 रनों का स्कोर काफी नहीं था। अंजुम ने जियोस्टार संग बात करते हुए कहा, सबसे पहले, बोर्ड पर रन काफी नहीं थे। 170 एक अच्छा टोटल है, लेकिन ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ असल में वर्ल्ड कप नॉकआउट में यह थोड़ा कम था। फिर आपको शुरूआत में विकेट चटकाकर इस स्कोर का बचाव करना होता है। ऑस्ट्रेलिया जैसी टीम के खिलाफ एक या दो विकेट से काम नहीं चलता। ऑस्ट्रेलिया जैसी टीम को रोकने के लिए आपको अतिरिक्त रन बनाने होते हैं, ताकि आपके गेंदबाज को कुछ सहारा मिल सके।

भारत की पूर्व कप्तान ने ऋचा घोष को देरी से भेजने को लेकर भी सवाल उठाए। उन्होंने कहा, इसके साथ ही मुझे लगा कि ऋचा घोष को 17वें ओवर तक भेज देना चाहिए था। ऋचा को एक ओवर देर से भेजने से आपको फिनिशिंग किक नहीं मिली। वहीं, पांचवीं गेंदबाज की समस्या हमेशा की तरह इस बार भी टीम के लिए एक इश्यू बना रहा। मैच के नतीजे पर बात करते हुए अंजुम ने भारतीय बल्लेबाजी क्रम में निरंतरता की कमी की ओर इशारा किया। उन्होंने कहा कि लगातार फेरबदल ने खिलाड़ियों को तय रोल में सेट नहीं होने



दिया। अंजुम ने कहा, अगर यास्तिका भाटिया आपकी नंबर 3 बैटर थीं, तो उन्होंने इस मैच में उस पोजीशन पर बैटिंग क्यों नहीं की? अगर जेमिमा रोड्रिग्स इंग्लैंड सीरीज में नंबर 3 पर खेल रही थीं, तो उन्होंने वर्ल्ड कप में ऐसा क्यों नहीं किया? मेरा निजी तौर पर मानना है कि हरमनप्रीत को नंबर 3 पर बैटिंग करनी चाहिए और नंबर 4 पर आपके पास एक ऐसी बल्लेबाज होनी चाहिए जो मैच पर सकारात्मक असर डाल सके, और वह हैं ऋचा घोष।

उन्होंने कहा, बांग्लादेश वाले मैच के अलावा, ऋचा ने पूरे टूनार्मेंट में नंबर 4 पर बल्लेबाजी नहीं की। गेंदबाजी भारतीय टीम की सबसे बड़ी ताकत नहीं है, यह बात हर कोई जानता है, यहां तक कि विरोधी टीम भी जानती है। इसी वजह से अगर बैटिंग भारत की ताकत है, तो उन्हें वह असर डालने दें जिसकी आपको जरूरत है और उम्मीद करें कि गेंदबाजी बाकी काम कर दे। ऑस्ट्रेलिया एक अच्छी टीम है और उनके खिलाफ सात प्रति ओवर से रन बनाने से आप मैच नहीं जीतेंगे, आपको 9 पर जाना होगा।

हालांकि, अंजुम ने हरमनप्रीत का बचाव किया। उन्होंने कहा, मुझे अब भी लगता है कि वह भारत को लीड करने के लिए हरमनप्रीत सबसे अच्छी कप्तान हैं। मुझे नहीं लगता कि इस समय कोई और खिलाड़ी कप्तानी के लिए तैयार है। अगर हम कप्तानी से लेकर बल्लेबाजी और गेंदबाजी तक, काम करने के एरिया के बारे में बात करना शुरू करें, तो यह होमवर्क की एक लंबी लिस्ट होगी। सबसे अहम फोकस एरिया टी20 फॉर्मेट के लिए जरूरी अप्रोच होना चाहिए। हम इसे महिला प्रीमियर लीग में ही पूरी तरह से देखते हैं।

उन्होंने आगे कहा, जैसे ही वे भारतीय टीम में वापस आते हैं, वे अपनी भूमिका में पूरी तरह ढल जाते हैं और पूरी ऊर्जा के साथ खेलते हैं। अगर 200 रन नहीं तो कम से कम 180 रन तक पहुंचना चाहिए। उस लक्ष्य तक पहुंचने के लिए खिलाड़ियों को खुद पर भरोसा रखना होगा।

# पुराने विवाद को लेकर घर में घुसकर मारपीट

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**रबूपुरा।** कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत गांव नगला भटोना में पुराने विवाद



को लेकर पीड़ित के साथ घर में घुसकर मारपीट और जान से मारने की धमकी देने का मामला प्रकाश में आया है। गांव नगला भटोना निवासी सुमित पुत्र सुखपाल ने पुलिस को दी लिखित शिकायत में बताया कि। दो दिन पूर्व वह रात्रि में 10 बजे अपने परिवार के साथ घर के अन्दर बैठा हुए था। तभी गांव निवासी चार लोग उसके घर में घुस आए। और पुराने विवाद को लेकर गाली गलौज करने लगे। विरोध करने पर और पीड़ित और उसके पिता सुखपाल सिंह के साथ जमकर मारपीट की । आसपास के लोगों को आता देख आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। पीड़ित ने मामले की शिकायत कोतवाली में दी है।

# 5वीं जयपुरिया एनुअल रिफ्रेशर ट्रेनिंग 2026 में 400 से ज्यादा शिक्षकों को सशक्त बनाया गया

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**लखनऊ ।** सेठ आनंदराम जयपुरिया ग्रुप ऑफ स्कूल्स ने आज लखनऊ में री-स्किलिंग - अप-स्किलिंगः जयपुरिया एनुअल रिफ्रेशर ट्रेनिंग 2026 का 5वां संस्करण आयोजित किया।

"सेफगार्डिंग, सेंसिटिविटी और स्कैफोल्डिंग" – सीखने, भलाई और विकास के लिए छात्र-केंद्रित दृष्टिकोण" थीम पर आधारित यह कार्यक्रम लखनऊ



के शहीद पथ स्थित सेठ आनंदराम जयपुरिया स्कूल के कैंपस में आयोजित किया गया।

इसकी शुरूआत एक उद्घाटन समारोह के साथ हुई, जिसमें मुख्य अतिथि सुश्री त्वरा मिश्रा (क्क्र और जॉइंट कमिश्नर ऑफ इनकम टैक्स, जो सेठ आनंदराम जयपुरिया स्कूल, कानपुर की पूर्व छात्रा भी हैं) और गेस्ट ऑफ ऑनर श्री यश जयपुरिया (डायरेक्टर, जयपुरिया ग्रुप ऑफ एजुकेशनल इंस्टीट्यूशंस) शामिल हुए।

सेठ आनंदराम जयपुरिया स्कूल्स पार्टनर नेटवर्क के 400 से ज्यादा टीचर और प्रिंसिपल ने इस रिफ्रेशर ट्रेनिंग में हिस्सा लिया और 21वीं सदी के क्लासरूम के हिसाब से खुद को तैयार रखने के लिए जरूरी स्किल्स सीखीं। वहाँ मौजूद लोगों को संबोधित करते हुए सुश्री त्वरा मिश्रा ने कहा, "मैं आयोजकों को बधाई देती हूँ कि उन्होंने टीचरों के एक साथ आने, एक कम्युनिटी बनाने, जरूरी चीजों पर काम करने और खुद को नए सिरे से तैयार करने के लिए ऐसा प्रोग्राम आयोजित किया। मुझे लगता है कि खासकर अकके दौर में, टीचर का एक रोल मॉडल होना बहुत जरूरी है।"

अपने संबोधन में श्री यश जयपुरिया ने कहा, "हमारा मानना है कि जयपुरिया नेटवर्क के हर स्कूल को सबसे अच्छा एकेडमिक सपोर्ट मिलना चाहिए। आपकी सफलता ही हमारी सफलता है। इसीलिए हम रेगुलर ट्रेनिंग, एकेडमिक गाइडेंस, क्लासरूम सपोर्ट और लीडरशिप डेवलपमेंट के जरिए अपने पार्टनर स्कूलों के साथ मिलकर काम करते हैं।" री-स्किलिंग - अप-स्किलिंगः 5वीं जयपुरिया एनुअल रिफ्रेशर ट्रेनिंग 2026 में "POCSO" जैसे विषयों, 2026 में उइरए द्वारा किए गए सुधारों और स्कूल लीडर के विजन के बारे में विस्तार से जानकारी देने वाले सेशन शामिल थे।

इस प्रोग्राम के बारे में बात करते हुए, पार्टनर स्कूलों के सीनियर VP, श्री तरुण चावला ने कहा, मेरा पक्का मानना है कि शिक्षक शिक्षा की नींव होते हैं और हमारी कोशिश हमेशा यही रहती है कि हमारे पार्टनर स्कूल नेटवर्क में सभी शिक्षकों की लगातार लर्निंग और प्रोफेशनल डेवलपमेंट होती रहे। इस रिफ्रेशर ट्रेनिंग में शिक्षकों को खास विषयों की ट्रेनिंग भी दी गई, ताकि वे पुरानी सोच को छोड़कर क्लासरूम को देखने का नया नजरिया अपना सकें। इस इवेंट का मुख्य आकर्षण रळळअफ अवॉर्ड्स थे। रळळअफ टीचर अवॉर्ड्स कैटेगरी में, वाराणसी के सेठ आनंदराम जयपुरिया स्कूल की मुस्कान जायसवाल ने पहला स्थान हासिल किया, जबकि देवरिया स्कूल की नेहा यादव और न्यू जाजमऊ स्कूल की अनमता फारूकी को क्रमशः दूसरा और तीसरा स्थान मिला। बेस्ट प्रिंसिपल का अवॉर्ड वाराणसी स्कूल के श्री धर्मेंद्र मेनन को मिला। विजनरी लीडरशिप अवॉर्ड न्यू जाजमऊ स्कूल की सुश्री कोमल दीवान को दिया गया। वाराणसी के सेठ आनंदराम जयपुरिया स्कूल ने 'बेस्ट स्कूल अवॉर्ड' जीता।

**ग्रुप के बारे में:** सेठ आनंदराम जयपुरिया ग्रुप शिक्षा के क्षेत्र में 81 सालों की विरासत वाला एक समूह है, जिसमें 27 ङ-12 स्कूल, 7 प्री-स्कूल, 2 मैनेजमेंट इंस्टीट्यूट और एक टीचर्स ट्रेनिंग अकादमी शामिल हैं। आगे बढ़ते हुए, ग्रुप ने अगले 5 सालों में पूरे भारत में 50 और ङ-12 स्कूल खोलकर टियर क्क और टियर क्क्क शहरों तक विस्तार करने की योजना शुरू कर दी है।

# ऐतिहासिक गुरुद्वारा रकाब गंज साहिब में उपराज्यपाल सरदार तरणजीत सिंह संधू ने टेका मत्था, दिल्ली की खुशहाली के लिए की अरदास

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**नई दिल्ली ( ऐजाज अली)।** राजधानी दिल्ली के उपराज्यपाल सरदार तरणजीत सिंह संधू ने मंगलवार को ऐतिहासिक गुरुद्वारा रकाब गंज साहिब पहुंचकर मत्था टेका और देश तथा राजधानी दिल्ली की शांति, सद्भाव, खुशहाली एवं समृद्धि के लिए अरदास की। इस अवसर पर उन्होंने गुरुओं का दिव्य आशीर्वाद प्राप्त किया और सभी नागरिकों के सुखद एवं समृद्ध जीवन की कामना की। उपराज्यपाल ने कहा कि गुरुद्वारा रकाब गंज साहिब उनके लिए केवल एक आस्था का केंद्र नहीं, बल्कि भावनात्मक रूप से भी अत्यंत विशेष स्थान रखता है। उन्होंने बताया कि उनके दादा सरदार तेजा



सिंह समुंद्री से जुड़ी स्मृतियों के कारण इस पवित्र स्थल से उनका गहरा आत्मीय संबंध है। उन्होंने कहा कि यहां आना हमेशा उनके लिए आध्यात्मिक ऊर्जा और आत्मिक शांति का अनुभव लेकर आता है।

दौरे के दौरान उपराज्यपाल ने श्रद्धालुओं (संगत) से आत्मीय मुलाकात की, उनका कुशलक्षेम जाना और उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर उनकी मुलाकात हजूरी रागी भाई चमन लाल से भी हुई, जिसे उन्होंने अपने लिए सौभाग्यपूर्ण और प्रेरणादायक क्षण बताया। उपराज्यपाल ने कहा कि गुरु साहिबानों की शिक्षाएं मानवता, सेवा, प्रेम और भाईचारे का संदेश देती हैं तथा समाज को एकता और सद्भाव के मार्ग पर आगे बढ़ने की प्रेरणा प्रदान करती हैं।

"फन फुटबॉल फेस्ट"

## फीफा थीम आधारित "फन फुटबॉल फेस्ट" में बच्चों एवं युवाओं ने दिखाई प्रतिभा

# प्रसिद्ध स्पोर्ट्स ब्रांड्स एडिडास, नाइकी, अंडर आर्मर, एसिक्स, न्यू बैलेंस, लाइफस्टाइल और प्यूमा ने हाल ही में दर्ज कराई है फन रिपब्लिक मॉल में अपनी उपस्थिति

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**लखनऊ।** फीफा का जश्न अगर देखना है तो लखनऊ के फन रिपब्लिक मॉल में देखिए जहाँ फीफा मैचों की स्क्रीनिंग, फीफा के हर साल के विजेता की जानकारी उनके फ्लैग द्वारा साथ ही विजेताओं के लिए ट्रॉफी भी मौजूद है। राजधानी लखनऊ में फुटबॉल प्रेमियों के लिए "फन फुटबॉल फेस्ट" का शुभारंभ रविवार को उत्साहपूर्ण माहौल में हुआ था। फीफा थीम से प्रेरित इस फुटबॉल महोत्सव का उद्घाटन अंतरराष्ट्रीय एवं राष्ट्रीय स्तर पर उत्तर प्रदेश का प्रतिनिधित्व कर चुके वरिष्ठ फुटबॉलर प्रमोद कुमार मिश्रा ने किया था। जिसके बाद से अब तक लगभग एक हजार लोग रजिस्ट्रेशन करा चुके हैं जबकि लीग मैचों की शुरूआत भी आज से हो चुकी है। आयोजकों के अनुसार इस



फुटबॉल फेस्ट में लखनऊ की 12 टीमें हिस्सा ले रही हैं। प्रतियोगी मुकाबले प्रत्येक शुक्रवार, शनिवार और रविवार को आयोजित किए जा रहे हैं। वहीं सप्ताह के अन्य दिनों में आम नागरिक और फुटबॉल प्रेमी पंजीकरण कराकर विभिन्न फुटबॉल गतिविधियों, स्किल चैलेंज और पेनल्टी शूटआउट प्रतियोगिताओं में भाग ले सकेंगे। आज अंडर 10, 12,13,14 टीमों के मैच थे। जैसे जैसे प्रतियोगिता आगे बढ़ती जाएगी। खिलाड़ी ट्रॉफी की तरफ अग्रसर होते जाएंगे खेल प्रेमियों के लिए एक और आकर्षण यह है कि फन रिपब्लिक मॉल में विश्व प्रसिद्ध स्पोर्ट्स ब्रांड्स एडिडास, नाइकी, अंडर आर्मर, एसिक्स, न्यू बैलेंस, लाइफस्टाइल और प्यूमा की उपलब्धता भी है जोकि हाल ही में मॉल के एक्सपेंशन का हिस्सा है।

मुद्रक, प्रकाशक व संपादक अब्दुल सलाम सैफी ने बुलन्द मीडिया कम्यूनिकेशन प्रा0लि0 के लिए साई प्रिंटिंग प्रेस बी-42 , सेक्टर 7 नोएडा जिला गौतमबुद्धनगर से छपवाकर 106 सूर्या कनिष्क अपार्टमेंट सैक्टर 4,वैशाली गाजियाबाद से प्रकाशित किया।
अब्दुल सलाम सैफी ( संपादक ) मो0:- 9457159115, ममदूद आलम वारसी ( उप सम्पादक ), 9910073407, *सभी विवादों का कार्य क्षेत्र न्यायालय गाजियाबाद होगा।* mail Id:- BulandSandesh@Gmail.Com WebSite:- WWW.BulandSandesh.Com RNI NO:- UPHIN/2013/57267